आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 1 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 134, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा 13

सोनाक्षी की फिल्म ककुडा का दमदार पोस्टर रिलीज 14

## मथुरा में पानी की टंकी ढही 2 की मौत, 12 लोग घायल

- डीएम-एसएसपी सहित मौके पर पहुंचे जिले के आलाधिकारी

मथुरा (उप्र), एजेंसी

मथुरा में रविवार शाम आवासीय कॉलोनी में पानी की टंकी अचानक ढह गई, जिससे कई मकान टंकी की चपेट में आ गए। टंकी के मलबे में दबे होने से दो लोगों की मौत हो गई और 12 लोग गंभीर घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घटना शाम छह बजे बीएसए डिग्री कॉलेज के पीछे उप्र आवास विकास परिषद की कॉलोनी कृष्णा विहार की है जब सामान्य बूंदाबांदी के बीच पानी की टंकी ढह गई। टंकी की चपेट में आसपास के कई मकान आ गए, जिससे उनमें रहने वाले और गली में खेल रहे बच्चे टंकी और मकानों के मलबे में दब गए। जानकारी पर पहुंचीं पुलिस और दमकलकर्मियों की टीम ने दो शव औ 12 घायलों को मलबे से निकाला है जो गंभीर हैं।

एडीएम वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय ने दो लोगों के मृत होने की पुष्टि की है। डीएम शैलेंद्र सिंह और एसएसपी शैलेष पांडेय सहित जिले के सभी आला अधिकारी मौके पर बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। 2.5 लाख लीटर पानी की टंकी का निर्माण 2021 में कराया गया था।

**1 जुलाई से लागू होने जा रहे कई नए नियम, आम आदमी की जेब होगी प्रभावित**

## आज से ये होंगे बदलाव, जिनका आप पर होगा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जुलाई का महीना आर्थिक बदलावों से भरा होता है। इस बार भी 1 जुलाई से कई नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनमें इनकम टैक्स रिटर्न, बैंकिंग नियमों में बदलाव और ईंधन कीमतों में संभावित बदलाव शामिल हैं। इसके अलावा भी जुलाई महीने में कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है। आइए जानते हैं, जुलाई में क्या–क्या बदलाव होने वाले हैं।

### पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की कीमतों में बदलाव संभव



1 जुलाई को सरकारी तेल कंपनियों की तरह से गैस सिलेंडर की नई कीमतें तय की जाएगी। बता दें कि हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर की कीमतें तय की जाती हैं। बीते महीने 19 किग्रा के कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 69 रुपये की कमी की गई थी। हालांकि, 14 .2 किग्रा वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपये ही है। वहीं, पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बदलाव हो सकता है।

### महंगे होंगे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया के रिचार्ज प्लान



मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने रिचार्ज प्लान महंगे कर दिए हैं। ये नए रिचार्ज प्लान 3 जुलाई से लागू होंगे। जियो का बेसिक प्लान 155 से बढ़ाकर 189 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह एयरटेल और वोडाफोन आइडिया भी रिचार्ज प्लान के मूल्य में 15 से 20 प्रतिशत का इजाफा कर रही हैं।

### वाहन खरीदना होगा महंगा



टाटा मोटर्स ने 1 जुलाई से अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। यह वृद्धि बढ़ती हुई सामानों की कीमतों को कवर करने के लिए की जा रही है। भारत की सबसे बड़ी वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने मार्च में भी अपने कॉमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। हीरो मोटोकॉर्प ने भी अपने चुनिंदा स्कूटर और मोटरसाइकिल मॉडल की कीमतों में 1 जुलाई से 1,500 रुपये तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है।

### क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट सिस्टम में बदलाव

1 जुलाई से ही क्रेडिट कार्ड पेमेंट से जुड़ा बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। इसके बाद कुछ पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए बिल पेमेंट में परेशानी पेश आ सकती है। इन प्लेटफॉर्म्स में क्रेड, फोनपे, बिलडेस्क जैसे कुछ फिनटेक शामिल हैं। आरबीआई के नए रेग्युलेशन के मुताबिक 1 जुलाई से सभी क्रेडिट कार्ड बिल पेमेंट भारत बिल पेमेंट सिस्टम यानी बीबीपीएस से किए जाने हैं।

### 3 साल से ट्रांजेक्शन नहीं तो पीएनबी बंद करेगा खाता

अगर आपका पीएनबी में खाता है और उसे सालों से इस्तेमाल नहीं किया है, तो 1 जुलाई से बंद हो सकता है। बैंक की ओर से कुछ समय से अलर्ट किया जा रहा है कि जिन खाते में 3 साल से कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है तो 1 जुलाई से ये बंद किए जा सकते हैं।




# अब हत्यारों को धारा 101 में होगी सजा

## ब्रिटिश काल के कानूनों का होगा खात्मा, आज से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन नए आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से देशभर में लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। तीनों नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे, जो क्रमशः भारतीय दंड संहिता (1860), आपराधिक प्रक्रिया संहिता (1898) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (1872) का स्थान लेंगे। अहम धाराओं में बदलाव हो जाएगा। मसलन, पहले किसी की हत्या करने वाला धारा 302 के तहत आरोपी बनाया जाता था। अब ऐसे अपराधियों को धारा 101 के तहत सजा मिलेगी।

बहरहाल, नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी, जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान होंगे। आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और



- ठग 420 नहीं 316 कहलाएंगे, हत्या के प्रयास में अब लगेगी धारा 109

पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय होंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को थाने आने से छूट दी जाएगी। 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर, 2023 को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर, 2023 को मंजूरी दी।

### आईपीसी में 511 धाराएं थी न्याय संहिता में 358

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए गए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई गई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

### सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता

दंड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी की जगह अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने ले ली है। सीआरपीसी की 484 धाराओं के बदले भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं हैं। नए कानून के तहत 177 प्रावधान बदले गए हैं, जबकि 9 नई धाराएं और 39 उपधाराएं जोड़ी हैं। 35 धाराओं में समय सीमा तय की गई है। वहीं, नए भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 170 प्रावधान हैं। इससे पहले 167 प्रावधान थे। अब 24 प्रावधान बदले गए हैं।

### बदलेगी आईपीसी की इन धाराओं की पहचान

| जुर्म | आईपीसी | भारतीय न्याय संहिता |
|---|---|---|
| देशद्रोह | धारा 124 | धारा 152 |
| गैर–कानूनी सभा | धारा 144 | धारा 189 |
| हत्या | धारा 302 | धारा 101 |
| हत्या का प्रयास | धारा 307 | धारा 109 |
| दुष्कर्म | धारा 376 | धारा 63 |
| मानहानि | धारा 399 | धारा 356 |
| ठगी | धारा 420 | धारा 316 |

### तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता में क्या है?




| | पुराना | नया |
|---|---|---|
| | भारतीय दण्ड संहिता, 1860 | भारतीय न्याय संहिता, 2023 |
| कुल धाराएं | 511 | 356 |
| संशोधित धाराएं | | 175 |
| नई धाराएं | | 8 |
| निरस्त धाराएं | | 22 |

## टैक्सी चालक ने मौत से पहले बनाया वीडियो बताए हत्यारों के नाम

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** जनपद में टैक्सी चालक ने मरने से पहले वीडियो बनाकर हत्यारों के नाम बताए और इसे वायरल कर दिया। युवक का शव उसी के वाहन के सहारे रस्सी से लटका मिला। राजस्व पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और बाद में रेगुलर पुलिस को सौंप दिया।

मनोज कुमार (33) निवासी भैरूचौबट्टा टैक्सी चालक था। शनिवार देर रात मनोज का शव उसी के वाहन के सहारे रस्सी से लटका मिला। पिछले दरवाजे के पास ऊपर लगेज स्टैंड से रस्सी मृतक के गले में बंधी थी और पैर जमीन पर थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मनोज की हत्या कर शव लटकाया गया है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना राजस्व पुलिस को दी। राजस्व उपनिरीक्षक जगदीश परिहार ने शव पोस्टमार्टम को भिजवाया। मनोज के भाई प्रकाश राम ने पुलिस को बताया कि उसके भाई ने मरने से पहले वीडियो बनाकर व्हाटस एप स्टेटस लगाया है। इसमें मनोज कह रहा है कि नवीन व नीरज ने उसे मारा है। उसके सिर पर कांच की बोतल फोड़ी हैं। यदि मुझे कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार नवीन व नीरज होंगे। उसने 16 सेकंड का वीडियो परिचितों को भेजा है। प्रकाश राम ने आरोप लगाया कि मनोज से नवीन व नीरज रंजिश रखते थे इसलिए उन्होंने हत्या की। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला अस्पताल में हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। एसडीएम मोनिका ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसडीएम के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार किया।



वाहन से रस्सी से लटका चालक का शव।

- बागेश्वर में वाहन के सहारे रस्सी से लटका था चालक का शव

### एक नजर

#### एनआईए ने की राजौरी में कई स्थानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** एनआईए ने रियासी आतंकी हमले में रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए से जारी बयान में कहा गया कि कार्रवाई के दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं, जिनसे आतंकियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है। नौ जून की शाम रियासी के पौनी इलाके में शिव खोड़ी से कटरा जा रही बस पर आतंकी हमले से बस के खाई में गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई थी।

#### बिभव कुमार की याचिका पर आज आएगा फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार की उस याचिका की विचारणीयता पर सोमवार को फैसला सुनाएगा, जिसमें उसने आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर कथित मारपीट में गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने 31 मई को कुमार और पुलिस के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

## लोस चुनाव में लोगों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में दोहराया विश्वास

नई दिल्ली, एजेंसी



- तीसरे कार्यकाल के पहले 'मन की बात' में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- चीयर 4 हैशटैग से बढ़ाएं ओलंपिक में अपने खिलाड़ियों का उत्साह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश की कमान संभालने के बाद अपने पहले 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम में रविवार को कहा कि लोगों ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव में देश के संविधान और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने लोगों को धन्यवाद दिया और निर्वाचन आयोग तथा इस प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दी। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के 30 मिनट के अपने संबोधन में पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फोर लोकल' और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और लोगों से उनका उत्साहवर्धन करने के लिए सोशल मीडिया पर 'चीयर 4 भारत' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया।

मोदी ने तुर्कमेनिस्तान में योग दिवस, राष्ट्रीय कवि गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाए जाने और कैरेबियाई देशों में भारतीय विरासत का जश्न मनाए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि आज दुनिया भर में भारतीय संस्कृति का गौरव गान हो रहा है, जिसकी हर देशवासी खुशी मना रहे हैं।

'वोकल फोर लोकल' कार्यक्रम का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि हमारे कई उत्पादों की दुनिया-भर में बहुत मांग है। उन्होंने कहा कि जब हम भारत के किसी स्थानीय उत्पाद को वैश्विक होते देखते हैं तो गर्व से भर जाना स्वाभाविक है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के अराकू काफी, जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा के बर्फीले मटर और अन्य सब्जियों का जिक्र किया। कहा कि जम्मू एवं कश्मीर के लोगों की समृद्धि के लिए नए द्वार खोले हैं।

### एक पेड़ मां के नाम पर

मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर इस साल आरंभ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का उल्लेख किया और कहा कि हर कोई अपनी मां के लिए पेड़ लगा रहा है। चाहे वह अमीर हो या गरीब, चाहे वह कामकाजी महिलाएं हों या घरेलू। इस अभियान ने मां के प्रति स्नेह जताने का समान अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान से अपनी मां का सम्मान तो होगा ही, साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी।

## 6 जिलों में बारिश का ओरेंज तो 3 में येलो अलर्ट

**हल्द्वानी।** राज्य में बारिश शुरू होने के साथ ही सतर्क रहने की सलाह दी गई है। सोमवार को राज्य के 6 जिलों में भारी से बहुत भारी तो 3 जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिले में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है। यहां ओरेंज अलर्ट जारी हुआ है। टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में येलो अलर्ट जारी हुआ है। हल्द्वानी के कुछ हिस्सों में मूसलधार बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री रहा और हल्द्वानी में 34.7 डिग्री दर्ज किया गया है।

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को भारतीय थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है, जो थलसेना में चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। सेना ने एक बयान में कहा कि जनरल द्विवेदी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए प्रभावी योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव एवं शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है।



- मनोज पांडे का स्थान लिया, थलसेना के 30वें प्रमुख

## समस्याओं का तहसील स्तर पर करें समाधान

- धामी ने कहा कि अधिकारी समाधान पर जोर दें, सभी जिलाधिकारी प्रतिदिन एक घंटा जन सुनवाई करें

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन में जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जिन समस्याओं का समाधान थाना, तहसील एवं जिला स्तर पर हो सकता है, उन्हें इतना नहीं लटकाया जाए कि शिकायतकर्ता शासन स्तर तक पहुंचने के लिए विवश हो जाए।

मुख्यमंत्री धामी के समक्ष बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, आर्थिक मदद व जमीनी विवाद की शिकायतें आईं। इस पर मुख्यमंत्री धामी ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं का त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से तहसील दिवस और बीडीसी बैठकों का आयोजन करवाएं। इन बैठकों में सभी वरिष्ठ अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित हों ताकि शिकायतों को लटकाया नहीं जाए। इसी के साथ ही जिलाधिकारी भी प्रतिदिन एक घंटा जन समस्याओं पर सुनवाई करें। इस दौरान गढ़वाल आईजी केएस नगन्याल, अपर सचिव संजय टोलिया, देहरादून एडीएम जयभारत सिंह आदि मौजूद थे।



मुख्य सेवक सदन में जनसमस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी • अमृत विचार

## केदारनाथ में हिमस्खलन, खाई में समाया बर्फ का गुबार

**मंदिर के पीछे चोराबाड़ी क्षेत्र की बर्फीली पहाड़ी पर हुआ हिमस्खलन**

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचारः** केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों पर रविवार सुबह फिर हिमस्खलन हुआ। इस हिमस्खलन से किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ है। चोराबाड़ी क्षेत्र की इस बर्फीली पहाड़ी पर अक्सर हिमस्खलन होते रहते हैं।

केदारनाथ धाम के पीछे की पहाड़ी पर रविवार सुबह 5.46 बजे के आस-पास हिमस्खलन हुआ। पहाड़ी पर बर्फ का गुबार उड़ता दिखाई दिया। केदारनगरी की इस पहाड़ी पर अक्सर हिमस्खलन होते रहते हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार सुबह केदारनाश मंदिर के पीछे की पहाड़ी पर हिमस्खलन हुआ था। यहां बर्फ अधिक गिरने पर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। इनसे किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता है। 8 जून को भी यहां ग्लेशियर टूटकर गिरा था। बीते वर्ष मई व जून में भी चोराबाड़ी से लगे कंपेनियन ग्लेशियर क्षेत्र में 5 बार हिमस्खलन हुआ था। रविवार को ग्लेशियर टूटने से बर्फ का गुबार उठा और फिर खाई में समा गया। मंदिर क्षेत्र में मौजूद कई यात्रियों ने इस दृश्य को मोबाइल फोन में कैद किया। पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली ने इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि हिमालय क्षेत्र में लगातार हो रही ऐसी घटनाओं पर सोचने की जरूरत है। हिमालय क्षेत्र में हो रहे निर्माण और हेली कंपनियों की अनियमित उड़ानों से ऐसी घटनाएं हो रही हैं। समय रहते हिमालय क्षेत्र को बचाने की जरूरत है।



केदारनाथ मंदिर के पीछे हुआ हिमस्खलन। • एजेंसी

## बिहार के बाद झारखंड में ढहा निर्माणाधीन पुल

- रांची से 235 किमी दूर देवरी प्रखंड में हुआ हादसा
- गिरिडीह में अरगा नदी पर बनाया जा रहा था पुल

गिरिडीह, एजेंसी

बिहार में गत 10 दिनों में 5 पुलों के गिरने के बाद अब झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई। यह पुल डुबरीटोला और करिहरी गांव को जोड़ने के लिए फतेहपुर-भेलवाघाटी मार्ग पर बनाया जा रहा है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

गिरिडीह से सड़क निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि पुल का निर्माण हो रहा है। शनिवार रात भारी बारिश से पुल का सिंगल-स्पैन गर्डर गिर गया और एक पिलर झुक गया है। ठेकेदार को उस हिस्से को दोबारा बनाने के लिए कहा गया है। हालांकि, उन्होंने पुल के निर्माण की लागत के बारे में नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि लगभग पांच करोड़ रुपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है और यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले को जोड़ेगा।

## अमृत विचार समूह के अधिवेशन में तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता के दम पर पाठकों के दिल में उतरने का लिया गया संकल्प

# राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए दिल्ली में कदम रखने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अमृत विचार समूह के वार्षिक अधिवेशन में रविवार को तथ्यपरक और सकारात्मक पत्रकारिता का संकल्प लेने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित होने के लिए जल्द देश की राजधानी दिल्ली से भी संस्करण शुरू करने पर विचार किया गया। समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने गुणवत्ता के साथ पाठकों के लिए समर्पित अखबार निकालने पर जोर दिया तो समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आगे का सफर और तेजी से तय करने की प्रतिबद्धता जताई।

रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में हुए अधिवेशन में डॉ. केशव ने कहा कि अखबार को विश्वसनीय बनाने के लिए तथ्यों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया की अहमियत कभी कम नहीं हो सकती क्योंकि अखबार एक स्थाई दस्तावेज है। अखबार जैसी विश्वसनीयता और

### वार्षिक अधिवेशन

- प्रिंट मीडिया की अहमियत बरकरार, पाठकों के फीडबैक के मुताबिक खुद को ढालें : डॉ. केशव
- प्रसार बढ़ाने के लक्ष्य तय करेंगे ब्रांडिंग की योजनाओं पर भी रहेगा फोकस : डॉ. अशोक
- आगे और तेज प्रगति की जरूरत संपादकीय विभाग निभाए प्रमुख भूमिका : शंभूदयाल वाजपेयी

उसे पढ़ने जैसा एहसास किसी डिजिटल प्लेटफार्म से हासिल नहीं हो सकता। समय की कमी की वजह से लोग डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़े तो हैं लेकिन उस पर ज्यादा भरोसा नहीं करते। उन्होंने कहा कि एक बेहतर अखबार बनने के लिए पाठकों से लगातार फीडबैक लेना और उसके अनुरूप खुद को ढालने से सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने अमृत विचार के विस्तार पर चर्चा के बीच समूह की कार्यप्रणाली को तकनीकी तौर पर दुरुस्त करने को कहा।

वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक


अमृत विचार ग्रुप के सम्मानित हुए सहयोगियों के साथ चेयरमैन एवं प्रबंध संपादक डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल व डॉ. वरुण अग्रवाल। ● अमृत विचार

अग्रवाल ने अमृत विचार के प्रसार और ब्रांडिंग की योजनाओं पर विचार करने के साथ उसे पूरी तरह त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने समूह में अलग-अलग स्तर पर समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि अमृत विचार ने कोरोना के दौर में संघर्षशील शुरुआत के बाद बहुत तेजी से विशिष्ट पहचान हासिल की है लेकिन अब और तेजी की जरूरत है। लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रसार, विज्ञापन और संपादकीय तीनों विभागों का समन्वय जरूरी है लेकिन प्रमुख भूमिका संपादकीय को ही निभानी है। उन्होंने कहा कि अमृत विचार ने जो इतिहास रचा है, उसके पीछे सहयोगियों की मेहनत तो है ही, लेकिन प्रबंधन का जज्बा भी बेमिसाल है। इसका एहसास करते हुए नए संकल्पों को आत्मसात करने की जरूरत है।

डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कहा कि अमृत विचार एक सामूहिक प्रयास है और हम लोग परिवार हैं। इसे कैसे और आगे ले जाया जाए, इसके लिए लक्ष्य तय किए जाने चाहिए। डायरेक्टर डॉ. वरुण अग्रवाल ने एकाउंट्स की तकनीकी दिक्कतों के बारे में चर्चा की और कई सुझाव रखे। समूह के कार्यकारी संपादक नवीन गुप्ता ने कहा कि संपादकीय विभाग का फोकस नई योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा। लखनऊ के विज्ञापन प्रबंधक आरपी सिंह ने कहा कि अब अगली मंजिल दिल्ली में स्थापित होने के साथ तेजी से और नए संस्करण शुरू करने की होनी चाहिए। फीचर संपादक पूजन प्रियदर्शी ने अमृत विचार के अब तक की यात्रा के बारे में बताया।

### सेवा और समर्पण को सम्मान

अमृत विचार समूह की ओर से विशिष्ट सेवाओं के लिए कई सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इनमें लखनऊ के मैनेजर मार्केटिंग आरपी सिंह, इलेक्ट्रिकल मैनेजर श्रीश चंद्र शर्मा, सिद्धार्थनगर के ब्यूरो इंचार्ज सुनील मिश्रा, कानपुर के एडिटोरियल हेड दिग्विजय सिंह, हल्द्वानी की असिस्टेंट मैनेजर रीता मटियाली, नैनीताल के स्पेशल रिपोर्टर चंदन आर्या उर्फ बबलू चंद्रा, बरेली के डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग चंदन यादव और सरिता मौर्य, चीफ अकाउंटेंट वानिया इरशाद और सर्कुलेशन विभाग के एग्जीक्यूटिव कृष्ण कुमार शर्मा शामिल थे। इन्हें चेयरमैन डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, समूह संपादक शंभूदयाल वाजपेयी, वाइस चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल, डायरेक्टर डॉ. अर्जुन अग्रवाल और डॉ. वरुण अग्रवाल ने प्रशस्तिपत्र के साथ पुरस्कार दिया।

### अधिवेशन में ये भी रहे मौजूद

अधिवेशन में बरेली से डिप्टी जनरल मैनेजर अनिरुद्ध त्यागी, सिटी इंचार्ज अनूप शर्मा, डिजिटल इंचार्ज अतीक अहमद, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग नवीन खाती, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग आशुतोष शर्मा, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, अयोध्या के एडिटोरियल हेड विवेक सक्सेना, लखनऊ के एडिटोरियल हेड अनिल त्रिगुणायत, जीएम त्रिनाथ शुक्ला, डिजिटल हेड वीरेंद्र पांडेय, डिप्टी न्यूज एडिटर ऋषिकांत यादव, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्रा, डिप्टी मैनेजर मार्केटिंग अजीत सरीन, हल्द्वानी से एडिटोरियल हेड अरविंद मलिक और सर्कुलेशन अजय सक्सेना, कानपुर से मार्केटिंग मैनेजर राजेश श्रीवास्तव, सर्कुलेशन मैनेजर जितेंद्र गुप्ता, आईटी और डिजिटल प्रभारी वैभव शुक्ला, मुरादाबाद से मार्केटिंग मैनेजर राहुल शर्मा, सर्कुलेशन मैनेजर अभयवीर गुप्ता और सिटी इंचार्ज विद्याकांत शुक्ला ने हिस्सा लिया।

# कैंचीधाम में जाम से निजात को बाईपास जरूरी

## भाजपा कार्यालय में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत


केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा को हल्द्वानी भाजपा सम्भाग कार्यालय में स्मृति चिन्ह भेंट करते जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट।


केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री अजय टम्टा का स्वागत करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति सुधारी जाएगी। जल्द ही हल्द्वानी-नैनीताल टू लेन का काम शुरू होगा।

टम्टा रविवार को कार्यभार संभालने के बाद पहली बार नैनीताल जनपद पहुंचे। यहां मुखानी स्थित भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर टम्टा ने कहा कि बजट की कमी नहीं है, प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग दुरुस्त किए जाएंगे। राज्य में टनल के माध्यम से सड़क की दूरी कम करने पर जोर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 के विजन को ध्यान में रखकर राज्यों की कनेक्टिविटी बेहतर बनाना लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कैंचीधाम में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से जाम लगातार बढ़ता जा रहा है। वह भी रविवार को जाम में फंस गए। इसके समाधान के लिए कैंचीधाम में बाईपास और टनल की जरूरत है। ज्योलीकोट, भवाली से खैरना और पांडुखाल तक सड़क जोड़कर मानसखंड प्रोजेक्ट को पूरा किया जाएगा। जल्द ही काशीपुर से रामनगर को फोरलेन से जोड़ा जाएगा।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने उन्हें केंद्रीय मंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं। साथ ही हल्द्वानी के लिए बाईपास, दिल्ली-हल्द्वानी हाईवे का काम जल्द पूरा करने की मांग की। इस पर टम्टा ने समय से काम पूरा करने का आश्वासन दिया और कहा कि दो माह बाद दो घंटे में देहरादून से दिल्ली का सफर तय हो सकेगा। इस दौरान नैनीताल विधायक सरिता आर्या, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, विकास भगत, साकेत अग्रवाल, विवेक सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### मोटर मार्गों के पुनर्निर्माण व चौड़ीकरण की मांग

**हल्द्वानी :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने केंद्रीय सड़क व परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के पुनर्निर्माण और चौड़ीकरण की मांग की। कैड़ा ने भीमताल बाईपास नहर कवरिंग, रानीबाग से भीमताल, खुटानी, धारी, धनाचूली, देवीधुरा मोटर मार्ग को फोर लेन बनाने, भीमताल झील का पुनर्निर्माण, काठगोदाम से हैड़ाखान-खनस्यूं-पतलोट अधोड़ा मिडार मोटर मार्ग के चौड़ीकरण, मौरनोला मझोला मोटर मार्ग के निर्माण की मांग की। इसके अलावा ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक के मोटर मार्गों के नवनिर्माण व चौड़ीकरण के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मद से धनराशि स्वीकृत करने की मांग की।

### भीमताल से नौकुचियाताल तक रोपवे की मांग


मंत्री को बाबा नीब किरौरी की फोटो भेंट करते पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी।

**भीमताल :** केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा रविवार को भीमताल पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर लोगों ने केंद्रीय राज्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा। स्वागत करने वालों में विधायक सरिता आर्या, विधायक राम सिंह कैड़ा, मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, प्रदेश महामंत्री भावना महरा, प्रकाश आर्या, अनिल चनौतिया, अखिलेश सेमवाल मौजूद रहे। इधर, भाजपा पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी ने भीमताल से नौकुचियाताल तक रोपवे निर्माण के संबंध में ज्ञापन सौंपा। कहा कि रोपवे निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही जाम से निजात मिलेगी। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री को बाबा नीब करौरी महाराज की फोटो भेंट की। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट ने भीमताल नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** सातताल झील में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल व ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर सभी से नशा मुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की गई।

इस मौके पर कयाकिंग रेस प्रतियोगिता हुई। जिसमें करन कुमार प्रथम, पंकज बिष्ट द्वितीय, अमित सूर्या तृतीय, भूपेंद्र कंडारी चतुर्थ व भास्कर पांचवें स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला समाज कल्याण अधिकारी असलम अली, स्वास्थ्य विभाग से जगमोहन रौतेला, प्रबोध शर्मा, पूजा भट्ट, तनुजा पोखरिया, सुरेंद्र बिष्ट, दिनेश चौहान मौजूद रहे। वहीं हल्द्वानी उप कारागार में स्लोगन व भाषण प्रतियोगिता हुई। स्लोगन में निर्वाण के मोहम्मद समीर प्रथम व मुकेश चंद्र द्वितीय रहे। यहां जेल अधीक्षक रामपाल सिंह सैनी, संजय वर्मा, डॉ. हिमांशु कांडपाल आदि रहे।


सातताल में कयाकिंग रेस के प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### कार्यकर्ताओं व युवाओं ने सुनी मन की बात

**भवाली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 111वें संस्करण को बूथ संख्या 119 में भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक हितेश साह ने कार्यकर्ताओं एवं युवाओं के साथ सुना। साह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का जिक्र कर जनमानस से अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाने की अपील की है। पेड़ लगाने से मां का सम्मान होगा व पर्यावरण की भी रक्षा होगी। उन्होंने भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ की ओर से भवाली नगर में पौधरोपण अभियान चलाने की बात कही। यहां रिया आर्य, राहुल कुमार, रीतेश भट्ट, हिमांशु पांडे मौजूद रहे।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488


डेस्टिनेशन टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन। ● अमृत विचार

### डेस्टिनेशन टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**नैनीताल :** पर्यटन विभाग और नेशनल स्किल्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से आयोजित डेस्टिनेशन टूर गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया है। 20 से 30 जून तक आयोजित शिविर में नैनीताल, रामनगर, हल्द्वानी, सातताल के 30 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें छात्रों को होटल उद्योग, गाइडिंग और टूर ट्रेवल्स की जानकारी दी गई। शिविर में छात्र-छात्राओं को चिड़ियाघर, टिफिन टॉप, सातताल, और गरुड़ताल क्षेत्र का भ्रमण कराकर बर्ड वाचिंग, पशु पक्षियों की जानकारी, नैनीताल की धरोहर और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई।

### नीट पेपर लीक को लेकर फूंका केंद्र का पुतला

**नैनीताल :** नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को पंत पार्क में केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका। साथ ही मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। कांग्रेस नेता सुमित लोहनी ने कहा कि देश में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। युवा दिन रात मेहनत करके अपने भविष्य की तैयारी करता है। पेपर लीक पूर्णतया निंदनीय है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफा देने की मांग की। पुतला फूंकने वालों में धीरज बिष्ट, सुनीता, लता तरुण, अमित कुमार, ललित बोरा, नितिन, सचिन कुमार, आयुष आर्या आदि रहे।


नीट प्रकरण में केंद्र सरकार का पुतला फूकते कोंग्रेसी। ● अमृत विचार

# वीकेंड पर काठगोदाम और निर्माण से रामपुर रोड जाम


रामपुर रोड स्थित टैंपो स्टैंड के आगे लगा जाम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वीकेंड पर काठगोदाम से रानीबाग और रामपुर रोड पर रोड कटिंग की वजह से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति यह हुई कि जाम ज्यादा बढ़ा तो रोड कटिंग के स्थान पर सीपीयू तैनात करनी पड़ गई।

वीकेंड पर रूट डायवर्जन की वजह से रामपुर, बरेली रोड व कालाढूंगी रोड पर यातायात सामान्य रहा। काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास से जाम की शुरुआत हुई, जो रानीबाग तक पहुंच गया। यातायात पूरी तरह बाधित तो नहीं था, लेकिन राहगीरों को रुक-रुक कर सफर करना पड़ा। इस अव्यवस्था का सबसे बड़ा कारण संकरी सड़क और वाहन चालक बने, जो आगे निकलने की होड़ में जाम की वजह बनते रहे। इस दौरान पुलिस को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। इधर, रामपुर रोड पर अग्रसेन भवन के पास रोड कटिंग का काम शनिवार से शुरू किया गया। यहां पाइप लाइन डाली जा रही है। जिसकी वजह से शनिवार शाम और फिर रविवार को भी लगभग आधे दिन तक यातायात चलता और रुकता रहा।

### सैलानियों की भीड़ से सड़कों पर जाम

**नैनीताल, अमृत विचार :** रविवार को बड़ी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुंचे। सुबह के समय सैलानियों की संख्या कम रही। मगर दोपहर में एकाएक भीड़ बढ़ गई। सैलानियों की भीड़ के कारण नगर की सड़कों में जाम लग गया। देर शाम तक वाहन जाम में फंसे रहे। जिससे पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। नैनीझील में नौका विहार करने के लिए दिनभर सैलानियों का तांता लगा रहा। वहीं पंत पार्क समेत भोटिया बाजार में सैलानियों की भारी भीड़ रही। स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में काफी भीड़ रही। शाम के समय सैलानी हनुमानगढ़ी में सूर्यास्त देखने पहुंचे।



**आज का मौसम**

हल्की गरज के साथ बीच-बीच में बारिश।

33.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.16 | सूर्यास्त 07.15

## एक नजर

### दो दिन में पेड़ों की लॉपिंग करने के निर्देश

**हल्द्वानी :** डीएम के निर्देश पर तहसीलदार ने रविवार को लोनिवि के सहायक अभियंता, विद्युत विभाग के सहायक अभियंता व वन विकास निगम के अधिकारियों के साथ नरीमन चौराहा, लालडांठ चौराहा, लामाचौड़, पंचायत घर, कॉलटैक्स, ऊंचापुल चौराहा का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को नरीमन चौराहे पर स्थित पीपल के पेड़ व लामचौड़ चौराहे पर स्थित पाकड़ के पेड़ की दो दिन के अंदर लॉपिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही सोमवार को सुबह 11 बजे नरीमन चौराहा से रेलवे स्टेशन तक ट्रैफिक डायवर्जन और शट डाउन के लिए पुलिस व विद्युत विभाग को निर्देशित किया। साथ ही नरीमन चौराहे पर स्थित जर्जर विद्युत पोल को तत्काल हटाने के निर्देश दिये।

### कॉर्बेट का बिजरानी जोन पर्यटकों के लिए बंद

**रामनगर :** मानसून को देखते हुए रविवार को कॉर्बेट पार्क का बिजरानी पर्यटन जोन बंद कर दिया गया है। अब बिजरानी पर्यटन जोन 15 अक्टूबर को खुलेगा। बरसात के दिनों में बिजरानी क्षेत्र की सड़कें बरसाती नालों की वजह से क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। ऐसे में पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पार्क प्रशासन हर वर्ष 30 जून को बिजरानी जोन बंद कर देता है। रविवार को अंतिम दिन बिजरानी में सुबह 30 एवं सांय की पारी में भी 30 जिप्सियों में लगभग साढ़े तीन सौ पर्यटक भ्रमण पर गए। अब सीटीआर के केवल गर्जिया, ढेला और झिरना जोन ही वर्षभर खुलेंगे। ढिकाला, दुर्गादेवी पहले ही बंद हो चुके हैं। बारिश अधिक होने पर इन्हें भी बंद किया जा सकता है।

### गुरुद्वारे में चोरी का आरोपी पकड़ा, जेल भेजा



**रामनगर :** पीरूमदारा गुरुद्वारे में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी राजेश जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी जसविंदर सिंह पुत्र सुखदेव सिंह को मालधन क्षेत्र को जाने वाले 64 गेट मार्ग से पकड़ा। गुरुद्वारे में चोरी की घटना से क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश था। उन्होंने कोतवाली का घेराव भी किया था। इधर, चौकी प्रभारी ने लोगों से क्षेत्र में कहीं भी नशे का कारोबार होने की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

### नगर पालिका व व्यापारियों के बीच बैठक आज

**नैनीताल :** नगर पालिका क्षेत्र का स्थलीय और ड्रोन सर्वे कर पालिका संपत्ति का सटीक आंकड़ा जुटाकर डिजिटल बेस तैयार कर रही है। जिसमें शहरवासी बाधा बन रहे हैं। इसको लेकर सोमवार को पालिका अधिकारी विभिन्न व्यापारी संगठनों व लोगों के साथ बैठक करेंगे। पालिका टीम ने करीब चार वार्डों का सर्वे पूरा कर लिया है। बड़ा बाजार समेत अन्य क्षेत्रों में लोग सर्वे टीम का विरोध कर रहे हैं। बीते दिन टीम को विरोध के चलते बैरंग लौटना पड़ा था। टीम ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने।

---

### जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में सिंचाई विभाग की नहर पाटकर किया था कब्जा, नोटिस के बाद खुद अतिक्रमण हटाने में जुटा छुटभैया नेता

# धरी रह गई नेतागिरी, सरकारी नहर से हटने लगा अतिक्रमण

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग की नहर पर अतिक्रमण करने वाले नेता की नेतागिरी आखिरकार धरी की धरी रह गई। अमृत विचार की खबर का असर हुआ और नहर पर अतिक्रमण करने वाला छुटभैया नेता अब खुद ही अतिक्रमण हटाने लगा है। रविवार को उसने मजदूर लगाकर भरान का मलबा निकलवाना शुरू कर दिया।

दमुवाढूंगा इलाके के जवाहर ज्योति वार्ड 36 में एक छुटभैया नेता ने बंद हो चुकी नहर को पाट कर कब्जा कर लिया था। कई फीट का भरान कर नहर को सड़क से ऊंचा किया और चबूतरे का रूप दे दिया। इस मामले में अमृत विचार ने 29 जून को



दमुवाढूंगा में छुटभैया नेता ने कब्जाई सरकारी जमीन

चम्बल पुल-कठघरिया बाईपास मार्ग पर शर्मा आटा चक्की के सामने खुलेआम से चल रहा अवैध निर्माण का खेल

अतिक्रमण

औरों को नोटिस, इन पर रहम

मुख्य अभियंता का एक्शन, अतिक्रमण पर चलेगी जेसीबी

राजनीतिक दल से जुड़े बड़े नेताओं का संरक्षण

प्रमुखता से प्रकाशित किया। साथ ही सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता संजय शुक्ल से बात की। मुख्य अभियंता ने मामले को गंभीरता से लिया और उसी दिन मौके पर विभागीय अधिकारियों को भेजा। मौके पर जांच की गई तो नहर कब्जाने का मामला सही पाया गया।

अधिकारियों ने कब्जेदार को नोटिस जारी कर अतिक्रमण ढहाने की बात कही। इस पर अतिक्रमणकारी ने एक दिन की मोहलत मांगी और खुद अतिक्रमण हटाने की बात कही। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि एक दिन बाद अतिक्रमण खुद नहीं हटाया तो सिंचाई विभाग की जेसीबी से अतिक्रमण हटाया जाएगा। जिसके बाद रविवार को अतिक्रमणकारी ने नहर में खड़ी दीवार को गिराना शुरू किया। साथ ही वो मलबा निकालना शुरू किया, जिससे भरान किया गया था।



जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा में पाटी गई नहर से मलबा निकालता मजदूर। ● अमृत विचार

#### खुद फोटो भेजकर अधिकारियों को बताया

**हल्द्वानी :** सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बीती 28 जून को नोटिस जारी किया था। अतिक्रमणकारी ने 29 जून को अतिक्रमण खुद हटाने को कहा, लेकिन उसने ऐसा किया नहीं। अधिकारियों ने फिर से दखल दिया तो 30 जून से अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की गई। जिसके बाद अतिक्रमणकारी ने अतिक्रमण हटाते मजदूरों का फोटो खींच कर अधिकारियों को भेजा और बताया कि उसने अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया है।

#### एक भूमि से दूसरी सरकारी भूमि पर डाला मलबा

**हल्द्वानी :** सिंचाई विभाग की त्वरित कार्रवाई से अतिक्रमणकारी पर दबाव बना और वह खुद सिंचाई विभाग की नहर छोड़ने को राजी हो गया, लेकिन प्रशासन अभी हरकत में नहीं आया। क्योंकि नहर से सटी दूसरी सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकारी घर बना रहा है। रविवार को उसने सिंचाई विभाग की जमीन से जो भी मलबा निकाला उसे दूसरी सरकारी भूमि यानी सरकारी भूमि पर बन रहे कमरे की फर्श में डालना शुरू कर दिया।

> नोटिस के बाद अतिक्रमणकारी ने मोहलत मांगी थी। जिसके तहत उसने नहर से मलबा हटाना शुरू कर दिया है। नहर पर बनाई दीवार को भी वह गिरा रहा है। अतिक्रमणकारी ने फोटो भेज कर अतिक्रमण हटाने की बात कही है। – **बीसी नैनवाल** अधिशासी अभियंता

### बहू ने ससुर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पति से दूरी का फायदा उठाते हुए ससुर ने बहू से छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने अपने पति से शिकायत की, लेकिन पति ने उसका साथ नहीं दिया। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हल्द्वानी निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी दिसंबर 2021 को वार्ड नंबर छह पौड़ी चुंगी बद्रीनाथ मठ के पास श्रीनगर पौड़ी व हाल निवासी हल्द्वानी अनमोल सिंह से हुई थी। शादी के बाद पति उसे अपने कार्यस्थल रामनगर ले गया। आरोप है कि वह पति के करीब जाने की कोशिश करती रही, लेकिन पति उससे दूरियां बनाता रहा। इसका फायदा ससुर इंदल सिंह उठाने लगा। अकेले में उसके साथ कई बार छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। शिकायत पर पति ने उल्टा महिला को ही फटकार लगा दी और घर से निकाल दिया। तब से वह मायके में रह रही है।

---

# रोज हो रही बारिश...कैसे होगा नंधौर नदी का चैनलाइजेशन

### दुबेलखेड़ा समेत कई गांवों में मंडरा रहा बाढ़ का खतरा, प्रशासन और सिंचाई विभाग को अब आई नंधौर नदी के चैनलाइजेशन की याद, ग्रामीणों में आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मानसून शुरू हो चुका है, नदी-नाले उफान पर हैं। अब प्रशासन और सिंचाई विभाग को नंधौर नदी के चैनलाइजेशन की याद आई है। सिंचाई विभाग जल्द ही नदी चैनलाइजेशन का दावा कर रहा है, लेकिन लगातार हो रही बारिश से चैनलाइजेशन जल्द शुरू होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य के दूरस्थ वन रेंज दुर्गा पीपल के जंगल में कहीं से नंधौर नदी का उद्गम होता है। अमूमन इस नदी में वर्ष भर पानी रहता है, लेकिन बारिश में नदी उफान पर आ जाती है। पानी का तेज बहाव नदी से सटे गांवों में भूकटाव करता है, जिससे गांवों में बाढ़ का खतरा बना रहता है। इन गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए नदी का चैनलाइजेशन किया जाता है। वैसे तो यह चैनलाइजेशन मानसून से पहले किया जाना चाहिए, ताकि पानी को रास्ता मिल सके। लेकिन सरकारी मशीनरी की हीलाहवाली की वजह से मानसून शुरू होने के बाद भी नंधौर नदी में चैनलाइजेशन शुरू नहीं हो सका है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका आरोप है कि पहली ही बारिश में नदी ने दुबेलखेड़ा गांव की तरफ भूकटाव कर दिया है। ऐसे में दुबेलखेड़ा समेत कई गांवों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है।



अधिकारियों के साथ नंधौर नदी का निरीक्षण करते उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा। ● अमृत विचार



रविवार को बारिश के दौरान नैनीताल रोड पर गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

#### एसडीएम ने सिंचाई ईई के साथ किया निरीक्षण

**चोरगलिया :** उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ चोरगलिया में नंधौर व सूखी नदी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सिंचाई विभाग को 18 लाख रुपये का बजट मंजूर किया गया है, जो दो किस्तों में दिया जाएगा। सिंचाई विभाग को नदी का मुहाना खोलने एवं बाढ़ के लिहाज से संवेदनशील स्थानों पर मशीन लगाकर नदी को चैनेलाइज करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, क्षेत्र वासियों ने अभी तक बाढ़ सुरक्षा कार्य नहीं करने पर नाराजगी भी जताई। इस दौरान भुवन पोखरिया, हेमू बजेठा, पान सिंह मेवाड़ी, दीपक चौसली, इन्द्रजांगी, ऋषभ चौसली, पंकज भट्ट, दीपांशु भीनमाल दीपांशु बिनवाल, आदि मौजूद रहे।

## आधी हल्द्वानी सूखी, आधी पानी-पानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर का आधा हिस्सा रविवार को मूसलाधार बारिश से तरबतर हो गया। बाकी आधे हिस्से में मामूली बारिश हुई। इसके बाद काले बादल छाने से गर्मी की तपिश नहीं झेलनी पड़ी, लेकिन उमस ने लोगों का बुरा हाल कर दिया। मौसम विज्ञान केंद्र ने पहले ही नैनीताल जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। दोपहर बाद मौसम में परिवर्तन भी शुरू हो गया। आसमान में काले बादल छा गए।

रानीबाग से लेकर मुखानी चौराहे तक मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हुआ। करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश होती रही। सड़कों पर पानी बह रहा था, जिससे कई जगह जलभराव हो गया। इधर, देवलचौड़, मानपुर पश्चिम, टीपीनगर, तीनपानी आदि इलाकों में हल्की बारिश हुई है। बारिश के बाद शाम के समय मौसम खुल गया और धूप भी निकल आई। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने अनुसार सोमवार को भी नैनीताल जिले में भारी बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से हल्द्वानी में अधिकतम तापमान में काफी गिरावट आई है।

अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुक्तेश्वर में हो रही बारिश से अब ठंड शुरू हो गई है। यहां अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि मानसून सक्रिय हो चुका है। अब कई जिलों में अच्छी बारिश देखने को मिलेगी।

#### जून माह में सामान्य से बहुत कम हुई बारिश

**हल्द्वानी :** जून माह में सामान्य से बहुत कम बारिश हुई है। प्री-मानसून के देरी से सक्रिय होने की वजह बारिश का असर कम रहा तो हीट वेव की वजह से जून माह के शुरूआती तीन सप्ताह में पूरे कुमाऊं मंडल में भीषण गर्मी पड़ी। जून माह में अल्मोड़ा जिले में सामान्य से 72 प्रतिशत, चम्पावत में 55, नैनीताल में 45, पिथौरागढ़ में 54 और ऊधमसिंह नगर में 73 प्रतिशत कम बारिश हुई है। केवल बागेश्वर जिले में सामान्य से पांच प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है।



बारिश के दौरान गुजरती युवतियां।

#### पहाड़ियों पर छाई कोहरे की सफेद चादर, नहीं हुई बारिश


**नैनीताल, अमृत विचार :** राज्य में मानसून सक्रिय हो गया है और मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने नैनीताल जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया, लेकिन नैनीताल शहर में अपेक्षाकृत कम बारिश हुई है। रविवार को बारिश होने का मौसम तो बना रहा, लेकिन बारिश नहीं हुई। मानसून सक्रिय होने के साथ नैनीताल में बारिश शुरू हो गई थी, लेकिन रविवार को बारिश पर विराम लग गया। इसके बाद अब लोगों को बारिश का इंतजार है। अमूमन 15 जून तक मानूसन पहुंच जाता था, लेकिन इस बार मानसून 28 जून को सक्रिय हुआ है। 21 जून तक नैनीताल में भी अपेक्षाकृत काफी गर्मी पड़ी थी। रविवार की सुबह हल्की धूप के बाद नगर के आस-पास की पहाड़ियों सहित नैनीझील ने कोहरे की सफेद चादर ओढ़ ली थी। वहीं कोहरे के बीच सैलानियो ने नौकायन का लुत्फ उठाया और पंत पार्क भोटिया बाजर व मालरोड से जमकर खरीदारी भी की। रविवार को नगर में अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



रविवार को नैनीताल की पहाड़ियों पर छाया कोहरा। ● अमृत विचार

#### हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ा कार्बन का स्तर, पर्यावरण के लिए खतरा

**नैनीताल, अमृत विचार :** हिमालयी क्षेत्रों में वाहनों की बढ़ रही संख्या और वनाग्नि की घटनाओं की वजह से कार्बन का स्तर बढ़ता जा रहा है। जिस वजह से हिमालय के पर्यावरण को खतरा है। इस बार पर्यटन सीजन में हिमालयी क्षेत्रों में वाहनों की संख्या इतनी बढ़ गई कि उन्हें संभालना मुश्किल हो गया है। साथ ही वनाग्नि की घटनाओं में भी अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। एरीज के मौसम वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि हिमालयी क्षेत्रों में वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से वायुमंडल को बहुत नुकसान पहुंचा है, इसका असर हिमालयी क्षेत्रों में देखने को मिला है। हिमालय में दो वर्ष पूर्व हुए शोध में 30 फीसदी कार्बन की मात्रा बढ़ गई थी। हिमालयी क्षेत्रों के तापमान में असमय वृद्धि हुई है, जिसका असर यहां की जलवायु उपज पर्यटन व सामाजिक क्षेत्र में पड़ा है। यदि समय रहते कार्बनिक गैसों की बढ़ती रफ्तार में अंकुश नहीं लगाया गया तो भविष्य में मौसम की भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ सकती हैं। बढ़ रहे कार्बन स्तर का सीधा असर ग्लेशियरों की सेहत पड़ता है।



नैनी झील में नौकायन का लुत्फ उठाते सैलानी। ● अमृत विचार

---

**कवायद** | जिला विकास प्राधिकरण सीसीटीवी कैमरे, पोल और जंजीर लगाने की कर रहा तैयारी

# ठंडी सड़क की नहर कवरिंग पार्किंग में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला विकास प्राधिकरण ठंडी सड़क की नहर कवरिंग की पार्किंग में वाहनों की सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे और पोल व जंजीर लगाने की तैयारी कर रहा है। इसकी डीपीआर बनाई जा रही है, प्रस्ताव पास होते ही काम शुरू हो जायेगा।

जिला विकास प्राधिकरण ने आठ करोड़ की लागत से तिकोनिया से आवास विकास तक ठंडी सड़क की नहर कवर कर पार्किंग बनाई है। यह पार्किंग एक किलोमीटर लंबी है। प्राधिकरण ने इस पार्किंग का ठेका भी आवंटित कर दिया है, लेकिन पार्किंग लंबाई में होने से काफी दिक्कतें आ रही हैं। तिकोनिया से आवास विकास तक अलग-अलग पॉकेट में बनी पार्किंग में वाहनों की सुरक्षा, पार्किंग शुल्क वसूलने में अधिक मानव संसाधन लगता है। कहीं-कहीं तो वाहन खड़े होकर निकल भी जाते हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण पार्किंग की सभी पॉकेट्स में सीसीटीवी कैमरे, आयरन पोल व जंजीर लगाने और प्रवेश व निकास द्वार बनाने का मन बना रहा है। इससे वाहनों की सुरक्षा हो सकेगी। साथ ही पार्किंग संचालन में भी सहूलियत होगी। मंडलायुक्त दीपक रावत ने सभी पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे। प्राधिकरण अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे समेत सभी कार्यों के लिए डीपीआर बनाने के निर्देश दिए हैं।



ठंडी सड़क में नो पार्किंग की जगह पर खड़े वाहन।

#### ठेकेदार पर वसूली के लगे थे आरोप

**हल्द्वानी :** ठंडी सड़क की नहर कवरिंग पार्किंग में अक्सर खानपान के ठेले खड़े हो जाते हैं। बार-बार मना करने के बाद भी ठेले खड़े हो रहे थे तो इनसे पार्किंग का शुल्क वसूला गया था। जिस पर ठेकेदार पर अवैध वसूली के आरोप लग गए थे। इसके बाद प्राधिकरण के अधिकारियों ने ठेले हटाने के निर्देश दिए थे, हालांकि अब भी पार्किंग में यहां-वहां ठेले खड़े दिख जाते हैं।



> ठंडी सड़क की नहर कवरिंग की पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे, आयरन पोल व जंजीर लगाने की योजना है। इसके लिए डीपीआर बनाने को कहा है। ये सुविधाएं होने से न्यूनतम संसाधन में बेहतर ढंग से पार्किंग का संचालन हो सकेगा। **–एपी वाजपेयी**, सिटी मजिस्ट्रेट

### रूसी बाईपास पुल की विंग वॉल का होगा पुनर्निर्माण

**नैनीताल, अमृत विचार :** पर्यटन सीजन के दौरान लाइफलाइन माने जाने वाले रूसी बाईपास में पिछले वर्ष अधिक दबाव होने के कारण पुल के आगे की ओर से विंग वॉल टूट गई थी। जिससे पुल कमजोर हो गया था। पुल की विंग वॉल को ठीक करने के लिए आईआईटी टीम की ओर से निरीक्षण किया गया है। अब विंग वॉल के पुनर्निर्माण के लिए आईआईटी की ओर से प्रस्ताव गठित किया जा रहा है।

लोनिवि के अधिशासी अभियंता रत्नेश सक्सेना ने बताया कि आईआईटी की टीम ने पुल का निरीक्षण कर लिया है। जल्द ही टीम की ओर से प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित कर दिया जाएगा।

## पुलिस को मिली चरस महिला तस्कर हुई फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक महिला चरस तस्कर पुलिस की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स को चकमा देकर फरार हो गई। पुलिस ने एक किलोग्राम चरस तो बरामद कर ली, लेकिन पिछले तीन दिन से महिला को पकड़ नहीं पाई है। महिला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जो एक किराने की दुकान में चरस रखकर भागती हुई दिख रही है।

बीते शुक्रवार को एक महिला हाथ में थैला पकड़े नवाबी रोड स्थित एक दुकान पर पहुंची। उसने दुकानदार से कुछ बात की और फिर थैला वहीं छोड़कर भाग खड़ी हुई। थैला दुकानदार की नजर से बचा कर रखा और महिला के जाते ही एएनटीएफ और कोतवाली पुलिस किराने की दुकान पर पहुंच गई। यह देख दुकानदार घबरा गया और तब उसके होश फाख्ता हो गए जब टीम ने दुकान से करीब एक किलोग्राम चरस बरामद कर ली। पुलिस दुकानदार को पकड़कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो फुटेज में एक महिला दुकान में बैग रखती दिखाई दी। इसके बाद दुकानदार को छोड़ दिया गया। सीसीटीवी फुटेज में महिला दुकान से निकलकर कुल्यालपुरा की तरफ जाती दिखाई दी है। एएनटीएफ प्रभारी रविंद्र राणा ने बताया कि टीमें महिला की तलाश में हैं।

रामनगर से चारधाम यात्रा को जोड़ने की मांग हुई तेज, अब अग्रवाल महिला मंच ने किया यात्रा का समर्थन, युवाओं को मिलेगा रोजगार

# ...जब बदरी-केदार के उद्घोष से गूंज उठती थी राम की नगरी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मांग के समर्थन में लगातार विभिन्न संगठनों के लोग आगे आते जा रहे हैं। एक दौर में जब यात्री यात्रा कर रामनगर पहुंचते थे तो राम की नगरी जय बदरी-जय केदार के उद्घोष से गूंज उठती थी। यह उद्घोष लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता था।

इसी क्रम में अब अग्रवाल महिला मंच की पदाधिकारियों ने चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की मांग की है। महिलाओं ने अल्मोड़ा, पौड़ी और नैनीताल लोकसभा सीट के सांसदों से इस दिशा में पहल करने की वकालत की है। उनका कहना है कि इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## चारधाम यात्रा को लेकर बोलीं महिलाएं



1950 तक रामनगर ही चारधाम यात्रा का अंतिम पड़ाव था। यात्रा के बाद तीर्थयात्री ठाकुर जी के मंदिर में पूजा-अर्चना करते थे। सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए। इससे युवाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार भी खुलेंगे। – मीनू मित्तल



रामनगर को चारधाम यात्रा से जोड़ने से न केवल क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी। बल्कि तीर्थ यात्रियों को क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता से रूबरू होने का भी मौका मिलेगा। सरकार के इस फैसले का जनमानस भी स्वागत करेगा। – रेनू अग्रवाल



अस्थायी राजधानी गैरसैंण को भी चारधाम यात्रा का लाभ मिलेगा। कुमाऊं के मंदिरों को नई पहचान मिलेगी। कुमाऊं-गढ़वाल के व्यापारिक संबंध मजबूत। सड़कों की दयनीय हालत की दशा और दिशा दोनों सुधरेगी। – शालिनी जिंदल



एक दौर था जब राम की नगरी में जय बदरी-जय केदार के नारे लगते थे। उस दौर में यात्री रामनगर में ही वापसी पर विश्राम करते थे। तब रामनगर अच्छे व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरा था। यह मांग जनहित की मांग है। – अलका अग्रवाल



यात्रा को रामनगर से जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बेरोजगारी, पलायन जैसी समस्याओं का अंत होगा। उपेक्षित पड़े कुमाऊ के एक हिस्से का आर्थिक विकास होगा। साथ ही धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। – नीलम अग्रवाल



चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने पर गढ़वाल क्षेत्र में यातायात का दवाब कम होगा। साथ ही कुमाऊं के मार्ग में पड़ने वाले पड़ाव भी लाभान्वित होंगे। स्थानीय युवाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार भी खुल जाएंगे। – मोना अग्रवाल



यात्रा की वापसी पूर्व की तरह रामनगर से होनी चाहिए, तभी यात्रा की परिक्रमा पूरी हो पाएगी। श्रद्धालु गिरिजा माता और हनुमान धाम दर्शन का पुण्य लाभ कर पाएंगे। इस प्रकार यात्रा से कुमाऊं मंडल का विकास होगा। – अंशु अग्रवाल



यात्रा से चौखुटिया, गैरसैंण, भिकियासैंण, भतरोजखान क्षेत्र की लाइफलाइन बन जाएगी। जन समुदाय को आपसी दलगत राजनीति को त्यागकर इस दिशा में सोचना होगा। जनप्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए। – डॉली अग्रवाल

## सार-संक्षेप

### शिविर में 260 लोगों के बने आयुष्मान आभा कार्ड

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** वार्ड 16 में आभा आयुष्मान शिविर लगाया गया। जिसमें लोगों के आभा आयुष्मान कार्ड बनाए गए। निवर्तमान पार्षद तन्मय रावत ने बताया कि अब बिना आभा आयुष्मान कार्ड के लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, इसलिए शिविर लगाया गया। शिविर में पहले दिन 260 लोगों ने अपना आयुष्मान आभा कार्ड बनाया। इस दौरान लोगों को आयुष्मान योजना के संबंध में जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य योजना के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जाता है। आभा कार्ड (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत लॉन्च किया गया है। इस कार्ड से स्वास्थ्य की पूरी जानकारी मिल जाती है।



वाल्मीकि पार्क में चाय पर चर्चा करते संगठन के लोग। ● अमृत विचार

### हरेला पर्व पर पौधरोपण करने का निर्णय

**हल्द्वानी :** साथी संगठन ने तिकोनिया स्थित वाल्मीकि पार्क में चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें हरेला पर्व पर पौधरोपण करने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व संगठन के सदस्यों ने ट्राई क्लब की टीम के अग्रज संजय रावत के निर्देशन में योग व व्यायाम किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला, सूरज सिंह रावत, लीलाधर पांडेय, आरपी सिंह, आनंद सिंह रावत, डीडी शर्मा, विरेंद्र भाकुनी, आरएस बोरा, जेएस खोलिया, एमएस महरा, सुरेंद्र बिष्ट मौजूद रहे।

### नाले से घरों में पानी घुसने की समस्या का होगा समाधान

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा से बिठोरिया वार्ड 46 तक नाले का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। जिससे काफी परेशानी होती है। लोगों की शिकायत पर रविवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने तहसीलदार सचिन कुमार, सिंचाई विभाग के एई मनोज तिवारी, जेई संजय जोशी के साथ मौके पर पहुंचकर नाले का निरीक्षण किया। उन्होंने शीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात में नाले का गंदा पानी घरों में पानी घुस जाता है, जिससे कीमती सामान खराब हो जाता है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के निर्देश पर तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट, नगर निगम आयुक्त ने भी नाले का निरीक्षण किया था और शीघ्र नाले को मोड़कर चौफुला चौराहे से कठघरिया की तरफ करने का आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ नहीं हुआ। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने बताया कि अधिकारियों के दौरे से लोगों को उम्मीद जगी है कि शीघ्र उनकी समस्या का समाधान होगा।

### भगवान जगन्नाथ को लगाया ढाई क्विंटल आम का भोग

**रामनगर :** इस्कॉन की ओर से आयोजित मैंगो फेस्टिवल कार्यक्रम में भगवान जगन्नाथ को 251 किलो आम का भोग लगाया गया। इस दौरान लोगों को मैंगो फेस्टिवल के धार्मिक और सामाजिक महत्व के बारे में बताया गया। भगवान श्री कृष्ण को आम बहुत पसंद हैं। उनके प्रिय फल आम का भोग लगाने के लिए भारी संख्या में भक्त एकत्रित हुए। आयोजकों ने बताया इस उत्सव में भगवान जगन्नाथ के साथ अद्भुत संबंध को समझने का अवसर मिलता है। इस उत्सव में भक्तों को सांस्कृतिक रूप से एकजुट होने का भी मौका मिलता है, जो समाज में एकता और समरसता को बढ़ाने में सहायक होता है।



जगन्नाथ जी को अर्पित किए गए आम।



सांपों को जंगल में रेस्क्यू करते विशेषज्ञ।

### दो दिन में दर्जनों सांप घरों से किए रेस्क्यू

**रामनगर :** सर्प विशेषज्ञ चन्द्र सैन कश्यप एवं उनके साथियों ने दो दिन में दर्जनों सांपों को घरों से रेस्क्यू किया। साथ ही वन विभाग के सहयोग से सांपों को जंगलों में छोड़ दिया। पकड़े गये सांपों में एक रसलस वाइपर सहित 11 रेड स्नेक, दामन, 3 पाइथन अजगर, एक करेत प्रजाति का सांप शामिल है। इस दौरान तराई पश्चिमी के रेंज अधिकारी जेपी डिमरी, कोसी रेंज अधिकारी शेखर तिवारी, वन दरोगा वीरेंद्र प्रसाद पांडे, उप वन क्षेत्र अधिकारी इंद्रलाल मौजूद रहे।

### रामनगर-चंडीगढ़ रेल सेवा सप्ताह में तीन दिन हो

**रामनगर :** पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी ने सांसद अनिल बलूनी को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि रामनगर-चंडीगढ़ रेल सेवा सप्ताह में एक दिन सोमवार को रामनगर से जाती है। जिसमें कुमाऊ और गढ़वाल के लोग भारी संख्या में सफर करते है। इस रेल सेवा को सप्ताह में तीन दिन जनहित में चलाया जाये। इसके अलावा दिल्ली, बरेली को चलने वाली ट्रेन को रामनगर से जोड़ा जाए।

# पीपीपी मोड पर संचालित अस्पतालों को सरकार अपने संरक्षण में चलाएगी

सांसद अनिल बलूनी के स्वागत समारोह में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कही बात

▸▸ बोले- शीघ्र शुरू होगी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों व स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया

संवाददाता, रामनगर



रामनगर में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर बनाने के लिए सरकार कटिबद्ध है। दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें, इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। डॉ. रावत दिल्ली जाते समय सांसद अनिल बलूनी के स्वागत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों व स्टाफ की तैनाती के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

सरकार ने मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए कुछ अस्पतालों को पीपीपी मोड पर दिया था, जिसमें रामनगर का सरकारी अस्पताल भी शामिल था। कहा कि वह जब भी रामनगर आये तब-तब लोगों ने पीपीपी मोड पर संचालित अस्पताल की व्यवस्थाओं के खिलाफ नाराजगी व्यक्ति की। कहा कि सरकार ने फैसला लिया है कि पीपीपी मोड पर संचालित सभी अस्पतालों को सरकार वापस लेकर अपने संरक्षण में चलाएगी। अस्पतालों में पर्याप्त संसाधन जुटाने के साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती भी की जाएगी। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी, विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, नरेंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष भागीरथ लाल चौधरी, पूरन नैनवाल, मनोज तिवारी, राजेश पाल, किशोरी लाल, विरेन्द्र रावत, गणेश रावत, भूपेंद्र सिंह खाती, संजय डोरवी, शिशुपाल सिंह रावत, ममता गोस्वामी मौजूद रहे।

### संविदा शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि करने की मांग

**नैनीताल :** शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रविवार को नैनीताल के भ्रमण पर रहे। इस दौरान कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा के प्राध्यापकों की समस्याओं के संबंध में उन्हें ज्ञापन सौंपा। कूटा अध्यक्ष डॉ. ललित तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड के विश्वविद्यालयों, राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संविदा और अतिथि शिक्षकों का मानदेय 35000 से बढ़ाकर 57700 किया जाए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इनका वेतन न्यूनतम 50,000 प्रतिमाह नियत किया है। उन्होंने उत्तराखंड के वेकेशन स्टाफ को पूर्व में दी जा रही ग्रीष्म तथा शीत अवकाश 60 दिन करने व राज्य कर्मचारियों की भांति 31 दिन का उपार्जित अवकाश देने की मांग की।



रामनगर में सांसद अनिल बलूनी का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

# पर्यटन के रूप में विकसित होगा रामनगरः बलूनी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पौड़ी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद अनिल बलूनी का रविवार को रामनगर में भव्य स्वागत हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे।

ग्राम गोबरा स्थित ग्रीन विच रिजॉर्ट में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान सांसद बलूनी ने कहा कि चुनाव से पूर्व जो उन्होंने वादे किये हैं उन्हें वह हर हाल में पूरा करेंगे। कहा कि रामनगर को पर्यटन के रूप और विकसित किया जायेगा, ताकि पूरी दुनिया में इसकी पहचान बन सके। इस दिशा में काम चल रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक दीवान सिंह बिष्ट, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रताप बोरा, जिला उपाध्यक्ष रूचि गिरी शर्मा, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, मदन जोशी, दीपा भारती, घनश्याम शर्मा, वीरेंद्र रावत, आशीष ठाकुर, नरेंद्र शर्मा, पूरन नैनवाल, भावना भट्ट मौजूद रहे। इससे पूर्व सांसद अनिल बलूनी व शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट के ग्राम शंकरपुर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात के 111वें संस्करण को सुना।

# सेवानिवृत्ति पर सीपीपी मिल के 47 श्रमिकों को दी विदाई



सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ पेपर मिल के अधिकारी व कर्मचारी।

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** सेंचुरी पल्प एंड पेपर के 47 श्रमिकों को सेवानिवृत्त होने पर कारखाना प्रबंधन, अधिकारियों व श्रमिक संगठनों ने सामूहिक विदाई दी।

विदाई समारोह के दौरान मुख्य अतिथि संस्थान के सीईओ गुप्ता, महेन्द्र हरित, विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रशासन डॉ. अरुण प्रकाश पांडेय, अमित गंगवाल, अरविन्द त्यागी ने सभी श्रमिकों को बधाई दी। साथ ही कर्मचारियों एवं श्रमिकों से मिलजुल कर कार्य करते हुए संस्थान को देश का सर्वोत्तम संस्थान बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर नरेश चन्द्रा, मुकुल रोहतगी, मृत्युन्जय पांडे, केएल गुप्ता, राजेश पवार मौजूद रहे।

# मंगल पड़ाव में 56 दुकानों का सर्वे शुरू

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम ने मंगल पड़ाव में शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए जद में आ रही 56 दुकानों का सर्वे शुरू कर दिया है। इस सर्वे में दुकानों का क्षेत्रफल, नगर निगम से किराएदारी वगैरह की जानकारी जुटाई जा रही है। इसके बाद इन दुकानों को शिफ्टिंग के लिए प्रस्ताव बनाया जाएगा।

जिला प्रशासन की ओर से मंगल पड़ाव से बस अड्डे तक नैनीताल रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस चौड़ीकरण में 11 दुकानें लगभग पूरी तरह ध्वस्त हो रही हैं। ऐसे में इन दुकानों को अस्थायी तौर पर कुमाऊं मंडल विकास निगम के कांप्लेक्स में टिन शेड आवंटित किए जाएंगे। इसको लेकर कुमंविनि ने सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है। वहीं, इन दुकानों को स्थायी तौर पर मंगल पड़ाव में प्रस्तावित शॉपिंग कांप्लेक्स में दुकानें आवंटित की जाएंगी। इस कांप्लेक्स में बेसमेंट पार्किंग व मल्टीलेवल इमारत बनाई जाएगी। इसके निर्माण लिए नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया। इसके बाद कांप्लेक्स के प्रस्तावित स्थान की जद में आ रही 56 दुकानों का क्षेत्रफल, स्वामित्व, नगर निगम से किराएदारी का अनुबंध वगैरह जुटाया जा रहा है। सर्वे का काम शुरू हो गया है, संभावना है कि दो-तीन दिन में सर्वे पूरा हो जाएगा। सर्वे पूरा होने के बाद सटीक आंकड़ा मिल सकेगा। इसी के साथ ही दुकानों को शिफ्ट करने के लिए स्थान चिन्हित किए जाएंगे।



इसी अण्डा मार्केट की जगह में प्रस्तावित है शॉपिंग कांप्लेक्स। ● अमृत विचार

### शनि बाजार या जीजीआईसी के समीप कर सकते हैं शिफ्ट

**हल्द्वानी :** मंगल पड़ाव में प्रस्तावित कांप्लेक्स की जद में आ रही 56 दुकानों को अस्थायी तौर पर शिफ्टिंग के लिए नगर निगम व प्रशासन स्थान ढूंढने में जुटा हुआ है। प्राथमिक तौर पर शनि बाजार और जीजीआई के समीप सरकारी भूमि पर शिफ्ट करने को लेकर मंथन चल रहा है। हालांकि यह अभी तय नहीं हुआ है। नगर निगम बेहतर विकल्प की तलाश कर रहा है।

नगर निगम की टीमें मंगल पड़ाव में प्रस्तावित कांप्लेक्स के लिए दुकानों का सर्वे कर रही हैं। जिसमें क्षेत्रफल वगैरह का डाटा जुटाया जा रहा है। दो-तीन दिन में सर्वे पूरा हो जाएगा।
–विशाल मिश्रा, मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम

# जीएसटी के 7 वर्ष : समाधान कम, समस्याएं हजार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू हुए सात वर्ष हो चुके हैं, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। एक कराधान सिस्टम होने के बाद भी केंद्र व राज्य में समन्वय नहीं होने और सैकड़ों संशोधनों ने जीएसटी को करदाता व पेशेवरों के लिए मुसीबत बना दिया है।



सुमित गुप्ता।

जीएसटी 1 जुलाई 2017 को लागू हुआ था। सोमवार को जीएसटी लागू हुए सात वर्ष पूरे हो रहे हैं। इन सात वर्षों में जीएसटी ने कई सकारात्मक बदलाव किए। सिर्फ एक टैक्स लागू होने से कई तरह के टैक्स व उनकी दरों का झंझट का खात्मा हुआ। टैक्स पर टैक्स की व्यवस्था समाप्त हुई। जीएसटी कलेक्शन भी क्रांतिकारी रूप से बढ़ोत्तरी हुई। वहीं, जीएसटी की तकनीकी व व्यवहारिक समस्याएं, सरलीकरण और वैट से जीएसटी में परिवर्तन, कई रिटर्न भरने की अनिवार्यता, जबरन थोपे गए नियमों वगैरह से आयकर अधिवक्ता, सीए, व्यापारी सभी परेशान हैं।





सभी एक सुर में जीएसटी सरलीकरण की मांग कर रहे हैं। आय एवं वाणिज्य कर अधिवक्ता सुमित गुप्ता ने बताया कि जीएसटी में टैक्स का सरलीकरण अब तक नहीं हुआ है। करदाता अभी भी विभिन्न जटिलताओं से घिरा हुआ है। सबसे बड़ी समस्या आईटीसी इनपुट को लेकर है। आईटीसी क्लेम करने के लिए केवल जीएसटीआर-2बी में उपलब्ध आईटीसी को ही क्लेम किया जा सकता है। जो रिटर्न देरी से भरे जाते हैं उनमें आईटीसी अगले माह में मिलता है इससे संगत माह में देनदारी बढ़ जाती है। कहा कि जीएसटी देश में एक टैक्स सिस्टम है लेकिन केंद्र व राज्य के बीच समन्वय नहीं होने से करदाताओं को परेशानियां हो रही हैं।

### इन सुधारों की है जरूरत

1. जीएसटी में कई रिटर्न दाखिल करने की व्यवस्था है, इसमें सुधार होना चाहिए।
2. आईटीसी लेने में सुधार की जरूरत है। विक्रेता की गलती के लिए क्रेता को जबावदेह बनाया गया है।
3. छोटे कारोबारियों के लिए एचएसएन कोड की बाध्यता समस्या है, इसमें सुधार अपेक्षित है।
4. करदाताओं को ऐसा प्लेटफॉर्म दिया जाना चाहिए जिससे कि उनकी समस्याओं का समाधान तुरंत हो। जो टोल फ्री नंबर है उससे समाधान नहीं होता है।
5. टैक्स को जमा करने के कई विकल्पों जैसे क्यूआर कोड से टैक्स जमा करने की व्यवस्था मिलनी चाहिए।
6. व्यापारियों को जो ऑनलाइन नोटिस एवं आर्डर जारी किए जाते हैं। इनकी एक हार्ड कॉपी भी व्यापारी अनिवार्य तौर पर दी जानी चाहिए ताकि समय से कार्रवाई हो सके।
7. जीएसटी की धारा 73 के आदेश में जो जुर्माना लगाया जाता है उसमें न्यूनतम कर का 2% ही लगाया जाना चाहिए।

# बिजली कटौती को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

शनिवार की देर रात राजेंद्रनगर राजपुरा समेत कई इलाकों में बिजली कटौती से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने मोमबत्ती जलाकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस नेता हेमंत साहू ने कहा कि ऊर्जा प्रदेश में 5 से 6 घंटे की बिजली कटौती और लो वोल्टेज से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा कि बिजली कटौती की वजह से क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। इस दौरान प्रीती आर्या, अनीता बाल्मीकि, सोनी जाटव, चंचला मिस्त्री, राजमाल बाल्मिकी, अंकित कुमार, नवल आर्या, मनीष साहू, दीपक प्रजापति मौजूद रहे।

### तीन दिन बाद ठीक हुआ शीतलाहाट प्लांट

**हल्द्वानी :** तीन दिन से ठप पड़ा शीतलाहाट फिल्टर प्लांट रविवार को ठीक हो गया। सुबह 8.30 बजे स्रोत से और पूर्वाह्न 11.30 बजे पंप से पानी की आपूर्ति बहाल की गई। जल संस्थान के एई नीरज तिवारी ने बताया कि शीशमहल फिल्टर प्लांट से 70 प्रतिशत क्षमता के साथ पानी की आपूर्ति की जा रही है। सोमवार से शीतलाहाट फिल्टर प्लांट पूरी क्षमता से काम करेगा। शीशमहल प्लांट को भी पूरी क्षमता के साथ चलाया जाएगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# विभिन्न पदों के लिए 4673 ने दी परीक्षा, 777 गैरहाजिर

## अधीनस्थ सेवा चयन आयोग अध्यक्ष ने केंद्रों का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से रविवार को परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड-3 गृहमाता, हाउस कीपर (महिला) के पदों को लेकर परीक्षा आयोजित की गई। शहर के सेंट थेरेसा, खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज समेत 13 स्कूलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें 5,450 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। रविवार को बारिश होने के बाद भी 4,673 परीक्षार्थी उपस्थित और 777 गैर हाजिर रहे।

वहीं, परीक्षा के मद्देनजर आयोग के अध्यक्ष एंव पूर्व आईजी गणेश मर्तोलिया ने भी परीक्षा केंद्रों में पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान आयोग के नियमों का सख्ती से पालन कराना चाहिए। उन्होंने परीक्षार्थियों से भी बातचीत की और परीक्षा को लेकर जानकारी ली। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद, कोतवाल उमेश मलिक आदि मौजूद रहे।



नवाबी रोड में दून स्कूल स्थित केन्द्र का निरीक्षण करते गणेश मर्तोलिया।

### एआई कैमरों से परीक्षार्थियों पर रखी जा रही नजर

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष गणेश मर्तोलिया ने कहा कि अब सभी प्रवेश परीक्षाओं में एआई कैमरों से परीक्षार्थियों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही परीक्षा केंद्रों में जैमर और बायोमेट्रिक का भी उपयोग किया जा रहा है। बताया कि जैमर और बायोमेट्रिक सिस्टम को और दुरूस्त किया जाएगा। पहली बार परीक्षा में एआई कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। कैमरों से परीक्षार्थियों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। कोई भी असामान्य गतिविधि नजर आने पर कैमरा संकेत दे देगा। परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और पारदर्शी तरीके से परीक्षा कराने के लिए आयोग प्रतिबद्ध है। 7 जुलाई को हल्द्वानी में आयोग की ओर से एक और परीक्षा होनी है, जिसमें एआई कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा।

# नई शिक्षा नीति के साथ ही कई विषयों पर मंथन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शिक्षा के संदर्भ में अभिभावकों की क्षमता संवर्धन विषय पर रविवार को शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें नई शिक्षा नीति, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, मूल्यांकन सुधार, बहुभाषी कक्ष का मॉड्यूल, योग्यता आधारित शिक्षा और बच्चों को जानें जैसे गहन विषयों पर चर्चा हुई।

कार्यशाला में दयावती मोदी स्कूल रामपुर की प्रधानाचार्या डॉ. सुमन तोमर मुख्य वक्ता रहीं। इससे पूर्व कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन रमेश शर्मा, प्रधानाचार्य पीएस अधिकारी और डॉ. सुमन तोमर ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतिभागियों ने कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछकर सत्र को रोचक बनाया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए 5+3+3+4 पद्धति अपनाई जाएगी। बच्चों के बौद्धिक विकास में बाधा न आए, इसलिए कक्षा एक में प्रवेश के समय बच्चों की आयु न्यूनतम 6 वर्ष तय की गई है।

नई शिक्षा नीति में अभिभावक बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दे सकते हैं। प्रधानाचार्य पीएस अधिकारी ने कहा कि शिक्षक इस प्रकार की कार्यशाला से जुड़कर अपनी क्षमता का विकास कर सकते हैं। समापन पर नमिता जोशी ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यशाला में हल्द्वानी और आसपास के 15 से अधिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर उमेश पंत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



सीबीएसई की कार्यशाला के दौरान जानकारी देतीं मुख्य वक्ता डॉ. सुमन तोमर।

### मनोज अध्यक्ष व भुवन बने मंत्री

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का द्विवार्षिक चुनाव हुआ। जिसमें मनोज सिंह को हल्द्वानी का शाखा का अध्यक्ष चुना गया। जबकि भुवन पांडे मंत्री, राजेंद्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवीदत्त कोषाध्यक्ष, बसंत पांडे प्रचार मंत्री चुने गये। हरीश गिरी, श्याम चरण, जगदीश बेलवाल को कार्यकारिणी में जगह दी गई।

## एक नजर

### बॉयलर फार्म योजना का 120 लोगों को मिलेगा लाभ

**हल्द्वानी :** जिले में 120 लोगों को बॉयलर फार्म योजना का लाभ मिलेगा। इसके तहत लाभार्थियों को सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी। बेरोजगार युवा व पशुपालक अपनी आय बढ़ने के लिए राज्य सरकार की बॉयलर फार्म योजना का लाभ उठा सकते हैं। वर्तमान में योजना के तहत लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया चल रही है। योजना में लाभार्थियों को सरकार की ओर से 60 हजार रुपये तक सब्सिडी दी जाएगी। जिसके तहत 15 हजार रुपये मुर्गी बाड़े व 45 हजार रुपये बॉयलर (मुर्गी के चूजे) की खरीदने के लिए दिए जाएंगे। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि जिले में 120 लोगों को योजना का लाभ देने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इन दिनों लाभार्थियों का चयन किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। राज्य सरकार की मुर्गी फार्म योजना पहले से चल रही है। वर्ष 2018-19 से बॉयलर फार्म योजना शुरू की गई है।

### ऊंचापुल क्षेत्र में पांच घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** बिजली के पोल बदलने की वजह से रविवार को ऊंचापुल क्षेत्र में करीब पांच घंटे तक बिजली कटौती रही। दिन के समय हुई कटौती से लोग परेशान रहे। उमस भरी गर्मी की वजह से लोगों की परेशानी और बढ़ गई। विद्युत विभाग बारिश के दिनों में बिजली के गले हुए पोलों को बदलने का काम कर रहा है। ऊंचापुल क्षेत्र में रविवार को दिन के समय बिजली के दो पोलों को बदल गया। दोपहर के समय ही बिजली काट दी गई। करीब पांच घंटे तक बिजली नहीं रही। इस वजह से ऊंचापुल, कुसुमखेड़ा, भगवानपुर, हिम्मपुर आदि क्षेत्रों में कटौती रही। कटौती की वजह से कई घरों में इन्वर्टर भी बंद हो गए। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। इधर, कठघरिया के राणी जसुवा क्षेत्र में भी बिजली कटौती रही। दमुवाढूंगा क्षेत्र में लोग लो वोल्टेज से परेशान रहे। यहां पिछले कुछ दिनों से लो वोल्टेज हो रही है। रविवार को भी करीब एक घंटे तक लो वोल्टेज रही। जिस वजह से लोगों के फ्रिज, कूलर, एसी, पानी की मोटर नहीं चल सके। पंखे भी बहुत धीरे चल रहे थे।

### पाइप लाइन लीकेज होने से बर्बाद हो रहा पानी

**कालाढूंगी :** नगर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। वहीं वार्ड नंबर दो में रौखडिया बाबा मंदिर के पास पाइप लाइन में लीकेज होने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जल संस्थान के जेई खगेन्द्र जोशी ने बताया कि लीकेज को जल्द बंद कराया जाएगा। इधर, रविवार को जल संस्थान के कर्मचारियों ने नगर में पेयजल आपूर्ति बंद कर दी। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। जेई जोशी ने बताया कि क्षेत्र में लाइन जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। कार्य समाप्त कर आपूर्ति चालू शुरू हो जायेगी।

### सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**हल्द्वानी :** शिवपुरम, मल्ला शिवपुरम वार्ड 37 के लोगों ने सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। साथ ही इस संबंध में डीएम को शिकायती पत्र लिखा है। निवर्तमान पार्षद विद्या देवी ने बताया कि विधायक सुमित हृदयेश की निधि से शिवपुरम व मल्ला शिवपुरम में सड़कों का निर्माण किया गया, लेकिन सड़क बनने के बाद ही जगह-जगह से टूट गई है। इन सड़कों को बनाने में गुणवत्ता युक्त सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया गया। उन्होंने डीएम से सड़कों की जांच कराने की मांग की है।

Happy Doctor's Day
अपने परिवार के लिए सुरक्षित उपचार का चयन करें, होम्योपैथी चुनें।
रामनगर में 30 सालों के बाद अब हल्द्वानी में भी
Dr. Rawat's
डॉ. रावत होम्योपैथिक हेल्थ सेंटर



डॉ. डी.एस. रावत
बी.एच.एम.एस.
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 7017844688



डॉ. एस.डी.एस. रावत
बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 9461085876

पता
होली चौक, L.I.C. रोड रामनगर, उत्तराखण्ड | प्रथम तल (द्वितीय मंजिल) उत्तराँचल ट्रेड सेंटर तिकोनिया, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड) | निकट हनुमान मंदिर, कमलुवागांजा रोड, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी

HAPPY Doctor's Day
श्री राम हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
A UNIT OF 'A THREE HEALTH CARE'
गैस्ट्रोइन्टोलॉजी एवं मेडिसिन विभाग
डॉ. अमरपाल सिंह आनन्द
MD, Fellow Gastroentrology
Ex AIIMS, New Delhi
बाल एवं नवजात शिशु रोग विभाग
डॉ. रवि अदलखा
MBBS, MD. Fellowship Pediatric Intensive Care
Ex. Registrar Apollo Delhi
Ex. Sr. Resident PGI Lucknow
जनरल लैप्रोस्कोपिक पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MS (Gen. Surgery)
MCH (Ped. Surgery)
डॉ. श्वेताभ प्रधान
M.S. General Surgery (Gold Medalist)
F.MAS, D.MAS, FIAGES
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
डॉ. कृष्णा शाह
भीड़ से बचने के लिए पूर्व अपाइंटमेंट लें : 8755904991
ओपीडी समय : प्रातः 11:00 से 03:00 बजे तक एवं सायं 6:30 से 7:30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
पैथोलॉजी विभाग
डॉ. वन्दना गुप्ता
M.D. (Pathology)
FACILITIES
CASHLESS TPA FACILITY
STAR HEALTH, ADITYA BIRLA, MAX/NIVA BUPA, BAJAJ ALLIANZ, SBI GIC, SAFEWAY, IFFCO TOKIO, CARE HEALTH, HERITAGE HEALTH, GENISIS INDIA, FHPL, UNITED HEALTH, EAST WEST ASSIST, MANIPAL CIGNA, UNIVERSAL SOMPO, TATA AIG, HEALTH INDIA
Now HDFC Ergo General Insurance Company is empanelled with Shri Ram Hospital
Endoscopy, E.R.C.P., E.C.G., Digital X-Ray, Modern Operation Theatre, Pathology Lab, AGB, I.C.U., NICU, General & Private Wards
सिविल लाइन्स, तिकोनिया, नैनीताल रोड, हल्द्वानी।
फोन : 08755904991, 05946-224422, 282751

HAPPY Doctor's day

वात्सल्य
मदर एण्ड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल
(An Advanced Newborn Care Centre)
DR. PRAMOD PRAJAPATI (M.D.)
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक-सफदरगंज हॉस्पिटल नई दिल्ली एवं सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, हल्द्वानी
DR. NIDHI ARYA PRAJAPATI
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक :- महिला चिकित्सालय हल्द्वानी KGMU लखनऊ, ESI हॉस्पिटल नई दिल्ली
हल्द्वानी का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त
जच्चा बच्चा केन्द्र
उपलब्ध सुविधायें
- नवजात शिशु एवं बाल रोग ओ.पी.डी.
- आधुनिक NICU/PICU
- फोटोथैरेपी / CPAP / वेंटिलेटर
- Exchange Transfusion / Therapeutic Hypothermia
- समय से पहले पैदा हुए व कमजोर नवजात के लिए विशेष सुविधा।
- समस्त प्रकार का टीकाकरण।
- अस्थमा एवं एलर्जी का इलाज।
- बच्चों में व्यवहार सम्बन्धित समस्याओं का इलाज।
- बच्चों में वजन व लम्बाई सम्बन्धित समस्याओं का इलाज।
- स्त्री एवं प्रसूति रोग ओ.पी.डी.
- दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी।
- सिजेरियन डिलीवरी
- High Risk Pregnancy (High BP, High Sugar, IUGR) खून की कमी, Prematurity
- बच्चेदानी (Uterus) एवं अंडेदानी (Ovary) की सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
- किशोरी व युवती की माहवारी एवं अन्य बीमारियों का इलाज।
- अनियमित माहवारी का इलाज।
- बांझपन (Intertility) का इलाज।
- Indicated M.T.P.
- PAP Smear की सुविधा।

24x7 Emergency एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध है।
पता : निकट KVM स्कूल, हीरानगर, मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल)
M : 9450065233, 9450301701

Happy Doctor's Day
(NABH Certified Hospital)
SAI HOSPITAL
सांई हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
एडवांस न्यूरो सर्जरी विभाग
हृदय रोग विभाग
छाती, फेफड़ा, श्वांस रोग विभाग
गैस्ट्रो सर्जन एवं गैस्ट्रोइंटेरोलॉजिस्ट उदर कैंसर रोग विभाग (प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को)
जनरल एवं एडवांस लैप्रोस्कोपिक विभाग
डाइग्नोस्टिक और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट विभाग
यूरोलॉजी विभाग
फीजियोथैरेपी विभाग
प्लास्टिक सर्जरी विभाग
उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह मेडिसिन विभाग
24 घंटे इमरजेंसी एक्सीडेंट, ऑर्थो एवं न्यूरो ट्रामा के लिए विश्वसनीय अस्पताल
सभी प्रकार के हेल्थ इन्श्योरेंस कार्ड एवं ESIC, ECHS गोल्डन एवं आयुष्मान कार्ड से कैशलेस की सुविधा
आई.सी.यू. एवं आई.सी.यू. वेंटीलेटर युक्त, सीटी स्केन, खून एवं पेशाब क जाँच (पैथोलॉजी) मेडिकल स्टोर, ब्रोकोस्कोपी, डिजिटल एक्स-रे, पीएफटी व एम्बुलेंस की सुविधा।
निकट मुखानी चौराहा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी, फोन नं. 05946-263323, 9963473025 8
Emergency Department No. 7534805406

## एक नजर

### राष्ट्रपति से की ओवैसी की सदस्यता रद्द करने की मांग

काशीपुर : बीते दिनों सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सदन में जय फिलिस्तीन का नारा दिया था, जिसके बाद धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री ने राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेजकर सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की है। रविवार को धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री केके अग्रवाल एडवोकेट ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सदन में जय फिलिस्तीन का असंवैधानिक नारा लगाया। कहा कि एआईएमआईएम के मुखिया व हैदराबाद से नवनिर्वाचित सांसद असदुद्दीन ओवैसी द्वारा शपथ के पश्चात जय फिलिस्तीन का नारा लगाया। जोकि राष्ट्र विरोधी श्रेणी में आता है। उन्होंने ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रद्रोह मामला दर्ज करने व संसद सदस्यता निरस्त किये जाने की मांग की है।

### पत्नी से मारपीट में गिरफ्तार

काशीपुर : पुलिस ने अल्ली खां मोहल्ले से एक युवक को पत्नी के साथ मारपीट करने के मामले में गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस को सूचना मिली की मोहल्ला अल्ली खां निवासी मो. जावेद अपनी पत्नी से झगड़ा कर उसके साथ मारपीट कर रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर उसका शांति भंग में चालान किया है।

# 803 ने छोड़ी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा

## पंजीकृत 5618 अभ्यर्थियों में 4815 ने दी परीक्षा, रुद्रपुर में बनाए थे 13 केन्द्र, चेकिंग के बाद मिला प्रवेश

परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित परिवहन आरक्षी, आबकारी सिपाही, उप-आबकारी निरीक्षक, हॉस्टल मैनेजर पेड-3 गृह माता, हाउस कीपर (महिला) के तहत लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इसके लिए रुद्रपुर में 13 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इसमें पंजीकृत 5618 अभ्यर्थियों में से 4815 ने परीक्षा दी, जबकि 803 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

रविवार को रुद्रपुर के आदर्श राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पंतनगर, आर्य कन्या इंटर कॉलेज काशीपुर बाईपास रोड रुद्रपुर, अटल उत्कृष्ट एमएस राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला, जन्मभूमि जूनियर हाईस्कूल रोय कॉलोनी विवेक नगर ट्रांजिट कैंप, भंगुराम इंटर कालेज भूरारानी, कृष्णा इंटर कॉलेज इंदिरा कॉलोनी गली नंबर एक रुद्रपुर, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रुद्रपुर भगवानपुर, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज कल्याणी ब्यू नैनीताल रोड, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नियर बालाजी मंदिर आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर, विजडम पब्लिक स्कूल गंगापुर रोड फुलसुंगी को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक परीक्षा आयोजित हुई। इससे पहले अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। मुख्य गेट पर चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को अंदर आने की अनुमति दी गयी। प्रभारी कलेक्टेट डॉ. अमृता शर्मा ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।



रुद्रपुर में जन्मभूमि जूनियर हाईस्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### डी-फार्मा का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

काशीपुर : खोखरातास रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में डी-फार्मा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा, जिसके चलते छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है। डी. फार्मा द्वितीय वर्ष की शालिनी अरोड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अरुण कुमार ने द्वितीय व अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान, अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान एवं निदेशक डॉ. कपिल कुमार ने छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं। संस्थान के डी. फार्मा के विभागाध्यक्ष हिमांशु लोहनी ने छात्रों को बधाई देते हुए बताया कि यह सफलता छात्रों एवं शिक्षकों की मेहनत का फल है। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष अमित सेन, प्रीति, मीना, मनीष, शुभम, वैशाली, अंकित एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्रों को बधाई दी।

# गौशाला में बनेंगे प्लेटफार्म 20 लाख रुपये जारी किए



दीया गौशाला में प्लेटफार्म निर्माण के लिए ट्रैक्टर से मिट्टी का भरान करते मजदूर।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दीया गौशाला खटीमा में गायें आराम से इधर-उधर विचरण कर सकेंगी। कारण इस गौशाला में प्लेटफार्म बनाने के लिए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को 20 लाख रुपये जारी कर दिए हैं। साथ ही त्वरित गति से गौशाला प्लेटफार्म को बनाने के निर्देश दिए गये हैं।

गौशाला में करीब 400 वर्ग मीटर के तीन प्लेटफार्म बनाए जाएंगे। खटीमा में करीब छह वर्ष पूर्व दीया गौशाला का निर्माण हुआ था, लेकिन यह गौशाला निचली भूमि पर होने के चलते यहां जलभराव की स्थिति पैदा हो जाती थी। इस गौशाला में गायों को बारिश, धूप से बचाने के लिए शेड का निर्माण तो किया गया है, लेकिन यह काफी ऊंचाई पर है।

मगर जहां गायें विचरण करती हैं वह निचली भूमि होने के कारण जलभराव हो जाता है इससे गौशाला में कीचड़ होता है। इससे न तो गायें विचरण कर पाती है और न ही बैठ पाती है। इसको देखते हुए जिलाधिकारी ने दो दिन पूर्व बैठक में गौशाला के निचली भूमि जहां पर गायें विचरण करती हैं व बैठती है। वहां पक्का प्लेटफार्म बनाने के निर्देश जिला पंचायत को दिए गये थे। इसके लिए बजट भी जारी कर दिया है, ताकि गौशाला प्लेटफार्म कार्य जल्द से जल्द हो सके और खुले में विचरण कर रही गायें कीचड़ में न बैठ सके।

# पुत्र और पोते ने घर में घुसकर किया हमला

रिपोर्ट

- गाली गलौज कर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया, विरोध पर बोला जानलेवा हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रम्पुरा निवासी एक महिला ने अपने पुत्र और पोते पर मारपीट का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रम्पुरा वार्ड नंबर 24 निवासी भामा देवी पत्नी राम चरन ने न्यायालय को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसका पुत्र और पोता उसके साथ आये दिन मारपीट करते हैं। कई बार घर से बाहर भी निकाल चुके हैं। जिसकी रिपोर्ट उसने 21 मार्च 2021 को दर्ज कराई थी। जो न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है कि 14 अप्रैल 2024 की रात उसका पोता बाबू, किशन पुत्र हरद्वारी और बेटा हरद्वारी अपने साथी प्रीत विहार निवासी पिछत्तंरा सिंह के साथ लाठी डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। इस दौरान उन्होंने गाली गलौज कर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। मना करने पर पोते बाबू ने उसके आंख पर प्रहार कर दिया। जबकि अन्य लोगों ने उसे लाठी डंडों से पीटा, जिससे वह घायल हो गई। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास भी किया गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे। लोगों को आता देख वे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गये। पीड़िता ने बताया कि इस मामले में उसने पुलिस से भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद ही उसने न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### शेयर मार्केट का झांसा देकर लाखों की ठगी

बाजपुर : शेयर मार्केट में कमाई का झांसा देकर पति-पत्नी ने बाजपुर के लोगों से 19 लाख से भी अधिक की ठगी कर ली। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर दी थी पुलिस ने काशीपुर निवासी दम्पति के खिलाफ लाखों की ठगी का मामला दर्ज किया है। ग्राम-लखनपुर, सुरेन्द्र नगर कालोनी, निवासी गोविन्द यादव पुत्र स्व.बब्बन यादवने तहरीर में कहा कि वह वर्ष 2022 से पूर्व प्रार्थी परिवार से अलग रहकर समाज की सेवा हेतु विभिन्न सामाजिक संगठनों में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जनपदों में रहकर कार्य कर रहा था। उसकी मुलाकात आलूफार्म काशीपुर निवासी संदीप तिवारी पुत्र राकेश तिवारी से हुई। उसने पत्नी शिल्पा तिवारी के साथ शेयर मार्केट का कार्य कर मोटी कमाई करने की बात कही गई। उनकी बातों पर विश्वास कर उसने स्वयं तथा मित्रों के 19 लाख आठ हजार रुपये नगद देकर खातों में लगवाए जिसका लाभ नहीं मिलने पर पैसा वापस मांगा गया तो कहा गया कि जिसके साथ वह काम करता है उसने आत्महत्या कर ली है। गाविंद ने स्वयं तथा अपने साथियों के साथ धोखाधड़ी होने की बात कहते हुए मामला दर्जन करने की मांग की थी जिसमें एसएसपी के आदेश पर संदीप तिवारी एवं शिल्पा तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# कबूतरबाजों ने थमाया फर्जी स्टडी वीजा

मुकदमा दर्ज

- इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में पकड़ में आया मामला
- कोर्ट के आदेश पर दो के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मलसी किच्छा में कबूतरबाजों की ओर से विदेश भेजने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये ठगी का मामला सामने आया है। युवक को इंग्लैंड में स्टडी के लिए भेजने के नाम पर फर्जी स्टडी वीजा थमा दिया गया। यह मामला दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में पकड़ में आया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम मलसी किच्छा निवासी अवतार सिंह पुत्र गुरबाज सिंह ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि उसकी गौरव कुमार व बलराज सिंह से अच्छी जान-पहचान है। दोनों गोल्ड ओवरसीज के नाम से गावा चौक रुद्रपुर में विदेश भेजने का काम करते हैं। जुलाई 2022 में गौरव कुमार व बलराज सिंह ने उसे विश्वास दिलाया कि वह स्टडी के लिए उसे इंग्लैंड भिजवा देंगे। इसके लिए उन्होंने 9 लाख रुपये का खर्चा बताया। उनकी बातों पर आकर उसने गावा चौक स्थित कार्यालय पहुंचकर 6.30 लाख रुपये नकद दे दिए। इसके अलावा 196200 रुपये 20 जुलाई 2022 को अपनी मां जसवीर कौर के खाते से उनके खाते में ट्रांसफर करवाए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि गौरव कुमार व बलराज सिंह ने इंश्योरेंस कराने के नाम पर 74171 रुपये भी ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए, 20 जनवरी 2023 को जब वह स्टडी वीजा लेकर दिल्ली इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचा तो उसे एयरपोर्ट अथॉरिटी ने रोक दिया और वापस भेज दिया। उन्होंने बताया कि उनका इंग्लैंड का स्टडी वीजा फर्जी है। इसके बाद वे घर पहुंचा और उनके कार्यालय गया। रुपये वापस मांगे तो वह गाली गलौज और धमकी देने लगे। जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कोर्ट के शरण ली अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गौरव कुमार और बलराज सिंह पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पांच साल में पैसा दोगुना करने का लालच देकर एक लाख की धोखाधड़ी

**रुद्रपुर** : भदईपुरा निवासी एक व्यक्ति ने दो लोगों पर कल्पवट रियल स्टेट कंपनी में पांच साल में दोगुना धनराशि होने के नाम पर एक लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दो नामजद और दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भदईपुरा निवासी जसवंत सिंह ने कोर्ट को सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि 1 जनवरी 2013 को मूलरूप से मलकपुर शीशगढ़ बरेली और हाल फुलसुंगी निवासी राकेश यादव और सावित्री पत्नी बेनी राम के साथ दो अन्य लोग उसके घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बताया कि रुपये दोगुना करने वाली कल्पबट रियल एस्टेट लिमिटेड के नाम से कंपनी बनाई है। कंपनी में पैसा जमा कर बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखा जा सकता है। विश्वास कर एक लाख रुपये राकेश यादव और सावित्री को दे दिए। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पांच साल में रुपये दोगुने हो जाएंगे। आरोप है कि इस दौरान उनसे रसीद मांगी तो 29 मार्च 2013 को 30 हजार का बांड दिया। इसके बाद शेष धनराशि 70 हजार रुपये के बांड के रूप में देने के लिए आश्वस्त करते रहे। बाद में सावित्री व राकेश यादव ने उसे विश्वास में लेकर दोबारा मासिक किश्त शुरू करायी। जिसकी किश्त वह लगातार जमा करता रहा। समय पूरा होने के बाद सावित्री व राकेश यादव से जमा की गई धनराशि मांगी तो वह टालमटोल करते रहे। 18 जून 2022 की शाम जब वह उनके घर गया तो सावित्री व राकेश यादव ने उससे अभद्रता कर दी। इसकी शिकायत उसने पुलिस से की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इधर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो नामजद समेत दो अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लोडिंग के लिए खड़े डंपर में मारी टक्कर, चालक गंभीर

बाजपुर : ग्राम मनरसा, सुयान बरी नैनीताल निवासी नरेन्द्र सिंह ने कहा कि डंपर एलएससी इन्फाटैक गोबरा स्टोन क्रेशर बन्नाखेड़ा में लोडिगं हेतु खड़ा था, जिसमें ड्राइवर भीम सिंह गाड़ी की छत पर खड़ा होकर वाहन को भरवा रहा था। लोडिंग के समय वाहन संख्या यूपी25ईटी1235 ने 60 मीटर की दूरी से तेजी से वाहन को बेक कर उसके वाहन को सीधे टक्कर मार दी, टक्कर लगने से चालक भीम सिंह छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना
मैंने अपने पुत्र जितेन्द्र पाल सिंह पुत्र स्व. दलजीत सिंह को उसके अर्मादित कृत्यों के चलते अपनी समस्त प्रकार की चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा तथा मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य का मेरे पुत्र से कोई वास्ता सरोकार आदि नही रह गया है न ही भविष्य में रहेगा। उसके द्वारा सही एवं गलत किये गये कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। - नरेन्द्र कौर पत्नी स्व. दलजीत सिंह, वार्ड नंबर 6 आवास विकास गदरपुर जिला-उधमसिंह नगर (उत्तराखंड)

# घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

वारदात

- गंगापुर रोड पर घटना को दिया अंजाम, पुलिस ने मौका मुआयना कर पूछताछ के लिए कुछ संदिग्धों को उठाया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** गंगापुर रोड पर घर का ताला तोड़कर कमेटी के लिए रखी 60 हजार नकदी समेत हजारों के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर ट्रांजिट कैंप पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। वहीं चोरी के इस मामले में पुलिस कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है।



घर में बिखरा सामान दिखाता पीड़ित। ● अमृत विचार

गंगापुर रोड स्थित लक्ष्मी विहार में अमित छाबड़ा का मकान है, जबकि खेड़ा में अमित की भगवती मेडिकल स्टोर नाम से दुकान है। स्कूल की छुट्टियां होने के चलते उनकी पत्नी बच्चों को लेकर अपने मायके पंजाब गई हुई हैं, जबकि अमित छाबड़ा घर में अकेले ही रह हैं। शनिवार शाम को वह घर में ताला लगाकर बिलासपुर स्थित चिढ़ियाखेड़ा बालाजी मंदिर में दर्शन करने के लिए गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने देर रात घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान चुरा लिया।

अमित को इसका पता रविवार की सुबह साढ़े तीन बजे घर पहुंचने पर चला। मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर देखा तो सभी कमरे खुले थे और सारा सामान इधर उधर बिखरा हुआ था। इसकी सूचना उन्होंने तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जानकारी ली।

पूछताछ में अमित ने बताया कि चोर उसके घर से सोने की चेन, अंगूठी समेत अन्य जेवरात ले गए हैं। इसके अलावा कमेटी के लिए रखी गई 60 हजार की नकदी समेत अन्य सामान भी चुरा ले गए हैं। थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है। आसपास लगे कई सीसीटीवी कैमरे खंगाले गये हैं। इसके अलावा कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

## नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष की जेठानी घर में मृत मिलीं

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष की जेठानी की मौत हो गई। नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अंजु जायसवाल के जेठ एवं भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल के भाई हरीश जायसवाल एवं उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी जायसवाल परिवार के साथ नगर के पंजाबी मोहल्ला क्षेत्र में निवास करते हैं। बताया जा रहा कि हरीश जायसवाल किसी काम के सिलसिले में करीब एक सप्ताह पूर्व नोएडा गए हुए थे। दोपहर में घरेलू काम के लिए रखी महिला हरीश के निवास पर पहुंची तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा नहीं खुलने पर महिला ने पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू जायसवाल एवं उनके पति भाजपा नेता धर्मराज को फोन पर सूचना दी। दोनों पति-पत्नी मौके पर पहुंचे और धर्मराज पीछे के दरवाजे से घर में दाखिल हुए। घर के कमरे में 64 वर्षीय विजयलक्ष्मी जायसवाल का शव अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। मौके पर पहुंचे निजी चिकित्सक ने जांच के बाद विजयलक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि विजयलक्ष्मी अस्थमा पीड़ित थी और लंबे समय से बीमार चल रही थीं। पोस्टमार्टम के बाद विजयलक्ष्मी के शव को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यालय मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर
पत्रांक : 721 ट.क्षे./म.प्र. (सं.) सफाई-धुलाई/निविदा/2024 दिनांक : 28-06-2024
-: सफाई व्यवस्था बाबत निविदा आमंत्रण :-
एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम के टनकपुर मण्डल के टनकपुर डिपो के सितारगंज बस स्टेशन में बस अड्डे की सफाई धुलाई हेतु 02 कार्मिक की आवश्यकता है।
सितारगंज बस स्टेशन में सफाई धुलाई व्यवस्था बाबत इच्छुक ठेकेदारों से सीलबन्द निविदा डाक/ स्पीड/पोस्ट/कार्यालय काउन्टर पर दिनांक 01-07-2024 से दिनांक 18-07-2024 समय मध्याह्न 14:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। दिनांक 18-07-2024 को ही 15:00 बजे गठित समिति एवं उपस्थित रहने वाले निविदाकर्ताओं के समक्ष प्राप्त निविदा खोली जायेगी। इस हेतु शर्तें एवं निविदा फार्म दिनांक 01-07-2024 से किसी कार्य दिवस को धनराशि रु० 100/ जमा कर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। भविष्य में निर्धारित तिथि को अकस्मात सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर निविदा कार्यालय खुलने के कार्यदिवस पर खोली जायेगी।
(पवन मेहरा)
मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर

सौगात | प्रभारी निरीक्षक ने दिए थे गुम मोबाइल को बरामद करने के निर्देश

# पुलिस ने फोन खोजकर पीड़ितों को लौटाए

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस की टीम ने नगर क्षेत्र में गुम चार मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंप दिए। मोबाइल धारकों ने पुलिस का आभार जताया। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा की ओर से सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद करने के लिए पुलिस टीम को निर्देश दिए थे।

सीसीटीएनएल पोर्टल में नियुक्त टीम ने गुम मोबाइल फोन का डाटा पोर्टल में अपलोड कर चार मोबाइल फोन बरामद कर लिए। पुलिस ने करीब 65000 कीमत के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम की ओर से काशीपुर निवासी तरुण यादव का 18 हजार रुपये, वार्ड नंबर 14 किच्छा निवासी सद्दाम हुसैन का 16 हजार का, वार्ड नंबर 6 किच्छा निवासी इंद्रजीत का 17 हजार तथा ग्राम बंडिया किच्छा निवासी वीरेंद्र का 14 हजार रुपये का मोबाइल फोन बरामद कर लिया। पुलिस की सूचना पर चारों मोबाइल फोन स्वामी किच्छा कोतवाली पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने सभी को मोबाइल वापस कर दिए। मोबाइल प्राप्त करने के बाद मोबाइल स्वामियों ने पुलिस टीम का आभार जताया है।




किच्छा कोतवाली में पीड़ितों को फोन सौंपते कोतवाल सुंदरम शर्मा एवं पुलिस टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### बारिश के बाद अब लोग उमस से हो रहे परेशान

**काशीपुर** : तराई में 28 जून से मानसून ने अपनी दस्तक दे दी है, जिसके बाद तराई के सभी हिस्सों में भारी बारिश हुई, 29 जून को भी तराई में बारिश बरकरार रही, वहीं 30 जून यानि रविवार को बारिश नहीं हुई, लेकिन बीते दो दिनों से हुई बारिश के बाद तराई में मौसम काफी उमस भरा रहा। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने दो जुलाई तक मौसम में उमस रहने की संभावना जताई है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि बीते दो दिनों में तराई में 50 एमएम तक बारिश हुई। जिसके बाद हवा में नमी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि रविवार को वातावरण में 58 फीसदी नमी रिकॉर्ड की गई। इसके चलते उमस बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन तराई में पांच से 10 एमएम बारिश की संभावना है। बताया कि ऐसे में उमस और बढ़ने की संभावना है।

### तीन नये कानूनों की धाराओं में कई बदलाव, एसएसपी ने सभी थानों-चौकियों में तैनात अधीनस्थों को दिए निर्देश

# न्याय, सुरक्षा-साक्ष्य अधिनियम के तहत दर्ज होंगे मामले

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : ब्रिटिश हुकूमत से चली आ रही संहिताओं में बदलाव करते हुए एक जुलाई यानी सोमवार से अब देश भर की थाना-चौकियों में तीन नये कानून के हिसाब से अब मुकदमे पंजीकृत होंगे और कानूनी कार्रवाई होगी। इसको लेकर एसएसपी ने जिले के सभी थानों-चौकियों में तैनात अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए हैं।

बताते चलें कि ब्रिटिश हुकूमत के दौर से चली आ रही संहिताओं में केंद्र सरकार ने तीन नये कानून में बदलाव किया है। इसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं। ये नये कानून भारतीय दंड संहिता 1860, आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लेंगे। पहले भारतीय संहिता में 511 आपराधिक धाराएं होती थी, लेकिन अब घटकर 358 हो गई है। इसमें 20 नये अपराधों को शामिल किया गया है। 33 अपराधों में सजा के प्रावधान को बढ़ाया गया है, जबकि 83 मामलों में जुर्माने की राशि को बढ़ाया गया है।

इसके अलावा 23 प्रकरणों में अनिवार्य न्यूनतम सजा और छह प्रकरणों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है। इन सभी को ध्यान में रखते हुए जनपद भर के दरोगाओं को नये कानून की जानकारी का प्रशिक्षण भी पूर्व में दे दिया गया है। अब एक जुलाई से इन कानूनों को मुकदमा रजिस्टर में दर्ज करने के लिए एसएसपी ने अधीनस्थों को नये कानून के तहत ही मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया है। अब न्याय, नागरिक सुरक्षा और साक्ष्य अधिनियम के तहत हुए बदलाव में ही मुकदमा दर्ज होगा।

#### संगीन धाराओं में हुआ मुख्यतः बदलाव

**रुद्रपुर** : आज से जहां न्याय, नागरिक सुरक्षा संहिता और साक्ष्य अधिनियम में बदलाव हुआ है। वहीं आईपीसी के संगीन आपराधिक धाराओं में मुख्यत: गैरकानूनी सभा की धारा 144 को बदलकर 189, हत्या की 302 को बदलकर 101, हत्या के प्रयास की धारा 307 को बदलकर 109, दुष्कर्म की धारा 376 को बदलकर 63, मानहानि की धारा 399 को बदलकर 356 और ठगी की धारा 420 को बदलकर 316 कर दिया गया है। अब पुलिस बदली गयी इन धाराओं के तहत ही मुकदमा दर्ज करेगी।

#### पोक्सो की धारा में फांसी का हुआ प्रावधान

**रुद्रपुर** : दुष्कर्म जैसे घिनौने कृत्य करने वाले दोषियों को अब नये कानून के तहत कठोर सजा देने का प्रावधान रखा गया है। इसमें नाबालिग दुष्कर्म प्रकरण में मुख्यत शामिल किया गया है। नये बदलाव के तहत 12 साल से कम बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को अब सजा नहीं, बल्कि मृत्युदंड का भी प्रावधान कर दिया है। इसके अलावा पोक्सो के तहत सात साल की न्यूनतम सजा को बढ़ाकर अब दस वर्ष कर दिया गया है। साथ ही बदलाव किये गये हैं नाबालिग प्रकरणों में पुलिस और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर ही सजा दी जाएगी। ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके और दुष्कर्म की वारदातों का ग्राफ समाप्त हो।

> आज यानी एक जुलाई से जनपद के सभी थाना-चौकियों में नये कानूनों के तहत ही मुकदमे दर्ज होंगे। इसके लिए अधीनस्थों को पूर्व में ही प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिले के सभी थानों-चौकियों को नये कानून के हिसाब से मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये हैं।
>
> -**मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर



# अब अधिवक्ता के दोस्त से मांगी 15 लाख की फिरौती

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : विगत दिवस अधिवक्ता को गोली मारकर कर घायल करने के बाद अधिवक्ता के दोस्त से 15 लाख रुपये फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है।

बगवाड़ा निवासी मेहफुज अहमद पुत्र हाजी मकसूद ने पुलिस को सौंपी शिकायत में बताया कि 27 जून को उसके दोस्त गदरपुर निवासी अधिवक्ता और आइलेट्स संचालक प्रशांत सिंह पुत्र अनिल सिंह पर बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों ने रुद्रपुर में गोली मार दी थी। जिसके बाद शनिवार शाम को उसके मोबाइल पर मोबाइल नंबर (1437)870-4316 से एक कॉल आयी। इस दौरान कालर ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए 15 लाख रुपये की फिरौती मांगी। कहा कि जिस तरह से उसके दोस्त पर गोली चलाई है, उसी तरह उस पर भी गोली चलाएंगे।

मेहफुज का कहना था कि कॉलर ने सात दिन के अंदर पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। मेहफुज अहमद ने पुलिस से आरोपित पर कार्रवाई कर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही फिरौती की धमकी देने वाले को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

#### जांच शुरू

- शनिवार को अधिवक्ता को गोली मारकर किया था घायल, पुलिस ने शिकायत पर शुरू की जांच

# निजी स्कूल तीन साल तक नहीं बढ़ा सकेंगे फीस : धन सिंह

### मंडी स्थित गेस्ट हाउस में कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, शिक्षा व स्वास्थ्य समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

बैठक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रविवार को काशीपुर के मंडी स्थित गेस्ट हाउस में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से विकास कार्यों को लेकर समीक्षा की। साथ ही उन्होंने बरसात को देखते हुए अस्पतालों व स्कूलों को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

रविवार को शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत काशीपुर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया है, जिसके बाद उन्होंने मंडी स्थित गेस्ट हाउस में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री ने एक पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार प्रदेश के लिए बेहतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए प्रदेश में पीपीपी मोड पर दिए गए अस्पतालों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में रामनगर के पीपीपी मोड़ पर संचालित अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शिक्षा को लेकर प्राइवेट स्कूलों पर नकेल कसने का तैयारी की जा रही है। हर साल प्राइवेट स्कूलों में बढ़ने वाली फीस पर रोक लगाने की तैयारी के लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। निजी स्कूलों में फीस स्ट्रक्चर को लेकर बैठक की जा रही है, जिसके तहत अब तीन साल तक स्कूल फीस नहीं बढ़ा सकेंगे। इससे निजी स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करवा रहे अभिभावकों को राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेधावी छात्रों के लिए नई छात्रवृत्ति लाने, मेधावी छात्रों को राज्य सरकार की ओर से भारत दर्शन व शिक्षा विभाग में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की तैयारी की जा रही है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, राम मेहरोत्रा, पूर्व मेयर ऊषा चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक सहित स्वास्थ्य विभाग, राजकीय मेडिकल कालेज, खादी एवं औषधि प्रसाधन, सहकारिता, उच्च शिक्षा, विद्यालय एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



काशीपुर मंडी गेस्ट हाउस में अधिकारियों से वार्ता करते कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत। ● अमृत विचार

#### डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग को दिए निर्देश

**काशीपुर** : समीक्षा बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र शुरू हो गया है। ऐसे में डेंगू व मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने को कहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी जिले के सीएमओ को डेंगू व मलेरिया से संबंधित उपचार सामग्री सभी केंद्रों पर उपलब्ध कराने को कहा गया है। वही उन्होंने जल्द ही काशीपुर में भी 200 बेड का सरकारी अस्पताल के निर्माण के शुरू होने की जानकारी दी। रुद्रपुर में बन रहा मेडिकल कॉलेज अगले दो साल में बनकर तैयार हो जाएगा और सौ एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। किच्छा में एम्स सेटेलाइट सेंटर जल्दी ही बन जाएगा।

#### जिले के 22 स्कूलों के जल्द बनेंगे नए भवन

**काशीपुर** : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि जिले में जलभराव की समस्या काफी बड़ी है। इसी को देखते हुए शिक्षा विभाग को ऐसे स्कूलों को चिन्हित करने के निर्देश दिए थे, जहां जलभराव की समस्या सबसे अधिक है। इसी क्रम में जिले के 22 स्कूलों को चिंहित किया गया है। उन्होंने कहा कि चिंहित किए सभी स्कूलों को ध्वस्त कर एक वर्ष के भीतर नए भवन बनाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए हैं। इसके अलावा जिले में तीन नेता जी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास बनाए जा रहे हैं, जहां ऐसे बच्चों को जिनके अभिभावक नहीं हैं उनको 12वीं तक कि शिक्षा निशुल्क मिलेगी। इसके अलावा जिले में लगभग 400 शिक्षक के पद रिक्त हैं जिन्हें अगस्त तक भर दिया जाएगा।

#### गंभीर रोगों से ग्रसित शिक्षकों को मिलेगा वीआरएस

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा अस्पतालों में डॉक्टरों व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा रहा है। अकसर तबादले व अवकाश के लिए फर्जी मेडिकल प्रस्तुत किए जाते हैं। अब मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाएगा। गंभीर रोगों से ग्रस्त कर्मचारियों को वीआरएस दे दिया जाएगा। सहकारिता विभाग के डिफाल्टर लोगों को नोटिस जारी कर उनकी जानकारी अखबारों में प्रकाशित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया पहली जुलाई को शासन स्तर पर बैठक तय है, जिसमें काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षकों के तबादलों पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

### आत्महत्या के लिए उकसाने पर मुकदमा

**काशीपुर** : काशीपुर की एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मृतक के पति के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है। मामले में मृतका के भाई ने जीजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम बैलजूडी निवासी अब्दुल कय्यूम पुत्र जहूर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वर्ष 2017 में उसकी 26 वर्षीय बहन आरिफा का विवाह गांव डूंगरपुर, मुरादाबाद निवासी आलम पुत्र बाबू के साथ हुआ था। उन्होंने बताया कि आलम इंजन का मिस्त्री है, लेकिन इन दिनों वह राजमिस्त्री का काम करता है। 30 दिसंबर,2023 को उसकी बहन आरिफा पंखे से लटकी हुई मिली। उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप लगाया कि आरोपी उसकी बहन को प्रताड़ित करता था, उसी के व्यवहार से तंग आकर उसकी बहन ने आत्महत्या की है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी आलम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# गुलदार के हमले में लहूलुहान

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** गुलदार ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल गया।

सीमावर्ती गांव राघूवाला, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश निवासी ऋषि ओम पुत्र ओम प्रकाश सिंह रविवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे ऋषिओम पुत्र ओम प्रकाश गांव हल्दुआ शाहू स्थित एक प्राइवेट पेपर मिल में रात्रि ड्यूटी करके घर लौट रहा था, तभी वह गांव गौरा फॉर्म, जसपुर के रास्ते पर मोटरसाइकिल से उतरकर पेशाब करने लगा। इसी दौरान उस पर गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया, लेकिन युवक साहस दिखाकर गुलदार के हमले से बच निकला लेकिन इस दौरान वह घायल हो गया। हमले के दौरान युवक की चीख पुकार सुनकर पीछे से आ रहे हैं उसके दो अन्य साथी गांव सन्यासियों वाला निवासी राजेंद्र सिंह व गोविंदर मौके पर पहुंचे, उन्होंने हल्ला किया। उन्हें देखकर व उनके द्वारा शोर मचाए जाने पर हमलावर गुलदार युवक को छोड़कर भाग गया। गुलदार के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के परिजनों को घटना की सूचना दी। उन्होंने तुरंत युवक को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जसपुर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहं गुलदार के हमले में उसकी पत्नी आरती ने संभागीय वन अधिकारी तराई पश्चिमी वन संभाग को पत्र भेजकर कहा है कि वह एक गरीब परिवार की महिला है तथा उसकी दो छोटी-छोटी 2 बच्चियां हैं। जिनमें से एक बड़ी बेटी अपाहिज है। गुलजार के हमले से गंभीर रूप से घायल हुए पति का इलाज कराने हेतु उसे उचित मुआवजा दिलाया जाए।



गुलदार के हमले में घायल युवक।

### प्रोफेसर के घर हुई चोरी मामले में मुकदमा दर्ज

**काशीपुर:** अपना घर सोसायटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के घर हुई लाखों की चोरी के मामले में पुलिस ने तीन दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। कुण्डेश्वरी रोड स्थित अपना घर सोसाईटी निवासी ब्रजेश सिंह ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को तहरीर दी थी कि वह पिथौरागढ़ के डिग्री कॉलेज में एमबीए के सहायक प्रोफेसर हैं। नौ जून को उनकी पत्नी अंजलि ग्रीष्म कालीन अवकाश के चलते बच्चों को लेकर उनके पास पिथौरागढ़ चली आई थी। 27 जून की शाम पौने छह बजे जब उनका परिवार घर लौटा तो मुख्य गेट के दोनों ताले टूटे हुए थे। चोर अलमारी के लॉकर में रखे गहने और 20 हजार रुपये की नकदी ले गए। मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में लगी है।

# दक्ष रोड के पुनर्निर्माण में देरी पर फूटा गुस्सा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार** : बिगवाड़ा दक्ष रोड के पुनर्निर्माण में हो रही देरी पर स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है। इसके विरोध में रविवार को स्थानीय लोगों ने दक्ष चौक पर सांकेतिक धरना दिया और प्रदर्शन किया। मुहिम को तेज करने के लिए बिगवाड़ा दक्ष रोड पुनर्निर्माण संघर्ष समिति का भी गठन किया गया।

समिति ने एक सप्ताह में उनकी मांग पूरी नहीं होने पर व्यापक स्तर पर धरना और पैदल मार्च निकालने की चेतावनी दी। रविवार को बिगवाड़ा दक्ष रोड में रहने वाले स्थानीय लोग दक्ष चौक पर एकत्रित हुए और सांकेतिक धरना दिया। लोगों ने कहा कि रोड तीन वर्षों से खस्ताहाल है। गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन जनप्रतिनिधि और सरकार इसकी अनदेखी कर रहे हैं। कई बार सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर भी इसकी शिकायत दर्ज की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने एक माह के भीतर रोड की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर निकाय चुनाव से पहले सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण करने की मांग की। वहीं इस मुहिम को तेज करने के लिए स्थानीय लोगों ने सर्वसम्मति से बिगवाड़ा दक्ष रोड पुनर्निर्माण संघर्ष समिति का भी गठन किया है। इसमें दुष्यंत खेतवाल को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। अजय फुटेला उपाध्यक्ष, दीपक गहतोड़ी सचिव, नवीन नैलवाल सह सचिव, अभिषेक यादव महामंत्री, सुखदेव राज सिंह कोषाध्यक्ष, अजय राज शर्मा संगठन मंत्री, जगदीश टम्टा कार्यालय मंत्री एवं लक्ष्य शर्मा मीडिया प्रभारी चुने गए। साथ ही मनोज भंडारी, देवेंद्र चतुर्वेदी, नितिन रावत, चंद्रसेन कुशवाहा, अनुराग चतुर्वेदी, राकेश कुमार, धीरज गुप्ता, निर्भय मिश्रा, विभूति रंजन, राजीव दीक्षित, यतेंद्र कटारिया को समिति का सदस्य बनाया गया है।



सांकेतिक धरना-प्रदर्शन करते बिगवाड़ा दक्ष रोड क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

गुस्सा

### मंगलवार तक की मोहलत दी, बुधवार को एसएसपी कार्यालय पर सांकेतिक धरना देने की बात कही

# एसएचओ पर मुकदमा दर्ज न हुआ तो सड़क पर उतरेंगे : बेहड़

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार** : पंतनगर थाने की स्थिति बेहद खराब हो गई है, जहां एक ऐसा अधिकारी एसएचओ बनकर बैठा था, जिसकी अश्लील हरकतें उजागर होने पर मित्र पुलिस सहित पंतनगर विवि की भी छवि खराब हुई है। निलंबित एसएचओ के कार्यकाल में पंतनगर थाना दलाली का अड्डा बन गया था। एसएचओ अधिकारियों की शह पर और छुटभइए नेताओं के दबाव में पीड़ितों की आवाज कुचलकर वसूली करने में जुटा था। वह शह किन अधिकारियों की थी, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यह बात क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने विवि परिसर के लैंबर्ट स्क्वायर अतिथि गृह में प्रेसवार्ता में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि यदि आरोपी एसएचओ के खिलाफ मुकदमा नहीं दर्ज होता है, तो वह तीन जुलाई को एसएसपी कार्यालय पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद समर्थकों के साथ सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।

विधायक बेहड़ ने कहा कि दो पड़ोसियों के बीच मारपीट के मामले में लगभग एक वर्ष पूर्व एक पक्ष के पिता-पुत्री जेल गए थे। मामले की पैरवी में उसकी छोटी पुत्री का पंतनगर थाने में कई बार आना-जाना हुआ। इस दौरान एसएचओ ने युवती को असहाय समझकर उससे अश्लील बातें शुरू कर दीं (हालिया वायरल ऑडियो उसी समय की है)। पीड़िता के पिता ने बताया कि सात जून को उसके बच्चे घर में अकेले थे। उसके पड़ोसी और उनके बेटे व दामाद ने आधी रात घर में घुसकर उनसे मारपीट की। सुबह मामले की शिकायत लेकर जब उनके बच्चे थाने पहुंचे तो एसएचओ ने आरोपियों को थाने बुलाकर कुर्सी पर बैठाया और बच्चों को जेल भेजने की धमकी देकर भगा दिया। बच्चे जब एसएसपी के यहां फरियाद लेकर पहुंचे तो उनको वहां से भी डांटकर भगा दिया गया। जब वह मेडिकल कराने जिला अस्पताल पहुंचे तो पुलिस ने डॉक्टर से उनका मेडिकल करने से भी मना कर दिया। युवती ने एसएसपी डीआईजी सहित सीएम पोर्टल पर भी शिकायत की, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब पीड़िता ने एसएचओ की पूर्व में रिकॉर्ड की ऑडियो क्लिप विधायक बेहड़ तक पहुंचाई। उन्होंने मामले से डीजीपी को अवगत कराया और उनकी मांग पर डीजीपी ने आरोपी एसएचओ के खिलाफ जांच कर निलंबन और मुकदमा दर्ज करने के आदेश दे दिए, लेकिन दुर्भाग्य है कि एसएसपी ने एसएचओ को निलंबित तो कर दिया, लेकिन उसके खिलाफ अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।



प्रेसवार्ता करते विधायक तिलकराज बेहड़। ● अमृत विचार

#### दो और मामले भी आए सामने

**पंतनगर** : विधायक बेहड़ ने बताया कि एसएचओ के निलंबन के बाद पंतनगर से ही दो और मामले सामने आए हैं, जिसमें उसने आरोपियों का साथ दिया और पीड़ित की आवाज कुचल दी, जिसमें एक दलित महिला ने 15 अक्टूबर 2023 को एक तहरीर दी कि उसे दबंगों ने मारपीट कर उसके घर में ताला लगा दिया है और वह दर-दर भटक रही है। मामले में एसएचओ की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने पर महिला एसएसपी के पास गई, फिर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं दूसरे मामले में एक युवती के अंतिम संस्कार में पहुंचे पिता और भाइयों से दामाद और उसके भाई व दोस्तों ने शमशान घाट में ही मारपीट कर दी। थाने में तहरीर देने पहुंचे पीड़ित पर एसएचओ और सत्ताधारी दल के एक छुटभैया नेता ने दबाव डालकर जबरदस्ती सुलहनामे पर हस्ताक्षर करवा लिए।

### सात लोगों के खिलाफ मारपीट में मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर** : पालम ग्रीन निवासी एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि इस संबंध में पुलिस से शिकायत की गयी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच नामजद और दो अन्य पर मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है। पालम ग्रीन कॉलोनी कीरतपुर निवासी हरपाल सिंह गिल ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में सौंपे शिकायती पत्र में कहा था कि 2 जनवरी 2024 की शाम 4 बजे उसकी पत्नी घर के बाहर खड़ी थी। इस दौरान बगवाड़ा निवासी गगन विर्क, डिबडिबा निवासी मंजीत सिंह विर्क, सुभाष नगर डिबडिबा निवासी तरनदीप सिंह, ग्राम गगनपुर बिलासपुर निवासी जीवन शेखो, बसंत संधू और दो अन्य लोग कार से उनके घर के बाहर पहुंचे। पत्नी से उसके बारे में पूछने लगे। हरपाल सिंह का कहना था कि उसके नए घर पालम ग्रीन कालोनी में पुट्टी का काम करवा रहा था। इस दौरान असलहों से लैस होकर गगन विर्क, मंजीत सिंह, तरनदीप सिंह व जीवन शेखो, बसंत संधू अपने दो अन्य साथियों के उस पर हमला कर दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों को नामजद कर दो अन्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# कार्रवाई न होने से खनन माफिया के हौसले बुलंद

## नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने ब्रह्म नगर गांव में खनन माफिया के खिलाफ चल रहे धरने को दिया समर्थन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर के कुंडेश्वरी स्थित ग्राम ब्रह्म नगर में लंबे समय से अवैध खनन के विरोध में ग्रामीण धरने पर बैठे हैं। इसी क्रम में रविवार को कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ग्रामीणों को समर्थन देने पहुंचे।

इस दौरान यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार में ठोस कार्रवाई नहीं होने पर खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने ग्रामीणों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। बता दें कि 23 जून से कुंडेश्वरी के ग्राम ब्रह्म नगर के ग्रामीण अवैध खनन पर रोक लगाने व ओवरलोड वाहनों के पर रोक लगाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

जिसके बाद रविवार को कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य धरनास्थल पर ग्रामीणों को समर्थन देने पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने यशपाल आर्य का स्वागत किया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोड वाहन आए दिन गांव की विद्युत लाइन, सड़क को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं।

साथ ही डंपरो के ओवरलोड होने से लोगों को सड़क पर आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। वहीं नेता प्रतिपक्ष ने ग्रामीणों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।


कुंडेश्वरी स्थित ग्राम ब्रह्म नगर में धरना स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समर्थन देते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या। ● अमृत विचार

### धरने में ये लोग रहे मौजूद

**काशीपुर।** विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, महक सिंह, राकेश लखेड़ा, पूर्व प्रधान राजपाल, हरिलाल, अभय सिंह, गुरबचन सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख गुरदयाल, नौशे अली, चंद्रभान, विकास कुमार, अजीत सिंह, राजेंद्र, प्रीतम, सूरज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूर्व सपा प्रदेश अध्यक्ष व यशपाल आर्य के बीच हुई तीखी नोकझोंक

**काशीपुर।** रविवार को भी ब्रह्म नगर क्षेत्र में ग्रामीणों का धरना जारी रहा, जिसके बाद सुबह नौ बजे नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान धरना स्थल पर मौजूद पूर्व सपा प्रदेश अध्यक्ष गविंदर सिंह गवि ने यशपाल आर्य पर धरने को राजनीति रूप देने का आरोप लगाया। इस बीच सपा नेता और यशपाल आर्य के समर्थकों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। जिसके बाद मामले को बढ़ता देख मौके पर मौजूद पुलिस सपा नेता को अपने साथ ले गई। वहीं विवाद के बाद यशपाल आर्य भी धरना स्थल से अपने समर्थकों के साथ रवाना हो गए।

# हल्द्वानी से जालंधर के लिए वाया बाजपुर संचालित होगी बस

**बाजपुर।** उत्तराखंड परिवहन निगम के अंतर्गत संचालित हल्द्वानी डिपो की एक रोडवेज बस अब प्रतिदिन दोपहर बाद दो बजे हल्द्वानी से जालंधर के लिए वाया कालाढूंगी, बाजपुर संचालित होगी, जो अगले दिन प्रातः साढ़े पांच बजे हल्द्वानी पहुंचेगी। रोजाना दोपहर दो बजे हल्द्वानी से प्रस्थान करेगी। सवा तीन बजे बाजपुर, साढ़े तीन बजे दोराहा के बाद नेशनल हाइवे-74 से होते हुए काशीपुर पहुंचेगी और वहां से जसपुर, अफजलगढ़, नगीना, धामपुर, नजीबाबाद, हरिद्वार होते हुए अगले दिन प्रातः पांच बजे जालंधर पहुंचेगी।

बताते चलें कि अधिकांश पंजाब की बस सेवाएं वाया रुद्रपुर संचालित हैं जिसकी वजह से चकलुवा, कालाढूंगी, नया गांव, बरहैनी, बाजपुर के बाशिंदों को पंजाब के लिए सीधे बस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा था। यह जानकारी पंजाब के लिए बस सेवा देने वाले गुरनाम सिंह द्वारा यहां दी गई है।

# ई-रिक्शा चालकों को पढ़ाया नियमों का पाठ


गदरपुर थाने में नियमों का पाठ पढ़ाते थाना अध्यक्ष जसबीर चौहान। ● अमृत विचार

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** थाने में ई-रिक्शा चालकों की बैठक की गई। बैठक में थाना अध्यक्ष ने ई-रिक्शा चालकों को ट्रैफिक नियमों का पाठ पढ़ाया। रविवार को थाने में थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने ई-रिक्शा चालकों से कहा कि सभी ई-रिक्शा चालक अपना आईडी कार्ड बनवाएं और हर आईडी कार्ड में थाने की मोहर लगवा कर अपने पास रखें। उन्होंने कहा ई-रिक्शा चालक अपने रिक्शा में एक तरफ जाली लगवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान, उप निरीक्षक बसंत कुमार, विवेक गुप्ता, प्रीत सिंह, अजय सिंह, मोनू सैनी, जय सिंह, रामू, गुरमीत सिंह, जयप्रकाश, रूप किशोर, राजपाल सैनी, संजय कुमार, अरुण कुमार, सोमल सिंह, गजराम सहित कई ई-रिक्शा चालक मौजूद थे

# शिक्षा में नवाचार लाने का प्रशिक्षण दिया


किच्छा के सेंट पीटर स्कूल में जानकारी देते वक्ता महेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा में नवाचार और सुधार लाने के उद्देश्य से शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य फादर एलेक्स जेंडर मोनतेरो के दिशा निर्देशन में कार्यशाला के शुभारंभ पर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। सेमिनार का उद्देश्य शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का प्रशिक्षण देकर स्व शिक्षक प्रणाली बनाना था। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य मोनतेरो द्वारा कार्यशाला में पहुंचे मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह का आभार व्यक्त कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मौके पर फादर सौरभ, उप प्रधानाचार्य सिस्टर लूसिया, सिस्टर सिल्वी, सिस्टर बसंती सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### फैक्ट्री में काम कर रही महिला मजदूर की दीवार ढहने से मौत

**काशीपुर।** फैक्ट्री में काम कर रही एक महिला मजदूर दीवार ढहने से मलबे में दबकर घायल हो गई। उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर कुंडा थाना पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया। आलू फार्म निवासी यशपाल सिंह की पत्नी पवन कौर (48 वर्ष) अपने परिवार के भरण पोषण के लिए मजदूरी करती थी। उसका पति यशपाल भी बेलदारी करता है। शनिवार को वह बाजपुर रोड स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करने गई थी। दोपहर करीब ढाई बजे मिस्त्री को मसाला देते समय उसके ऊपर फैक्ट्री की पुरानी दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार गिरने से मलबे में दबकर पवन कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। इससे वहां हड़कंप मच गया। फैक्ट्री स्टाफ ने घायल महिला को इलाज के लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की एक पुत्री का विवाह हो चुका है। जबकि दो पुत्र और दो पुत्रियां अभी अविवाहित हैं। सूचना पर पहुंचे एसआई दीपक चौहान ने मृतका के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया।

### छात्र के घायल होने पर चालक पर मुकदमा दर्ज

**किच्छा।** एक माह पूर्व दुर्घटना में घायल एमकॉम की परीक्षा देकर घर लौट रहे छात्र को इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया। जहां चिकित्सकों को छात्र की जान बचाने के लिए एक टांग काटनी पड़ी। छात्र के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में किच्छा कोतवाली अंतर्गत ग्राम दरऊ निवासी मोइनुद्दीन पुत्र जिरार अहमद ने बताया कि उसका पुत्र हसनैन विगत एक जून को रुद्रपुर से एमकॉम की परीक्षा देकर टेंपो से घर वापस लौट रहा था। इस दौरान ग्लोब इंडस्ट्रीज के निकट टेंपो से उतर रहे हसनैन को पीछे से तेज रफ्तार आ रहे आयशर ट्रैक्टर के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में हसनैन गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए रुद्रपुर ले जाया गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों को चिकित्सकों ने हसनैन की गंभीर स्थिति से अवगत कराते हुए उसे दिल्ली एम्स ले जाने की सलाह दी। पीड़ित के अनुसार एम्स के चिकित्सकों ने बताया कि इन्फेक्शन अधिक होने के कारण हसनैन की जान बचाने के लिए उसकी एक टांग काटनी पड़ेगी। बताया कि फिलहाल हसनैन की टांग काटने के बाद उसका दिल्ली में इलाज जारी है।

# विकास के लिए सरकार कटिबद्ध

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश की भाजपा सरकार विकास को अंतिम छोर तक करने के लिए कटिबद्ध है। सबका साथ सबका विकास के साथ पुष्कर सिंह धामी सरकार कार्य कर रही है। यह बात शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय ने कहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जयनगर नंबर-3 व 4 में वर्षा के पानी रुकने से जल भराव की स्थिति बनी रहती है, जिससे निपटने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार ने कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग को नाले के निर्माण के लिए 189. 55 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

रविवार को जयनगर में मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय व सिंचाई विभाग सहायक अभियंता एचसी जोशी ने संयुक्त रूप से जयनगर नंबर तीन व चार में 189.55 लाख की लागत से नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक पांडेय ने ग्रामीण को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही नाले निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा, जिससे लोगों को जल भराव की स्थिति से निजात मिलेगी। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की लगभग क्षतिग्रस्त एक दर्जन मार्गों को बरसात के बाद निर्माण करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया।

कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि सुकोमल मंडल व अखिलेश ओझा ने किया। इस मौके पर युवा भाजपा नेता अतुल पांडेय, प्रधान दीपक पाल, शत्रुघ्न सिंह राठौर, योगेश पानू, मलूक राजपूत, राजेश चौहान, प्रेम सिंह, गिरधर कार्की, श्याम सिंह, लाल सिंह, संजय शाह, चंदन नेगी, विक्रम सरकार, बसंत सिंह, शेर बहादुर, महेश पनेरु प्रवीण सिंह, रघुवीर भंडारी, डॉ संजीव राय, संजय सिंह, डॉ आशीष तरफदार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय।

# तीसरे दिन मिला डूबे युवक का शव

**खटीमा।** दो दिन पहले सूखी नहर बाईपास पर नहाते समय डूब युवक का शव पुलिस और एसडीआरएफ की टीम की भारी मशक्कत के बाद घटना स्थल के पास से ही बरामद हो गया।

बानूसी निवासी राहुल खोलिया (26) पुत्र बहादुर सिंह अपने दोस्त के साथ खटीमा बाइक सर्विस कराने आए थे। जिसके बाद उन्होंने सुखी नहर बाईपास पर नहाने का प्रोग्राम बनाकर वहां पहुंच गए। नहाते समय राहुल तेज बहाव में बह गया। उसी दिन से पहले जल पुलिस और बाद में एसडीआरएफ और पुलिस टीम लगातार तलाश में जीती रही। रविवार दोपहर तलाश में जुटी टीम को घटनास्थल के पास ही राहुल खोलिया का शव बरामद हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। राहुल के डूबने की खबर के बाद से हो उसकी पत्नी निकिता खोलिया का बुरा हाल है।

# साइकिल सवार को पड़ा दौरा, रेफर

**बाजपुर।** साइकिल से जा रहे एक युवक को अचानक दौरा पड़ गया जिससे वह असंतुलित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर पालिका के मोहल्ला टीचर कालोनी निवासी दीपक पुत्र मुन्नालाल शनिवार की देर रात करीब 9 बजे साइकिल पर भौना कालोनी की ओर किसी कार्य से जा रहा था।

बताया जाता है कि इसी बीच भौना कालोनी के नजदीक चलती साइकिल पर दीपक को अचानक दौरा पड़ गया जिससे वह साइकिल पर संतुलन खो बैठा और अनियंत्रित होकर साइकिल समेत सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। उसके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों पर काफी चोटें आई हैं। घायल को दौड़कर पहुंचे आसपास के लोगों व राहगीरों ने आनन-फानन में ही सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' से मिलती है ऊर्जा : अरोरा

संवाददाता, रुद्रपुर/ किच्छा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले मन की बात कार्यक्रम और अब तक के 111वें संस्मरण को विधायक शिव अरोरा ने बूथ संख्या 129 मलिक कॉलोनी में सुना। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने अपने सहयोगियों के साथ बैठकर मन की बात बात सुनी। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एक एक पौधा अपनी मां को समर्पित कर लगाया।

इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि इस बार का मन की बात कार्यक्रम काफी ऊर्जा से भरा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा की इस बार हम एक पेड़ उसके नाम से लगाये जिसका रिश्ता हमारे साथ जन्म के समय से हो जाता है वो है मां। उन्होंने सभी से अपील कर कहा कि एक पौध अपनी मां को समर्पित करते हुए लगाए। इससे सामाजिक जीवन में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर निवर्तमान पार्षद सुनीता मुंजाल, भाजपा नेता अनमोल विर्क, राजेश पप्पल, भाजयुमो जिला महामंत्री बिट्टू चौहान, मधू, सचिन मुंजाल समेत कई लोग मौजूद रहे। इधर, वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने अपने सहयोगियों के साथ बैठकर मन की बात बात सुनी। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं किच्छा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम मन की बात को नगर के तमाम क्षेत्रों में लोगों ने देखा और सुना। नगर के वार्ड नंबर 2 आजाद नगर क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुजारा के आवास पर बड़ी स्क्रीन पर सभी ने मन की बात सुनी। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता कुंदन लाल खुराना, रामावतार अग्रवाल, प्रदीप पुजारा, मनमोहन कुमार, राजकुमार कोली, राजू आदि मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी की मन की बात सुनते वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ।

# 15 लाख का लोन लेकर बंधक संपत्ति को बेचा

संवाददाता, किच्छा

▶▶ **कोर्ट के आदेश पर शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**

**अमृत विचार :** हाउसिंग लोन के लिए बैंक में बंधक रखी गई संपत्ति को आरोपियों ने जालसाजी कर अन्य लोगों को बेच दिया।

लोन जमा ना होने के बाद जब बैंक के अधिकारी बंधक रखी गई संपत्ति पर कब्जा करने पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि आरोपियों द्वारा उक्त भूमि को अन्य लोगों को बेचने का खुलासा हुआ। आरोपियों ने नगर स्थित केनरा बैंक की शाखा से लाखों रुपए का लोन ले लिया और बंधक रखे गए मकान को अन्य लोगों को बेचकर सरकारी धनराशि का गबन करने की योजना बनाई। फिलहाल न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत जांच शुरू कर दी है। नगर स्थित केनरा बैंक की शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव प्रकाश के अनुसार पूर्व में केनरा बैंक सिंडिकेट बैंक के नाम से संचालित था। बताया कि किच्छा कोतवाली अंतर्गत वार्ड 8, निकट जनता स्कूल निवासी कय्यूम एवं सिरौली कला, तहसील किच्छा निवासी महबूब अहमद ने संयुक्त रूप से हाउसिंग लोन के लिए 5 फरवरी 2015 को 15 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया था तथा इस ऋण की अदाएगी के लिए अपनी गारंटी के रूप में निकट शुगर फैक्ट्री गेट, बंडिया, कोतवाली किच्छा निवासी रवि शर्मा को प्रस्तुत किया था। आरोपियों द्वारा बैंक भुगतान जमा नहीं करने पर मामले का खुलासा हुआ।

## सार-संक्षेप

### डॉ.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति हटाने का मामला नहीं थमा

**बाजपुर :** ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति हटाने को लेकर उपजे विवाद का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस मामले में ग्रामीणों का पक्ष जानने व उनकी बात सुनने के लिए एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी व तहसीलदार अक्षय कुमार ने रविवार को ग्रामीणों के साथ एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई जिसमें उच्च न्यायालय से जारी दिशा-निर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए मूर्ति को दूसरी जगह स्थापित करने को कहा गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, कानूनगो सुनीति पाल, ग्राम रतनपुरा बीडीसी प्रदीप कुमार, पटवारी दीपक चौहान आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

**काशीपुर।** महुआखेड़ा गंज क्षेत्र के समस्त वार्डों में विभिन्न जगहों पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। इस मौके पर पौधरोपण करने पहुंचे पूर्व राज्यमंत्री राजेश कुमार ने कहा कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, इसलिए हमें अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। एक पेड़ मां के नाम मोदी जी की सार्थक पहल को पंख देने के लिए महुआखेड़ागंज नगर पालिका क्षेत्र को 126 पौधे लगाकर हरा भरा किया गया है। यहां भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रियंका अग्रवाल, कुंवरपाल, आनंद प्रकाश, हाफिजुर रहमान, यशवीर राठी, संतोष सैनी, अमरपाल, पंकज चौहान, शिवा कुमार, रमेश गंगवार, अनिल कुमार, रहीश अहमद, कपिल गौतम, मुन्ना शाह आदि कार्यकर्ता आदि रहे।

### पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन


जसपुर में पंचायत में भाग लेने पहुंचे किसान।

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया और उनके निराकरण की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत का आयोजन जसपुर कृषि उत्पादन मंडी समिति के सभागार में किया गया, जिसमें कहा गया कि सरकार द्वारा स्वामी नाथन की रिपोर्ट को उसका संपूर्ण अध्ययन करके ही लागू किया जाए। किसानों के ट्यूबवेलों के बिजली के बिल माफ किए जाएं। क्षेत्र की नादेही चीनी मिल में तुरंत स्थाई जीएम की नियुक्ति की जाए, क्योंकि मिल में स्थाई जीएम न होने से मिल के अगले गन्ना सत्र की तैयारी ढंगसे नहीं हो पा रही है। पंचायत में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष जगीर सिंह, चौधरी किशन सिंह, शैलेंद्र कुमार बादल आदि ने भाग लिया।

### आशीष और हर्षित ने किया नाम रोशन


कोच के साथ आशीष व हर्षित।

**बाजपुर।** इंडियन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम देहरादून में आयोजित 5वें राष्ट्रीय खेलों में रविवार को हिस्सा लेते हुए बाजपुर के ग्राम गुलड़िया निवासी होनहार खिलाड़ी आशीष कंबोज ने 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक एवं हर्षित कंबोज ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ी बच्चे कोच कुलदीप सिंह की अगुवाई में इस प्रतियोगिता में शामिल होने देहरादून गए हुए हैं।

### सामाजिक वैचारिकी का विमोचन

**बाजपुर।** मलेरिया रोड बाजपुर स्थित बुक्सा छात्रावास में कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, साहित्य व लेखन के क्षेत्र में बराबर चर्चा में रहने वाले बाजपुर निवासी डा.एसके पांडेय की पुस्तक सामाजिक वैचारिकी का विमोचन प्रो.अजीत रानाडे (कुलपति-गोखले राजनीति व अर्थशास्त्र संस्थान पूणे महाराष्ट्र, मानित विश्वविद्यालय), सुशील द्विवेदी (प्रबंधक-देवनारायण द्विवेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अजीमुल्ला), अनिल द्विवेदी (प्रधानाचार्य-एसआईआई कालेज, रोशनपुर), राहुल द्विवेदी व जीत सिंह (पूर्व ब्लाक प्रमुख पति, बाजपुर) द्वारा किया गया।

आयोजन — सत्संग भवन बानूसी में निरंकारी मिशन का जोन स्तरीय महिला संत समागम संपन्न

# हर क्षेत्र में महिलाओं का वर्चस्व : नवरूप

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** निरंकारी सत्संग भवन में जोन स्तरीय महिला संत समागम आयोजित किया गया। समागम में गुरुग्राम हरियाणा से आई हुई ब्रह्मज्ञानी बहन नवरूप ने साध संगत से कहा कि आज निरंकारी सतगुरु माता जी का नारी सशक्तिकरण पर बहुत ध्यान है। वर्तमान परिपेक्ष में नारी का महत्व पुरुषों से कहीं भी कम नहीं है।

सत्संग भवन बानूसी के समागम में उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं संसार में हर क्षेत्र में महिलाएं अपना वर्चस्व कायम करने में सफल हुई है। यह उनको अच्छे संस्कार और शिक्षा प्राप्त होने का परिणाम है। अच्छी शिक्षा और संस्कार जहां हमें परिवार और गुरु पीर पैगंबरों की शिक्षा से प्राप्त होती है, वहीं वर्तमान में निरंकारी साध संगत इसका बड़ा अच्छा स्थान रखती है। उन्होंने कहा कि निरंकार प्रभु का ज्ञान प्राप्ति के बाद व्यक्ति में सहनशीलता, नम्रता और प्यार जैसे गुण आते हैं और वह दूसरों के प्रति ममता करुणा एवं सहनशीलता का भाव रखता है। उन्होंने कहा कि जब कोई ईश्वर को नहीं समझता है तो छोटी-छोटी बातों में झगड़ा, मनमुटाव आदि में फंसा रहता है। इस अवसर पर निरंकारी महिलाओं बहनों ने गीत अवतार वाणी, हरदेव वाणी, कविता लघु नाटिका एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्तिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किए। जोनल इंचार्ज (सेवानिवृत )कर्नल जसविंदर सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। इस दौरान लंगर और मीठे जल की व्यवस्था तथा प्याऊ आदि की सुंदर व्यवस्था की गई थी।


महिला संत समागम में उपस्थित संगत। ● अमृत विचार

### रंजिश के तहत घर में घुसकर मारपीट की

**बाजपुर।** मुडिया पिस्तौर बाजपुर निवासी रहीस अहमद ने कोतवाली में तहरीर देकर पास के ही लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाकर केस दर्ज करवाया है। रहीस अहमद ने कहा कि उसकी तीन दुकानें हैं और दुकानों के पीछे ही उसका घर है। वह इन दुकानों में वाशिंग मशीन, फ्रिज, एसी एलईडी आदि इलेक्ट्रॉनिक का सामान का व्यापार करता है। इस व्यापार से आरोपी जलन कर रंजिश रखते हैं। आरोप है कि उसके मकान में पूरब की तरफ रहने वाले फैजान ने उसे फोन कर अपने हेलमेट के बारे में पूछा। कलीम की दुकान में रखे होने की बात कही गई है। जिस पर फैजान ने गाली गलोच कर खुद हेलमेट लाकर देने को कहा। मना करने पर फैजान नहीं माना और गुस्से में आग बबूला हो गया। अपने पिता शरीफ अहमद तथा कामिल व कासिम को साथ लेकर घर पर आए और उस पर हमलावर हो गए। उसके भाई जावेद घायल को भी घायल कर दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष का निधन

**गदरपुर :** भारतीय जनता युवा मोर्चा गदरपुर के पूर्व नगर अध्यक्ष अमित सक्सेना का देर रात्रि आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन का समाचार सुनते सैकड़ो की संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि दी। अमित सक्सेना पूर्व सभासद राजेश सक्सेना बबलू के छोटे भाई थे अमित सक्सेना नगर की विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए थे। अमित सक्सेना राम जन्मभूमि आंदोलन में भी बेहद सक्रिय रहे। साथ ही साथ उत्तराखंड आंदोलन में भी उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी अमित सक्सेना लीवर संबंधित बीमारी से एक लंबे समय से पीड़ित थे कल देर रात्रि उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम में विधायक अरविंद पांडे, राजेंद्र पाल सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश सुराना, व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक बेहद, पूर्व अध्यक्ष पंकज सेतिया, पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश भुडी, राजेश गुम्बर आदि लोग उपस्थित थे।


अमित सक्सेना।

## एक नजर

### गाड़ी वापस नहीं करने पर मुकदमा दर्ज किया

**बाजपुर :** गाड़ी किराए पर लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर वापस नहीं करने पर केस दर्ज किया है। ग्राम चकरपुर निवासी चन्द्रशेखर शुक्ला पुत्र शिवाकन्त शुक्ला ने कहा कि उसने 30 जून 2023 को एक छोटा हाथी रुद्रपुर से खरीदा था। वाहन को किसी कंपनी में लगाने की बात कहकर रुद्रपुर अमित ऑटो व्हील्स में काम करने वाले अमन गौतम उसके घर ग्राम चकरपुर आए। गाड़ी 40 हजार रुपये महीने पर कंपनी में किराए पर लगाने की बात कही, 17 अगस्त 2023 को अमन गौतम को लॉजिस्टिक कंपनी में लगवाने की बात कहते हुए सितंबर में एग्रीमेंट कराने की बात कही गई। जानकारी पर ज्ञात हुआ कि जिस कंपनी में उसने काम करने की बात कही थी उसे 31 दिसंबर 2023 को निकाल दिया गया। बार बार कहने के बाद भी उसे किराए का पैसा व गाड़ी नहीं दी। पुलिस ने अमन गौतम आदि के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### किशोर फंदे पर लटका हालत गंभीर, रेफर किया

**बाजपुर :** किशोर ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने फंदे से उतारा। नगरपालिका वार्ड नंबर-एक निवासी 17 वर्षीय किशोर ने शनिवार की देर रात फंदा लगा लिया। परिजनों की नजर पड़ी तो शोर-शराबा सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसे फंदे से उतारकर उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया।

### चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने चोरी की फिराक में बैठे दो युवकों को चाकू के साथ पकड़ लिया। शनिवार देर रात कटोराताल क्षेत्र में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान नागनाथ मंदिर के पास दो लोग संदिग्ध परिस्थिति में दिखाई दिए। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम महेशपुर निवासी मोबीन व नफीस बताया। छानबीन करने पर दोनों के कब्जे से एक-एक चाकू बरामद हुआ। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



गदरपुर के पुरातन सनातन धर्म मंदिर में लगाई गई एलईडी पर मैच देखते क्रिकेट प्रेमी, इस दौरान उत्साही युवा हाथों में तिरंगे के साथ देखे गए। ● अमृत विचार



भारत की जीत पर बाजपुर में रामराज रोड पर भोजन वितरित करते क्रिकेट प्रेमी। ● अमृत विचार

# टी-20 वर्ल्ड कप जीतते ही हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा शहर

## उत्साही लोगों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न, हाथों में तिरंगा लेकर जुलूस निकाला, जीत के जश्न में भंडारा लगाकर जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया

खुशी

अमृत विचार, रुद्रपुर/गदरपुर

**अमृत विचारः** टी-20 विश्व कप पर भारतीय टीम ने कब्जा कर लिया। शनिवार को फाइनल मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज की। इस जीत की खुशी में शहर भर में आतिशबाजी हुई और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे गूंज उठे। विधायक शिव अरोरा ने अपने आवास पर स्थानीय लोगों के साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि यह जीत करोड़ों भारतीयों के गौरव का क्षण है। एक बार फिर टीम इंडिया ने भारत का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2007 के बाद एक बार फिर टी-20 विश्व कप में भारत की बादशाहत कायम हुई। इसके लिए उन्होंने 140 करोड़ देशवासियों के साथ ही टीम इंडिया को भी शुभकामनाएं दी। वहीं गदरपुर में भी टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने जैसे ही दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराया वैसे ही पूरा शहर आतिशबाजी से जगमगा उठा। क्रिकेट प्रेमियों को मैच दिखाने के लिए नगर के समाजसेवी मोहम्मद शादाब ने पुरातन सनातन धर्म मंदिर में बहुत बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई लगवाई थी। बड़ी स्क्रीन पर भारत और दक्षिण अफ्रीका के लाइव क्रिकेट मैच को देखने के लिए भारी संख्या में सभी समुदाय के लोग मौजूद थे। लोगों ने पुरातन सनातन धर्म मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए गूलरभोज, सकैनिया मोड़ तक हाथों में तिरंगा लिए जुलूस निकाला। लोग ढोल नगाड़ों की धुन पर नाच रहे थे। इस मौके पर सिद्धार्थ अरोरा, विकास तनेजा, सुरेश सुराना, मिंटू गुंबर, परमजीत पम्मा, सलीम बाबा, प्रवीण गिलहोत्रा, शाकिर अली, रिजवान अख्तर, नाजिम हुसैन, कपिल अनेजा, अकरम सलमानी, मेहरबान इमरान जीशान, नाजिर सकलानी आदि क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।



रुद्रपुर में जीत की खुशी में आतिशबाजी कर जश्न मनाते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

### भंडारे से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ करवाया पूजन और हवन-यज्ञ

**बाजपुर :** दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से पराजित करके टी-20 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम करके भारतीय क्रिकेट टीम के विश्वविजेता बनने की खुशी में युवा खेल प्रेमियों ने भंडारा करवाया जिसमें कई लोगों ने भोजन ग्रहण किया। रविवार को रामराज रोड स्थित खन्ना मेडिकल स्टोर के सामने राजन खन्ना व उनके साथी खेल प्रेमी युवाओं ने टीम इंडिया की जीत की खुशी में दोपहर के समय में भंडारा करवाया। इससे पहले सुबह 9 से 12 बजे तक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजन व हवन-यज्ञ करवाया गया। इस मौके पर प्रियांशी खन्ना, राजन खन्ना, कनिका खन्ना, मनमोहन सिंह, राजीव खन्ना, सर्वजीत सिंह, राजू गोयल, बलविंद र सिंह उर्फ बब्बू आदि युवा मौजूद रहे।

### आधी रात को सड़कों पर मनाया इंडिया की जीत का जश्न

**काशीपुर :** देश व प्रदेश में टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया की जीत पर लोगों ने घरों से निकल कर देर रात तक जश्न मनाया। काशीपुर में भी एमपी चौक समेत जगह-जगह पर क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। दौरान शहर की तमाम सड़कों पर आतिशबाजी की गई। साथ ही युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर खुशी का इजहार किया। शनिवार रात 8 बजे से देर रात तक कोई मोबाइल पर, तो कोई टीवी पर टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच देख रहा था। मैच के आखिरी ओवर में जैसे ही सूर्य कुमार यादव ने कैच लपका, लोग चिल्ला उठे। लोगों ने कहा सूर्या कुमार ने हाथ से फिसलता वर्ल्ड कप लपक लिया है। इसके बाद आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद के बाद तो हर तरफ जीत का जश्न शुरू हो गया। आसमान में आतिशबाजी तो जुबां से भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगते रहे। देखते ही देखते चारों ओर उत्सव का माहौल बन गया। लोग सड़कों पर उतर आए। साल 2007 के बाद एक बार फिर टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप में बादशाहत कायम की है।

# असहायों और दिव्यांगों की सहायता ही मानवता



एचडी सुरेन्द्रनाथ इंटर कॉलेज में आयोजित गोष्ठी में मंचासीन अतिथि।

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** समाज में असहाय व दिव्यांगों की मदद ही मानवता का धर्म है। दिव्यांगों को जागरूक करते हुए उनका मार्ग दर्शन करना जरूरी है। यह बात आप के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कही।

रविवार को एचडी सुरेन्द्रनाथ इंटर कॉलेज के सभागार में दस्तक जनसेवा चैरिटीबल के तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ श्रीहरि धर्म मंदिर के आचार्य विवेकानंद महाराज, वरिष्ठ समाजसेवी रोहिताश मलिक, कथावाचक रामचंद्र राय, पूर्व कैप्टन कन्हैया लाल स्वर्णकार, पूर्व सीएमओ डॉ जगदीश मंडल व आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात गोष्ठी में दिव्यांगों को सशक्तिकरण एवं जागरूकता पर परिचर्चा की गई। वरिष्ठ समाजसेवी रोहिताश मलिक ने कहा दिव्यांग भाई-बहनों को अपनी आजीविका के लिए स्वरोजगार व आत्मनिर्भर होना जरूरी है। पूर्व सीएमओ डॉ जगदीश चंद्र मंडल ने दिव्यांगों को स्वास्थ्य की संबंधी जानकारी देते हुए जागरूक किया। डॉ मंडल ने कहा दिव्यांगों की स्वास्थ्य की देखभाल विशेष रूप से होनी चाहिए। कथावाचक रामचंद्र राय ने ट्रस्ट द्वारा किए कार्य और गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। 'दस्तक प्रकाश' के समाज में असहाय व दिव्यांगों के लिए किए कार्यों की सराहना की। गोष्टी को समाजसेवी शंकर चक्रवर्ती, वरिष्ठ पत्रकार पलाश विश्वास, समीर राय, सरोज दास, रवि सरकार आदि ने संबोधन किया।

## रास्ते के विवाद में कोर्ट के आदेश पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**बाजपुरः** रास्ते को लेकर एक वर्ष से चले आ रहे विवाद में पुलिस ने कोर्ट के आदेश से तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

विकास खंड के ग्राम मडैया हट्टू व हाल निवासी महुआडाली ढकिया नंबर एक गुरनाम सिंह पुत्र वग्गा सिंह ने कोर्ट में दायर वाद में कहा कि घर के रास्ते को लेकर अक्सर पास ही रहने वाले गुरनाम पुत्र चांद सिंह का परिवार मारपीट करता रहता है, 26 जुलाई 2023 को गुरनाम हाथ में पाठल, पाला सिंह तलवार तथा छिन्दर सिंह उर्फ उत्तम सिंह लाठी लेकर एक साथ उसके घर में घुस आये। गालियां देते हुए उससे मारपीट की। उसको गंभीर चोटे आईं। शोर मचाने पर पड़ोस में रहने वाले प्रेम एवं गुरदीप सिंह आदि ने बचाया। जाते जाते भी ये लोग जान से मारने की धमकी देकर गए। पुलिस ने मेडिकल कराया लेकिन मामला दर्ज नहीं किया। कार्रवाई नहीं होने पर आरोपियों के हौसले बंलंद हो गए और उनके रास्ते से निकलना बंद कर दिया गया। आना जाना बंद होने पर 7 दिसंबर 2023 की बाजपुर कोतवाली में तहरीर दी गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# किशोरी से छेड़छाड़ के विरोध पर किया हमला

शर्मनाक

- **आरोपी के परिजनों से शिकायत पर पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट**
- **महिला की शिकायत पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर से घर लौट रही नाबालिग के साथ युवक ने पीड़िता का मोबाइल नंबर मांगते हुए छेड़छाड़ कर दी।

नाबालिग के परिजनों द्वारा आरोपी के घर वालों को शिकायत किए जाने के बाद आरोपी भड़क गया। आरोप है कि आरोपी युवक ने परिजनों के साथ पीड़िता के घर पर धावा बोल दिया और पीड़िता एवं उसके परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड निवासी महिला ने बताया कि 27 जून की रात्रि करीब 9:30 बजे उन्होंने अपनी पुत्री को किसी काम से वार्ड स्थित ब्यूटी पार्लर भेजा था। आरोप है कि पार्लर से घर लौटते हुए 14 वर्षीय नाबालिग को वार्ड सुनेहरी, किच्छा निवासी आरोपी कृष्णा ने रास्ते में घेर लिया और मोबाइल नंबर मांगने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने अश्लील बातें करते हुए पीड़िता को धमकाने का प्रयास किया।

घर पहुंची पीड़िता द्वारा परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। घटना के बाद पीड़िता की मां ने आरोपी कृष्णा के घर पहुंच कर परिजनों से आरोपी की शिकायत की। महिला ने बताया कि शिकायत करने के करीब आधे घंटे बाद आरोपी कृष्णा, उसकी मां आशा देवी, भाई गोविंदा एवं अजय गाली गलौज करते हुए उसके घर पहुंच गए और घर पर मौजूद पीड़िता एवं उसकी दोनों नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर मारपीट कर कपड़े फाड़ दिए। इस दौरान आरोपियों ने एक वर्षीय बालक को भी छीनकर जमीन पर फेंक दिया। घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए जांच शुरू कर दी है।

## वर्ग पहेली-117

**बाएं से दाएं**

1. महुए का पका हुआ फल, कोलेंदा।
4. गरम चीज़ें आदि पकड़ने का एक कैंचीनुमा यंत्र।
6. 1. एक प्रकार का धान 2. एक प्रकार का पक्षी 3. शिव।
8. आत्मकेंद्रित व्यवहार, अपने मुंह मियां मिट्ठू होना, अपनी प्रशंसा आप करना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. धन, संपत्ति, (वेल्थ) 2. कोई अमूल्य या महत्वपूर्ण वस्तु
3. 1. जो फ़ासीवाद का समर्थक हो, (फ़ासिस्ट) 2. जो तानाशाही का समर्थक हो, तानाशाह, निरंकुश।
5. 1. नष्ट अथवा बरबाद होना 2. ख़राब होना।
7. 1. खट्टे स्वाद की चीज़ 2. खट्टा होने की अवस्था 3. खटास पैदा करने वाली चीज़

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | 3 | ■ | |
| ■ | 4 | | | ■ | |
| 5 | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| | ■ | 6 | | | 7 |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | 8 | | | | |

### वर्ग पहेली -116 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 काँ | ■ | ■ | 2 कू | ■ | ■ |
| ग | ■ | 3 लू | ट | मा | र |
| ड़ी | ■ | ■ | नी | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ति | ■ | 4 के |
| 5 बो | ■ | 6 अ | क | थि | त |
| ग | ■ | हिं | ■ | ■ | ली |
| 7 स | ह | सा | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -30

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 3 | | | 7 | | 8 |
| | | 2 | | 1 | | | 3 | 5 |
| | | 9 | | 6 | | | | 1 |
| 6 | 8 | | | | 4 | | | |
| 4 | | 3 | | | | 8 | | 2 |
| | | | 5 | | | | 1 | 6 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | |
| 7 | 5 | | | 4 | | 6 | | |
| 2 | | 4 | | | 9 | | | 7 |

### सुडोकू -29 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 4 | 6 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 5 | 1 | 3 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 10 .26 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 06 .26 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। आय के नए साधनों में वृद्धि होगी। बड़े निर्णय लेने में हिचकिचाहट का अनुभव नहीं करेंगे। अचानक आए खर्चों में कमी आएगी। आपकी धन संबंधित समस्या सुलझ सकती है।

**वृष** — आज आपमें हीन-भावना घर कर सकती है। अपनी कार्यशैली को लोगों से शेयर न करें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। आपको आराम करने की आवश्यकता है। मानसिक रूप से अशांत महसूस कर सकते हैं। दूसरों से अपनी तुलना न करें।

**मिथुन** — आज विपरीत लिंग के जातकों के प्रति आकर्षित रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। काम का दबाव बढ़ने के बावजूद उसे अच्छी संभाल लेंगे।

**कर्क** — आज अटके हुए काम तेजी से पूरे होंगे। इससे आपका मनोबल बढ़ेगा। घर की महिलाओं की सेहत का ध्यान रखें। आप सभी कार्य सावधानी पूर्वक कर करेंगे। व्यापार में सहकर्मियों पर विश्वास करें। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा।

**सिंह** — आज बुद्धि व विवेक से काम करने से आपको लाभ मिलेगा। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे। सामाजिक क्रियाकलापों में आपकी गतिविधियों बढ़ेंगी। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं। बेवजह की चर्चाओं और विवादों से दूर रहें।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। यात्रा के दौरान आपको परेशानी होने की आशंका है। विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह दूरी बनाकर रखनी चाहिए। सहयोगियों से ज्यादा अपेक्षा न करें। सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी।

**तुला** — आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने के लिए शानदार दिन है। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बढ़ेगा। दूसरों के दबाव में आकर काम न करें। अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। नए व्यवसाय में आप निवेश कर सकते हैं। धन संबंधित परेशानियां सुलझ सकती हैं।

**वृश्चिक** — आज अपने विचारों को सदैव सकारात्मक बनाए रखें। शाम के समय परिवार के साथ बहुत अच्छा समय बिताएंगे। आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से मन हतोत्साहित हो सकता है। पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा।

**धनु** — आज संतान को लेकर मन अप्रसन्न हो सकता है। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शिक्षा में आ रही परेशानियों का निवारण होगा। प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आएंगे। आगामी लक्ष्यों को लेकर थोड़े संशय में आ सकते हैं।

**मकर** — आज ऐश्वर्य के साधनों पर आपका धन खर्च होगा। आप आराम के मूड में रहेंगे। विवादों को समझदारी पूर्वक सुलझाने का प्रयास करें। अपने काम में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। उत्साह और प्रसन्नता के समाचार प्राप्त होंगे।

**कुंभ** — आज तकनीकी संबंधी परेशानियों का निवारण होगा। जीवनसाथी से आपको उपहार प्राप्त हो सकता है। नौकरी में पदोन्नति होने के योग बन रहे हैं। प्रेम संबंधों में निकटता बढ़ेगी। परिवार के हित को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

**मीन** — आज आय में अचानक कमी आ सकती है। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। पूर्व में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है। समाज में आपकी पहचान अच्छी बनेगी। मन की चंचलता दूर होगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
शिव शक्ति — दोपहर : 12 .00
लोहा — रात : 09 .00

&pictures
मि . इंडिया — सुबह : 10 .24
सूर्यवंशी — रात : 08 .00

Sony Pix
जर्नी 2 — सुबह : 09 .17
डंकिर्क — दोपहर : 03 .03

Zee Cinema
कार्तिकेय 2 — सुबह : 11 .22
आरआरआर — रात : 08 .00

Colors Cineplex
कादम्बन — सुबह : 10 .04
बेटिंग राजा — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लॉटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाऊंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया। पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रलये भिन्नमर्यादा भवन्ति किल सागराः।
सागरा भेदमिच्छन्ति प्रलयेऽपि न साधवः॥

समुद्र में प्रलय आने पर वह मर्यादा भूल किनारों को तोड़ देती है, लेकिन सज्जन पुरुष किसी भी प्रकार की प्रलय के सामने अपनी मर्यादा नहीं भूलते।

## संपादकीय

# बदलते दौर का भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद अपने पहले मन की बात कार्यक्रम में भारत के सांस्कृतिक गौरव के साथ देश की विविधता की चर्चा की। उन्होंने देश के 65 करोड़ से ज़्यादा मतदाताओं की भागीदारी की सराहना की। लगभग 30 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव, पेरिस ओलंपिक, 'वोकल फॉर लोकल', पर्यावरण, संस्कृत और भारतीय संस्कृति के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने उन लोगों की चर्चा की जो अपने कामों से समाज में, देश में, बदलाव ला रहे हैं। कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए लोगों के दिल को छुआ और उनकी उपलब्धियों को गिनाया। प्रेरक कहानियों को साझा किया। इन दिनों भारतीय उत्पादों की विश्व बाजार में बड़ी मांग है। हमारे देश में ऐसे यूनिक उत्पाद की कमी नहीं है। लोकल उत्पाद को ग्लोबल बनाने में हम पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर की सब्जी लंदन के बाजार में बिक रही है। इससे साबित होता है कि हमें अपने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है और वैश्विक मांग को पूरा करने में योगदान देना है। इससे देश नई ऊंचाइयां छुएगा और विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर स्थानीय शिल्प कौशल की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि केरल की आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए कार्थुम्बी छाते बेहद खूबसूरत होते हैं और पूरे देश में इनकी मांग बढ़ रही है। छातों के जरिये ये अपनी परंपरा, अपनी संस्कृति से भी दुनिया को परिचित करा रहे हैं। गौरतलब है कि मन की बात कार्यक्रम फरवरी में लोकसभा चुनावों के कारण स्थगित कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने इसके 110वें संस्करण में कहा था कि अगली बार जब वह इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से रुबरु होंगे तो नई ऊर्जा और नई जानकारी के साथ मिलेंगे। मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं, 29 बोलियों और 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और सिंहली भाषा शामिल हैं। कार्यक्रम का ब्रॉडकास्ट आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। देश में सकारात्मक माहौल बनाने में मन की बात की महत्वपूर्ण भूमिका है और मन की बात से देश का विमर्श सकारात्मक धरातल पर आएगा। वास्तव में बदलते दौर के भारत में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। दुनियाभर में हमारी संस्कृति का जिस तरह गौरवगान हो रहा है इसके लिए प्रधानमंत्री की अंतर्दृष्टि की सराहना की जानी चाहिए।

# इतिहास बने ब्रिटिश काल से लागू तीन आपराधिक कानून



नुसरत जहां
अपर शासकीय अधिवक्ता
हाईकोर्ट, बेंच लखनऊ

नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है।

ब्रिटिश काल से देश में लागू तीन आपराधिक कानून 1 जुलाई 2024 से इतिहास बन जाएंगे। भारतीय दंड संहिता 1860 की जगह अब 'भारतीय न्याय संहिता', 2023 दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के स्थान पर अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएनएस), 2023 लागू होंगे।

30 जून की रात 12 बजे से पहले यदि अपराध हुआ है तो पुराने कानून और 1 जुलाई से यदि कोई अपराध हुआ है तो नए कानून लागू होंगे, क्योंकि आपराधिक कानून पूर्वव्यापी (रेट्रोस्पेक्टिव) लागू नहीं होते। आपराधिक कानून के पूर्वव्यापी नहीं होने का कारण भारतीय संविधान के अनुच्छेद 20 (1) पर आधारित है, जो आपराधिक कानून के सिद्धांतों को दर्शाता है कि घटना के समय स्थापित कानून के अलावा अन्य में आरोपी के खिलाफ कोई प्रक्रिया नहीं चलाई जा सकती या उसे सजा नहीं दी जा सकती। यह नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय वाचा के तहत अनुच्छेद 15 पर आधारित है। नए आपराधिक कानून लाए जाने का उद्देश्य ब्रिटिश काल के आपराधिक कानूनों को 'उपनिवेशवाद से मुक्त' करना और 'भारतीयता' को बनाए रखना है। इन विधेयकों को आपराधिक प्रक्रिया के अधिकांश पहलुओं को डिजिटल बनाने के उद्देश्य से पेश किया गया था। एफआईआर दर्ज करने से लेकर, आरोप पत्र तैयार करने और निर्णय सुनाने तक आपराधिक जांच के हर चरण को डिजिटल रूप से रिकार्ड किया जाना आवश्यक है। बीएनएसएस के तहत समन इलेक्ट्रॉनिक रूप से जारी किए जा सकते हैं और गवाहों विशेषज्ञों, अभियुक्तों और अन्य पक्षों की गवाही भी वर्चुअल रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। इन कानूनों के लागू होने के बाद आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़े बदलाव होंगे।

भारतीय न्याय संहिता 2023 में यह परिभाषित किया गया है कि कौन सा कृत्य या लोप अपराध है और उसके लिए क्या सजा निर्धारित की गई है। पुराने भारतीय दंड संहिता, 1860 में 511 धाराएं थीं। अब नए भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं तथा 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है और 19 प्रावधानों को पुराने कानून से हटा दिया गया है।

नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है।

इसके अलावा 33 अपराधों में सजा बढ़ा दी गई है। दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में 531 धाराएं हैं। इनमें 177 धाराओं को बदल दिया गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई है। बीएनएसएस के तहत अभियुक्त की गिरफ्तारी, जांच और मुकदमा चलाने आदि की प्रक्रिया होती है। इसमें समयबद्ध जांच, सुनवाई और बहस पूरी होने के 30 दिनों के भीतर फैसला देने का प्रावधान है। यौन उत्पीड़न पीड़ितों के बयान की वीडियो रिकार्डिंग अनिवार्य की गई है। अपराधी की संपत्ति और आय की कुर्की के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लिया है। अदालतों में पेश और स्वीकार्य साक्ष्य में इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर लॉग, कंप्यूटर, स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, स्थानीय साक्ष्य, मेल, उपकरणों पर संदेश शामिल होंगे। केस डायरी एफआईआर आरोप पत्र और फैसले सहित सभी रिकार्ड का डिजिटलीकरण होगा।

जेंडर समावेश-जेंडर की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी शामिल है, जो समावेश और समानता को बढ़ावा देगा। महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने ताकझांक के अपराध में कुल बीएनएसएस के तहत आरोपियों के लिए जेंडर न्यूट्रेलिटी लागू होगा। यानि अब महिलाओं पर भी कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। नाबालिगों के अपहरण के मामलों में पुरुष के लिए 16 वर्ष और महिला के लिए 18 वर्ष आयु सीमा निर्धारित थी। बीएनएस में इसे दोनों के लिए 18 वर्ष निर्धारित कर दिया है। वहीं अब कोई भी व्यक्ति संचार के इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से घटनाओं की रिपोर्ट कर सकता है। इसके लिए उसे पुलिस स्टेशन जाने की आवश्यकता नहीं है। पीड़ितों को एफआईआर की निःशुल्क प्रति प्राप्त होगी, जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। भारतीय न्याय संहिता में कुछ नए अपराधों को जोड़ा गया है। जैसे मॉब लिंचिंग यानी 5 या अधिक लोगों का समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कार्रवाई करने तथा उनकी सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए बीएनएस में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। पुलिस स्टेशन जाने से छूट- महिलाओं, 15 वर्ष के कम आयु के बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा विकलांग या गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को पुलिस स्टेशन जाने से छूट दी गई है तथा वे अपने निवास स्थान पर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं। (बीएनएसएस धारा 179)

नए कानूनों को सभी राज्य सरकारों के लिए गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने, कानूनी कार्यवाही की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए गवाह सुरक्षा योजना को अनिवार्य किया गया है। (बीएनएसएस धारा 398), पीड़ितों के 90 दिनों के भीतर अपने मामले की प्रगति के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त करने का अधिकार होगा। (बीएनएसएस धारा 193) नए कानून महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निःशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सा उपचार की गारंटी देते हैं। नए कानून की धारा 152 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने, पृथकवादी भावना रखने या भारत की एकता और संप्रभुता को खतरा पहुंचाने को अपराध माना जाएगा। यह देशद्रोह का अपराध होगा। आतंकवाद बीएनएस की धारा 113 में अपराध घोषित किया गया है। इस कानून के तहत जो भी शख्स देश के कानून को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें आतंकवादी माना जाएगा। नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। हिट एंड रन मामलों से संबंधित मामलों में भी कठोर प्रावधान किए गए हैं। हालांकि ट्रक चालकों के विरोध के कारण सरकार ने इन अपराधों को लागू न करने का निर्णय लिया है। आप्राकृतिक यौन शोषण एवं व्याभिचारिता के अपराधों को नए कानून से हटा दिया गया है।

पुराने कानून में बदलाव समय की प्रासंगिकता, कई समितियों द्वारा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार हेतु सिफारिशें की गई, जिनमें वोहरा समिति 1993, मलिमथ समिति 2003, माधव मेनन समिति 2007 तथा समय-समय पर उच्चतम न्यायालय द्वारा भी न्याय प्रणाली में एवं पुलिस सुधार पर निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस सुधार पर उच्चतम न्यायालय के निर्देश 2006 अहम है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम पुलिस अधिकारी के समक्ष किए गए बयानों को साक्ष्य के रूप में स्वीकार्य होने की अनुमति देता है, जिससे हिरासत में यातना एवं दबाव का खतरा बढ़ सकता है। बीएनएसएस पुलिस अधिकारी को बिना किसी न्यायिक निगरानी या सुरक्षा उपायों के गिरफ्तारी, तलाशी, जब्ती एवं हिरासत में लेने की व्यापक शक्तियां प्रदान करता है। बीएनएसएस अपराधों की एक नई श्रेणी निर्मित करता है जिसे "सामाजिक कल्याण अपराध" कहा जाता है, जिसमें जुर्माना अथवा सामुदायिक सेवा कराकर समाधान किया जा सकता है, लेकिन यह निर्दिष्ट नहीं करता कि कौन से अपराध इस श्रेणी में आते हैं। नए कानूनों में सुधारों एवं संभावित कमियों का समाधान करने लिए अधिक समावेशी एवं व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। पुनर्स्थापना न्याय सिद्धांतों को अपनाना जो अपराध के मूल कारणों को हल करता है। अपराध की पुनरावृत्ति को कम करना और पीड़ितों को समाधान प्रदान करने लिए सुलह, पुनर्स्थापना तथा पुर्नवास पर ध्यान केंद्रित करना। 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नए कानून को कुछ लोग काला कानून कहकर विरोध भी कर रहे हैं। वहीं नया कानून अदालतों और अधिवक्तागणों के लिए भी चुनौती। गृह मंत्री अमित शाह ने जब तीनों कानूनों को लोकसभा में पेश किया था तो कहा था अब नया कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून का शासन होगा। अब इसके लागू होने के बाद तारीख पर तारीख युग का अंत सुनिश्चित होगा और 3 साल में न्याय मिलेगा।

email:nusratfahad8@gmail.com

## प्रसंगवश

# संविधान में आस्था का मतलब



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आजकल संविधान शब्द चर्चा के केंद्र में आ गया है। संविधान में आस्था की बातें हो रही हैं। संविधान में आस्था का मतलब किसी ऐसी किताब में आस्था नहीं है, जो अपरिवर्तनीय है। संविधान में आस्था का मतलब किसी व्यक्ति में आस्था से भी नहीं हो सकता, क्योंकि कोई भी संविधान व्यक्ति रचना नहीं है।

लोकतंत्र में संविधान व्यक्ति रचना हो भी नहीं सकता। संविधान व्यक्ति रचना नहीं समष्टि रचना है। संविधान सभा की कितनी बैठकों और उसमें चलने वाले विमर्श की रचना है। उसका जो भी महत्व है, वह समष्टि के कारण ही है।

संविधान में आस्था का मतलब है, समष्टि चेतना में आस्था, सर्वजन-चेतना में आस्था। संविधान में आस्था का मतलब है, सामान्यजन चेतना में आस्था, भारत के लोकजीवन की निरंतरता में आस्था। भारत में विभिन्न धर्म, जाति और वर्ग होने के बावजूद हम एक हैं। देश में इतनी विविधता होने के बाद भी हम एक ही संविधान के तहत काम कर रहे हैं। संविधान की प्रस्तावना में पहला ही वाक्य है-हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति, ऊंच-नीच, गरीब-अमीर, शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाए। बड़ा-छोटा, मालिक-नौकर, अधिकारी, वकील व्यापारी, प्रोफेसर, उद्योगपति, श्रमिक, किसान, बुद्धिजीवी आदि बाह्य उपाधियां हैं।

विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है, वही लोक है। लोक सर्वजन सत्ता, समष्टि जनसत्ता, सामान्य जन सत्ता है। यह बात ध्यान रखने की है कि संविधान तो लोकतंत्र की देह है, लोकतंत्र की आत्मा और लोकचेतना। महात्मा गांधी ही थे, जिन्होंने लोकचेतना की गहराई में विद्यमान अक्षय ऊर्जा को पहचाना था। वे स्वयं इस लोकचेतना में रस-बस गए थे। इसी कारण लोकचेतना पर उनका सीधा असर होता था। लोकचेतना ही लोकतंत्र का प्राण है।

# भाजपा नेताओं की उदासीनता का परिणाम



निरंकार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है।

लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम मिलने के कारण भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार नहीं कर पाई। प्रदेश में भाजपा की सीटें घटने के कई कारण बताए जा रहे हैं। पहला कारण दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले सांसदों का अपने-अपने क्षेत्र में भाजपा के कार्यकताओं के साथ जनता से संपर्क टूटना है। यदि आप सांसद या विधायक हैं तो आपको अपने क्षेत्र का बराबर दौरा करना चाहिए। लोगों के दुःख दर्द में शामिल होना चाहिए। उनकी समस्याएं जाननी चाहिएं। जनता आप से यही अपेक्षा करती है। ये लोग मोदी और योगी के सहारे चुनाव जीतने की उम्मीदें लगाए बैठे थे, इसलिए अपने क्षेत्रों में जनता से संपर्क साधने की जरूरत नहीं समझी और अपने घर पर ही ठेका-पट्टा पाने वालों का दरबार लगाते रहे। ऐसे लोगों को दोबारा टिकट देने वाले नेता भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते हैं।

दूसरा बड़ा कारण भाजपा प्रदेश और जिला संगठन भी जनता से दूर हो गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कितने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए कितनी बार दौरा किया, इसका कोई ब्यौरा पार्टी संगठन के पास नहीं है। प्रदेश पार्टी का आईटी सेल पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। यही कारण है कि ग्रामीण अंचलों में असंतुष्ट प्रधानों, उप प्रधानों, पूर्व प्रधानों आदि के जरिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपाई नेताओं के फेक (फर्जी) वीडियो सोशल मीडिया पर फैलाए गए। इनके जरिए आरक्षण खत्म करने से लेकर संविधान बदलते तक की बातें तक कही गईं, जिसका प्रदेश भाजपा का आईटी सेल कोई जवाब नहीं दे पाया। हर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के छह महीने पहले ही मतदाता सूची का पोलिंग, बूथ स्तर पर संशोधन और परिवर्धन होता है। यदि भाजपा संगठन के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पोलिंग बूथों पर सक्रिय रहते तो हजारों भाजपा समर्थकों के नाम मतदाता सूची से नहीं कटते। विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाए रखने का सवाल था। इसलिए वे करो या मरो के संकल्प के साथ चुनाव लड़ रहे थे, उन्होंने हर तरह के छल प्रपंच को किया जो वे कर सकते थे। इसका भी अंदाजा भाजपा का प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता नहीं लगा सके।

राहुल गांधी का गारंटी कार्ड का फार्म खासतौर अल्पसंख्यक, अशिक्षित और निर्धन महिलाओं से भरवाया गया। उन्हें डर था कि तीन तलाक के मामले खत्म करने के कारण ये महिलाएं भाजपा को वोट दे सकती हैं। काट के लिए पार्टी स्तर पर कोई प्रयास नहीं किया गया। प्रमुखों की तमाम जिलों में फर्जी सूची बनाई गई जो वास्तव में कहीं थे ही नहीं। कई उम्मीदवारों ने इसकी शिकायत भी की है। यदि वास्तव में पन्ना प्रमुख होते तो उनके मोबाइल फोन नंबरों के जरिए इन फर्जी वीडियो का आईटी सेल जवाब दे सकता था। कुल मिलाकर फेक वीडियो और अफवाहों का जमीनी स्तर भाजपा का संगठन कोई जवाब नहीं दे सका और पार्टी कई जगह चुनाव हार गई। बहरहाल पार्टी संगठन इस हार की समीक्षा के लिए बनाई गई टास्क फोर्स के सूचनाओं का इंतजार कर रही है। पर यहां सवाल यह उठता है कि क्या कोई संगठन खुद अपनी कमियों को स्वीकार करेगा? इस टास्क फोर्स के काम के लिए दूसरे राज्यों के लोगों को लगाया गया होता तो शायद सही जानकारी सामने आती। लोकसभा चुनाव में भाजपा को उत्तर प्रदेश में 2019 में उसे जहां 62 सीटें मिली थीं, वहीं 2024 के आम चुनाव में 33 पर संतोष करना पड़ा है। भाजपा उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में 29 सीटें कम मिलने की पूरे देश में चर्चा है। अब पार्टी भी इस पर मंथन में जुटी है और पूरा फीडबैक लेने के बाद कुछ ऐक्शन हो सकता है। अब तक पार्टी नेतृत्व को प्रत्याशियों और स्थानीय नेताओं से जो फीडबैक मिला है, उसके मुताबिक सांसदों को राज्य के कर्मचारियों से सहयोग न मिलना। पार्टी कार्यकर्ताओं का ही खिलाफ हो जाना और संविधान बदलने का गलत नैरेटिव जनता के बीच चला जाना नुकसान का कारण रहा है। यही नहीं भाजपा का राज्य नेतृत्व एक विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार कर रहा है। इस रिपोर्ट को इस सप्ताह के अंत तक हाईकमान को सौंपा जाएगा।

ये चुनाव नतीजे प्रदेश सरकार के मंत्रियों के लिए सबक है। मंत्रियों को भाजपा के कार्यकर्ताओं और जनता के संपर्क में रहना चाहिए और उनकी जनहित की समस्याओं का समाधान करते रहना चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो आगामी विधानसभा के चुनाव में उनका और पार्टी का चुनाव जीतना मुश्किल हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

मध्य प्रदेश के एक कथावाचक प्रदीप मिश्र ने राधा रानी के विवाह और जन्मस्थान के विषय में ऐसा कुछ कहा था, जिस पर ब्रज क्षेत्र ने उनके बहिष्कार का निर्णय लिया था। उस बहिष्कार से बचने के लिए उन्होंने बरसाने के राधा मंदिर में आकर सबके सामने नाक रगड़ कर राधा रानी से माफी मांगी। इस घटना पर मुझे योरोपीय खगोलशास्त्री कापर्निकस की याद आ गई। निकोलस कापर्निकस (1473-1543) पोलैंड का एक प्रसिद्ध खगोलशास्त्री था जिसने पश्चिमी जगत में पहली बार कहा कि इस ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी न होकर सूर्य है और पृथ्वी समेत सभी ग्रह उसकी परिक्रमा करते हैं। पृथ्वी वर्ष में एक बार सूर्य का चक्कर लगाती है तथा पृथ्वी भी अपनी धुरी पर 24 घंटे में एक बार घूमती है। ईसाई पादरियों ने कापर्निकस की भर्त्सना करते हुए कहा कि यह उनकी मान्य परंपरा के प्रतिकूल है, जिसमें ब्रह्मांड का केंद्र पृथ्वी को माना गया था। कापर्निकस के ऊपर अभियोग चला जिसमें कापर्निकस ने क्षमा मांगते हुए कहा कि उसने गलत कहा था, वास्तव में पृथ्वी ही ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य सहित सभी आकाशीय पिंड उसकी परिक्रमा करते हैं। अपनी क्षमा याचना के आधार पर वह मुक्त हो गया लेकिन बाहर आने पर उसने कहा "इट स्टिल मूव्स" यानी मेरे पृथ्वी को केंद्र मानने के बाद भी पृथ्वी घूमती है। उसने सजा से बचने के लिए पृथ्वी को केंद्र कहा तो, लेकिन अपने सिद्धांत को गलत नहीं माना। यह उसकी सत्य के प्रति प्रतिबद्धता थी। किसी को भी किसी धर्म की मान्यताओं के विरुद्ध कुछ नहीं कहना चाहिए जब तक कि इसका पुष्ट प्रमाण न हो। प्रदीप का कथन किन साक्ष्यों पर आधारित था, यह मुझे ज्ञात नहीं है, लेकिन यदि उनका कथन पुष्ट साक्ष्यों पर आधारित नहीं था तो उन्हें यह बात कहनी नहीं चाहिए थी और यदि वह प्रामाणिक साक्ष्य पर था तो उन्हें माफी नहीं मांगनी थी। यदि माफी किसी विवशता में मांग भी ली तो बाद में अपनी बात पर टिकना चाहिए था। लोभ और भय वश ऐसी बात कहना या माफी मांगना, उनके हजारों श्रोताओं के प्रति विश्वास घात है। प्रदीप मिश्र को सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए था।

-फेसबुक वॉल से

# ब्रिटेन चुनाव में प्रवासी भारतीयों के वोटों की बड़ी भूमिका



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव होने जा रहे हैं। कई बड़े सवाल उभरते हैं-क्या वहां रह रहे भारतीय ब्रिटेन के पहले भारतीय मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और कंजर्वेटिव पार्टी के साथ खड़े आएंगे? या फिर लेबर पार्टी को प्रवासी भारतीयों के भी वोट मिलेंगे? साथ ही क्या भारत-यूनाइटेड किंगडम मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) जो दोनों देशों के लिए अपार संभावनाएं लिए हैं, पर वार्ता अधरझूल में लटक सकती है? इसके अलावा यूके में आर्थिक परिदृश्य चुनौतियों से भरा है। सार्वजनिक ऋण पिछले 63 वर्ष के उच्चतम स्तर पर है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 2023 के आखिर तक पिछली पांच तिमाहियों में से चार में गिरावट देखी गई है।

प्रवासन व शरणार्थियों का मुद्दा भी इस चुनाव में चरम पर है। इस चुनाव को 'इमिग्रेशन इलेक्शन' भी कहा जाने लगा है। एग्जिट पोल, राजनीतिक विश्लेषकों के निष्कर्षों में प्रधानमंत्री सुनक की रेटिंग में भारी गिरावट की खबरें हैं। एग्जिट पोल के नतीजों से भारतवंशी मतदाताओं में मायूसी का माहौल है। ब्रिटेन में रहने वाले अप्रवासियों की तुलना में भारतीयों की आबादी सबसे ज्यादा है। अन्य अप्रवासी समूहों की तुलना में भारतीय अच्छी तरह शिक्षित हैं और सबसे धनी लोगों में माने जाते हैं। 2011 की ब्रिटिश जनगणना के अनुसार, यूके में भारतीय मूल के लगभग 1.5 मिलियन लोग हैं, जो कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ऐतिहासिक रूप से यहां भारतीय प्रवासियों का झुकाव लेबर पार्टी की ओर रहा है। भारत को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के समय भी लेबर पार्टी सत्तारुढ़ थी। हालांकि हाल के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि हिंदुओं का लेबर पार्टी की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी के प्रति झुकाव बढ़ रहा है। हिंदू मतदाता इस कंजर्वेटिव पार्टी के लिए सामूहिक रूप से मतदान कर सकते हैं। यह खबर सुनक और उनकी कंजर्वेटिव पार्टी के लिए राहत भरी हो सकती है।

यहां यह गौर करना जरूरी हो जाता है कि हम जब ब्रिटेन में रहने वाले भारतीयों की बात करते हैं तो उसमें वह लोग भी शामिल होते हैं, जो पूर्वी अफ्रीका, कैरेबियन द्वीप समूह और अन्य स्थानों से आकर यहां बस गए हैं। 1960 से 1980 के दशक तक, बड़ी संख्या में भारतीय अप्रवासी युगांडा, केन्या और कैरेबियाई द्वीपों से ब्रिटेन में बस गए। 1960 के दशक में खुद सुनक का परिवार केन्या से ब्रिटेन आया था। मूल रूप से उनके पूर्वज पंजाब के रहने वाले थे। इसके अलावा यह विश्वास भी बढ़ा है कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय बड़ी संख्या में कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक बन गए हैं। इस संख्या मे हिन्दुओं का एक बड़ा हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 की अपनी ब्रिटेन यात्रा में लंदन के वेम्बली स्टेडियम में भारतीयों को संबोधित किया था। इसमें भारतीय मूल के साठ हजार से ज्यादा लोग मौजूद थे और इसमें भी बड़ी संख्या गुजरातियों और पंजाबियों की थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री बोर्स जॉनसन खुद को गर्व से 'भारत का दामाद' कहते थे।

गहन विश्लेषण में एक तथ्य और उभरकर सामने आया है कि पिछले 20-25 वर्षों में भारत से ब्रिटेन में बड़ी संख्या में लोग डॉक्टर, इंजीनियर, आईटी पेशेवर आदि के रूप में गए हैं। 2022 में इस बीच, ऋषि सुनक ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री बने। ऐसे में यह कहना अभी जल्दबाजी ही होगी कि इस चुनाव में हिंदू कंजर्वेटिव पार्टी के पक्ष में सामूहिक रूप से मतदान करेंगे या नहीं। एक बात और ब्रिटिश मुद्रा पाउंड अस्थिरता के दौर में है। दांव पर मुख्य मुद्दा निवेशकों का विश्वास है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी जो चुनावों में आगे है, ने अशांत राजनीतिक माहौल से बाहर निकलने का वादा किया है। पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मिनी-बजट विफलता, जिसके चलते बाजार में गिरावट आई, लोगों में याद को ताजा बनाए हुए है। प्रवासन और पाउंड की स्थिरता का मुद्दा ब्रिटेन की राजनीति के लिए एक यक्ष प्रश्न के रूप में है। 14 वर्ष के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी इस बार भी सत्ता में आएगी या फिर लेबर पार्टी सत्ता संभालेगी? अब देखना है कि 5 जुलाई को बकिंघम पैलेस में किंग चार्ल्स III से मिलने के लिए प्रधानमंत्री और कंजर्वेटिव पार्टी के ऋषि सुनक या लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर में से कौन जाएगा?

# आषाढ़ तेरे विविध रंग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जिस मास की पूर्णिमा को चन्द्रदेव पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर होते हैं उसे आषाढ़ कहा जाता है। यह वर्षा ऋतु का प्रथम मास है और इसके विविध रंग और आयाम हैं। इंसान से लेकर भगवान तक और किसान से लेकर कवि और साहित्यकार तक इसने अपनी छाप छोड़ी है और इन वर्गों ने इसे अपने-अपने तरीके से उपयोग किया है।

पृथ्वी पर हरीतिमा का जनक होने के कारण यह कृषकों को अति प्रिय है और इस मास के आगमन पर अपनी फसल की तैयारी उन्हें बहुत जल्द करनी पड़ती है। कहावत है "कातिक तेरह तीन असाढ़"। यानी तीन दिन के अंदर असाढ़ू फसल के लिए किसान को कार्यवाही कर लेनी होती है। यद्यपि खेती किसानी के काम में व्यस्ततावश उन्हें इस मास में कपड़े सिलवाने की फुरसत नहीं होती है, जिसके परिणामस्वरूप दर्जी खाली बैठे रहते हैं। अतः बेरोजगार और ठलुहे के लिए गांव की लोकोक्ति है "असाढ़ के दर्जी"। मगर भगवान (विष्णु) दूसरा रास्ता अपनाते हैं। वे इस मास के आगमन के चंद रोज पहले ही सो जाते हैं।

ऋतु वर्णन के प्रवीण कवि सेनापति ने लिखा है कि चूंकि आषाढ़ में मेघों की घटा घनघोर छाई रहती है तो दिन में भी रात का भ्रम होने लगता है, अतः भगवान सो जाते हैं। साहित्यकार मोहन राकेश ने 1959 में अपना बहु चर्चित नाटक इसी मास के नाम पर लिखाः "आषाढ़ का एक दिन"। अब चूंकि मुशी प्रेमचंद्र ने अपनी मशहूर कहानी "पूस की रात" लिखकर पूस मास को आगे बढ़ाया, तो आषाढ़ भी पीछे क्यों रहे। यह कमी मोहन राकेश ने पूरी कर दी। कविकुलगुरु कालिदास के विरही यक्ष को रामटेक पर्वत पर "आषाढ़स्य प्रथम दिवसे" ही मेघ मिले, जिन्हें उसने अपनी अलकापुरी में रह रही पत्नी के पास दूत बनाकर भेजा।

हालांकि मलिक मोहम्मद जायसी की वियोगिनी नायिका नागमती को आषाढ़ कष्ट कारक लगता है। 'पद्मावत्' में पति का वियोग सहन करते हुए वह वह कहती है- चढ़ा असाढ़ गगन घन गाजा। साजा विरह दुंद दल बाजा।। धूम साम धौरे घन आये। सेत धजा बग पाति देखाये।।

कवि ने वियोगिनी के लिए इस मास को एक आक्रमणकारी राजा के रूप में दिखाया है। बात सही है, जब भगवान राम तक को पत्नी पास न होने पर बादल की गरज चमक से डर लगने लगता है तो भला लौकिक नारी नागमती की क्या बिसात! श्रीराम कहते हैं "घन घमंड गरजत नभ घोरा। प्रिया हीन डरपत मन मोरा"।। आषाढ़ में गांव की ताल तलैयां भर जाती हैं। पं.नरेंद्र शर्मा इस मास की शुरुवात में अपने गांव की तलैया 'असाढ़ी' की याद आ जाती है और वह स्मरण करते हैं कि 'अब असाढ़ी पानी से लबरेज हो गई होगी'। "चौड़ी छाती खोल आसाढ़ी पड़ी पी रही होगी आल"।

# टीम भावना ने भारत को बनाया टी-20 विश्व विजेता

## जीत में शामिल था समर्पण, एकजुटता, संयम और विश्वकप का जुनून, 2007 वर्ल्ड कप में कप्तान द्रविड़ की हार का रोहित की टीम ने चुकाया कर्ज

बारबाडोस, एजेंसी

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीत लिया है। फाइनल मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराया है। भारत ने 17 सालों के लंबे इंतजार के बाद टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम के सभी प्लेयर्स ने जीत में योगदान दिया और पूरे टूर्नामेंट में कोई भी विरोधी टीम भारतीय टीम को हरा नहीं पाई। सही मायनो में देखा जाए तो इस जीत में टीम के हर सदस्य का समर्पण, एकजुटता, संयम और वर्ल्ड कप जीतने का जुनून शामिल था।

**मैच'वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के क्लब में भारतः** वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 4 या उससे ज्यादा बार क्रिकेट वर्ल्ड कप चैंपियन बना। वेस्टइंडीज ने 4 वर्ल्ड कप जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 7 बार वर्ल्ड कप जीता है। भारत दूसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। उसके अलावा भारत ही दो बार टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। भारत ने पहले ही संस्करण में 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया था। इसके बाद टीम 2014 में श्रीलंका से फाइनल में हारी थी। भारतीय टीम पिछले 1 साल में तीसरी बार आईसीसी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी। क्रिकेट खेल ही एक टीम का है, जिसमें व्यक्तिगत प्रदर्शन नहीं, बल्कि जीत में पूरी टीम का योगदान होता है। भारतीय टीम के इस शानदार प्रदर्शन का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है।

**गेंदबाजों ने किया बेहतर प्रदर्शनः** इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित गेंदबाजों ने किया। पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे बड़ी टीमों के खिलाफ गेंदबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया वो तारीफ के काबिल था। जसप्रीत बुमराह की अगुआई में तेज गेंदबाजों ने जहां शुरुआत से विपक्षी टीमों को दबाव में रखा, वहीं मध्य ओवरों में जब भी भारत को सफलता की जरूरत पड़ी तो स्पिनरों ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। भारत के आईसीसी टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन का काफी श्रेय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भी जाता है। पाकिस्तान के खिलाफ जब बल्लेबाजी आक्रमण फ्लॉप साबित हुआ तो गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण और इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारतीय टीम पूरी तरह एकजुट दिखी और हर खिलाड़ी एक दूसरे की सफलता का जश्न मनाता दिखा।

**अविस्मरणीय योगदानः रोहित शर्मा-** आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क की मुश्किल पिच पर कप्तान रोहित ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने अगले 4 मैच तक अपना अटैकिंग रोल जारी रखा। रोहित ने फिर सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर 92 रन बनाए। _उन्होंने सेमीफाइनल में भी अहम फिफ्टी लगाई। कप्तान टीम के टॉप रन स्कोरर भी हैं।

**सूर्यकुमार यादवः** आयरलैंड और पाकिस्तान के खिलाफ सूर्यकुमार कुछ खास नहीं कर सके, लेकिन अमेरिका के खिलाफ शुरुआती 3 विकेट गिर जाने के बाद टीम को संभाला। सूर्या ने फिफ्टी लगाई और टीम को जीत दिलाई। वह अफगानिस्तान के खिलाफ अर्धशतक लगाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने। ऑस्ट्रेलिया के सामने सूर्या ने 16 बॉल पर 31, इंग्लैंड के खिलाफ 36 बॉल पर 47 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

**ऋषभ पंतः** पाकिस्तान के खिलाफ 42 और आयरलैंड-बांग्लादेश के खिलाफ मुश्किल पिच पर 36-36 रन की पारी खेलकर जीत में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के खिलाफ तो उन्होंने 3 अहम कैच भी पकड़े थे। पंत टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 11 कैच पकड़ चुके हैं।

**टॉप-3 ऑलराउंडर्स- हार्दिक पंड्याः** उप कप्तान हार्दिक ने बैटिंग, बॉलिंग के साथ फील्डिंग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।

**अक्षर पटेलः** सेमीफाइनल के प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर टूर्नामेंट में भारत के सेकेंड बेस्ट ऑलराउंडर और सेकेंड बेस्ट स्पिनर साबित हुए।

**शिवम दुबेः** अमेरिका के खिलाफ दुबे को एक ओवर गेंदबाजी का मौका मिला, इसमें उन्होंने 11 रन दिए। इसके अलावा उन्होंने टूर्नामेंट में कोई ओवर नहीं फेंका। हालांकि, बांग्लादेश (34), अमेरिका (31*) और ऑस्ट्रेलिया (28) और साउथ अफ्रीका के खिलाफ (27) उन्होंने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं।



विश्वकप टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच गंवाए ट्रॉफी तक पहुंचने के सफर का भारतीय टीम ने कुछ ऐसे जश्न मनाया जो सालों तक लोगों के दिलों पर राज करेगा। ● एजेंसी

### मेरे लिए जिंदगी भर की यादें, पर मैं विरासत, भारमुक्ति में भरोसा नहीं करता : द्रविड़



ब्रिजटाउन। आम तौर पर शांतचित्त रहने वाले राहुल द्रविड़ टी-20 विश्व कप जीतने के बाद बच्चों की तरह उछलते नजर आए और बतौर खिलाड़ी जो ट्रॉफी नहीं जीत सके, उसे कोच के तौर पर दिलाने के लिये उन्होंने अपनी टीम को धन्यवाद दिया। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने रोमांचक फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर आईसीसी खिताब के लिए 11 साल का इंतजार खत्म किया। द्रविड़ ने जीत के बाद कहा पिछले कुछ घंटों में मेरे पास शब्द नहीं है। मुझे इस टीम पर गर्व है, जिस तरह से कठिन परिस्थितियों में टीम ने संघर्ष किया। पहले छह ओवर में तीन विकेट गंवाने के बाद इस तरह की जीत दर्ज करना बताता है कि यह टीम जुझारूपन छोड़ने वाली नहीं है। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं इतना खुशकिस्मत नहीं रहा कि विश्व कप जीत सकूं। मैंने खेलने के दिनों में अपनी ओर से पूरी कोशिश की लेकिन खेल में यह सब होता है। द्रविड़ के लिए यह जीत एक तरह से भार मुक्ति की तरह भी रही जिनकी कप्तानी में 2007 वनडे विश्व कप में टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी। द्रविड़ ने हालांकि कहा कि वह इस तरह के शब्दों में विश्वास नहीं करते। पहली बात तो यह कि यह कोई भार मुक्ति नहीं है। मैं इस तरह की बातें नहीं सोचता।

### विश्वकप की जीत से संन्यास तक एक साथ रोहित-विराट



नई दिल्ली। जीत के जश्न में गले मिलते, हार के दुख में एक दूसरे के आंसू पोछते, क्रीज पर एक दूसरे की उपलब्धि को सराहते विराट कोहली और रोहित शर्मा फिल्म शोले के जय और वीरू की तरह हमेशा एक दूसरे के साथ खड़े नजर आए और अब दोनों ने टी-20 क्रिकेट से विदा भी साथ में ली। जीत के बाद कंधे पर तिरंगा लपेटे या एक दूसरे के गले लगकर रोते दोनों की तस्वीरें 140 करोड़ भारतीयों के दिल में घर कर गई। दोनों की शख्सियत में कोई समानता नहीं। एक आग है तो दूसरा पानी। एक 'वड़ा पाव' खाने वाला ठेठ मुंबइया तो दूसरा 'छोले भटूरे' का शौकीन दिल्ली वाला लेकिन फिर भी पिछले 15 साल से दोनों एक दूसरे के पूरक रहे हैं। दुख में, खुशी में, जीत में और हार में। वेस्टइंडीज में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित मैदान पर लेट गए, आंखें आंसुओं से भीगी थीं।

### रविंद्र जडेजा ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय को कहा अलविदा

ब्रिजटाउन। भारत के अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने भी विश्व कप जीतने के बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा की तरह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फील्डरों में शुमार जडेजा ने कहा कि वह टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। 35 वर्षीय जडेजा ने इंस्टाग्राम पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अपनी तस्वीर डालकर लिखा मैं पूरी कृतज्ञता के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले रहा हूं। मैंने हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देश को दिया है और बाकी प्रारूपों में आगे भी देता रहूंगा। टी-20 विश्व कप जीतना सपना सच होने जैसा था। यादों, हौसलाअफजाई के लिये धन्यवाद। जय हिंद।

### सूर्यकुमार को जय शाह से मिला सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार

ब्रिजटाउन। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा भेड़ियों के झुंड से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा, दिलीप सर, मुझे यह मौका देने और जय (शाह) सर से यह पदक लेने के लिए आपका धन्यवाद।



### टी-20 विश्वकप चैंपियन भारतीय टीम को मिले 20.36 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी-20 विश्वकप चैंपियन बनी भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम को पुरस्कार स्वरूप 20.36 करोड़ रुपये मिले। इस बार टूर्नामेंट शुरु होने से पहले आईसीसी रिकार्ड पुरस्कार राशि का बजट 93.51 करोड़ रुपये रखा था। उसी के अनुसार फाइनल में जीतने वाली भारतीय टीम को 20.36 करोड़ रूपये की राशि दी गई है। वहीं फाइनल में हारने वाली टीम दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपये से संतोष करना पड़ा। इस बार टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 20 टीमों ने भाग लिया था। सेमीफाइनल खेलकर बाहर होने वाली टीमों को 6.54 करोड़ रुपये। इनमें अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीमें शामिल हैं। दूसरे दौर यानी सुपर-8 को पार करने में नाकाम रहने वाली टीमों को 3.17 करोड़ रुपये तथा नौ से 12वें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2.05 करोड़ रुपये तथा 13 से 20वें स्थान पर रहने वाली हर एक टीम को 1.87 करोड़ रुपये मिले। इसके अलावा हर एक टीम को टूर्नामेंट में जीतने वाले मैच पर अतिरिक्त 25.89 लाख रुपये दिए गए है।

### जय शाह ने टीम के लिए 125 करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की

नई दिल्ली। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने टी-20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत की सराहना करते हुए रविवार को टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। शाह ने कहा, ''रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व में इस टीम ने शानदार दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया है जो आईसीसी टी-20 विश्व कप के इतिहास में एक भी मैच गंवाए बिना टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली टीम बन गई है। खिलाड़ियों ने आलोचकों का सामना किया और बार बार शानदार प्रदर्शन से उन्हें चुप कराया। खिलाड़ियों का सफर प्रेरणादायक रहा है और आज वे महान खिलाड़ियों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, मुझे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 जीतने के लिए टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस टीम ने अपने समर्पण, कड़ी मेहनत और अदम्य जज्बे से सभी को गौरवान्वित किया है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में और विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और अन्य खिलाड़ियों की मदद से उन्होंने 1.4 अरब भारतीयों के सपनों और उम्मीदों को पूरा किया है।



लंबे समय बाद शानदार जीत। पहले मैं कहता था कि भारतीय टीम 90 पर आउट हो जा रही है, शतक नहीं बना पा रही क्योंकि सेमीफाइनल, फाइनल में हार रही थी। अब शतक बनाया है और शानदार शतक।

**-सुनील गावस्कर,** पूर्व भारतीय खिलाड़ी



देश को चौथा सितारा मिल गया है (1983, 2007, 2011 विश्व कप के बाद)। टीम इंडिया की जर्सी पर लगने वाला हर स्टार देश के बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में अगला कदम बढ़ाने की प्रेरणा देगा। भारत को चौथा स्टार मिल गया। हमारा दूसरा टी-20 विश्व कप। वेस्टइंडीज में भारतीय क्रिकेट के लिए जीवन चक्र पूरा हुआ। 2007 वनडे विश्व कप में पहले दौर में हारने से अब 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने तक। रोहित शर्मा के बारे में क्या कहूं। बेहतरीन कप्तानी। जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच। दोनों इसके हकदार थे जिन्होंने जरूरत के समय शानदार प्रदर्शन किया।

**सचिन तेंदुलकर,** पूर्व भारतीय खिलाड़ी



विश्व कप चैंपियन 2024। मेरी दिल की धड़कनें तेज हो गई थी। शांतिचित्त होकर, आत्मविश्वास बनाए रखकर शानदार प्रदर्शन किया। देश में और दुनिया भर में सभी भारतीयों की ओर से विश्व कप घर लाने की बधाई। जन्मदिन के शानदार उपहार के लिये धन्यवाद।

**-महेंद्र सिंह धोनी,** पूर्व भारतीय कप्तान



रोहित शर्मा और टीम को बधाई। क्या शानदार जीत। बुमराह का शानदार प्रदर्शन। विराट, अक्षर, हार्दिक सभी ने अच्छा खेला। राहुल द्रविड़ और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

**-सौरव गांगुली,** पूर्व भारतीय खिलाड़ी



आखिर तुमने कर दिखाया। हार्दिक पंड्या तुम हीरो हो। जसप्रीत बुमराह एक ओवर में भारत को मैच में लौटाया। रोहित शर्मा के लिए बहुत खुश हूं। दबाव में शानदार कप्तान। कोहली, द्रविड़ और पूरी टीम को बधाई। सूर्या ने क्या कैच लपका।

**-युवराज सिंह,** पूर्व भारतीय खिलाड़ी



टीम इंडिया को टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर बधाई। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ और अजेय टीम। पांच ओवर बाकी रहते जो हालात थे, उसके बाद इस तरह का शानदार प्रदर्शन। हर खिलाड़ी बधाई का पात्र है।

**-वीवीएस लक्ष्मण,** प्रमुख, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी



विश्व कप जीत के साथ संन्यास लिया जो शायद किसी भी लिखी गई स्क्रिप्ट से बेहतर था। दोनों खिलाड़ी शानदार हैं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और मैं उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मुझे यकीन है कि वे देश और टीम के लिए योगदान देते रहेंगे।

**-गौतम गंभीर,** पूर्व भारतीय खिलाड़ी

## एक नजर

### प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया गुकेश ने अलीरजा से ड्रॉ खेला

बुकारेस्ट (रोमानिया)। जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढत हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

### पूर्व भारतीय मिड फील्डर भूपिंदर सिंह रावत का निधन

सूरत। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बताया कि 1969 में मलेशिया में मर्डेका कप में खेलने वाले पूर्व भारतीय मिडफील्डर भूपिंदर सिंह रावत का संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। रावत अपनी फुर्ती और छोटे कद के बावजूद प्रतिद्वंद्वी डिफेंस को भेदने की क्षमता के कारण दर्शकों के चहेते थे जिससे वे उन्हें स्कूटर के नाम से पुकारते थे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा भूपिंदर सिंह रावत शानदार विंगर और शानदार गोल स्कोरर थे जिन्होंने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं दुख की इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### टेस्ट श्रृंखला के लिए बेयरस्टो फोक्स और लीच को किया बाहर

लंदन। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले अपनी टेस्ट टीम से जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और जैक लीच को बाहर कर दिया। पहले दो टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम में इंग्लैंड ने तीन 'अनकैप्ड' (जिसने कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को शामिल किया है जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और डिलन पेनिंगटन शामिल हैं। लीच की जगह युवा स्पिनर शोएब बशीर को शामिल किया गया है। जेम्स एंडरसन को चुना गया है लेकिन यह 41 वर्षीय तेज गेंदबाज संन्यास लेने से पहले 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ही खेलेगा।

# मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने ओलंपिक दल का किया उत्साहवर्द्धन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जन लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में रविवार को 26 जुलाई से शुरु होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय ओलंपिक दल का उत्साहवर्द्धन करते हुए शुभकामनाएं दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा मेरे प्यारे देशवासियो, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूँ। हम सबके मन में टोक्यों ओलंपिक की यादें अब ताजा हैं।



आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए औपचारिक पोशाक और खेल किट के लॉन्च के दौरान एथलीटों के साथ केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और आईओए प्रमुख पीटी उषा। ● एजेंसी

उन्होंने कहा साथियों, पेरिस ओलंपिक में आपको कुछ चीजें पहली बार देखने को मिलेंगी। निशानेबाजी में हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर सामने आ रही है। टेबल टेनिस में पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वालीफाइ कर चुकी हैं। भारतीय शॉटगन टीम में हमारी निशानेबाज बेटियाँ भी शामिल हैं। इस बार हमारा हैशटैग चीयर 4 भारत है। इस हैशटैग के जरिए हमें अपने खिलाड़ियों को चीयर करना है... उनका उत्साह बढ़ाते रहना है। तो गति को बनाए रखिए... आपका ये गति.भारत का जादू, दुनिया को दिखाने में मदद करेगा।

### गलतियों को सुधार कर ओलंपिक में बेहतर खेल दिखाऊंगा : साबले

पंचकुला (हरियाणा)। भारतीय 3000 मीटर स्टीपलचेस धावक अविनाश साबले ने वादा किया कि वह अतीत की गलतियों से सीख कर आगामी पेरिस ओलंपिक में यादगार प्रदर्शन करेंगे। साबले घरेलू स्तर पर बड़े नाम है लेकिन वह वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिभा के साथ न्याय नहीं कर सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ मिनट 11.20 सेकंड है। साबले ने 2015 में दौड़ना शुरू किया है और राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करने के बाद कई बार उसमें सुधार किया है। 2023 में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक भी जीता है। पेरिस ओलंपिक में उनके पास खुद को साबित करने का एक और मौका होगा। साबले सितंबर में 30 साल के हो जाएंगे और ऐसे में यह उनका आखिरी ओलंपिक भी हो सकता है। साबले ने कहा मैंने पिछले दो वर्षों में गलतियां की हैं।

# अर्जेंटीना ने मेस्सी के बिना पेरू को हराया



कोपा अमेरिका

गार्डन्स। लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेस्सी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेस्सी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

### कनाडा कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में

ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।

### यूरो 2024: जर्मनी क्वार्टर फाइनल में

डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मनी टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।

# फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका ने पकड़ मजबूत की

चेन्नई, एजेंसी

सुने लुस (109) की शतकीय और कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) रनों की पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 337 रनों से पिछड़ने के बाद तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 232 रन कर मुकाबले पर अपनी पकड़ बना ली हैं। फॉलोऑन खेल रही दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही अन्नेका बोश (9) का विकेट गवां कर संकट में फंस गयी थी। ऐसे समय में सुने लुस और कप्तान लॉरा वुलफार्ट ने पारी को संभाला। दूसरे विकेट के रूप में सुने लुस 109 रन बनाकर आउट हुईं।

दिन का खेल समाप्त होने तक दखिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 232 रन बना लिए है हालांकि वह अभी 105 रन पीछे है। कप्तान लॉरा वुलफार्ट नाबाद (93) और मैरिजान कप्प (15) रन बनाकर क्रीज पर है। भारत की ओर से दूसरी पारी में दीप्त शर्मा और हरमीत कौर ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिये मुफीद चेपॉक की सपाट पिच मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 236 रनों के कल के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। खेल समाप्त होने के समय मैरिजान कप्प (69) और नडीन डी क्लर्क ने (27) ने पारी को आगे बढ़ाया। स्नेहा राणा ने शुरुआत स्पैल में मैरिजान कप्प (74) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीका की टीम मात्र 30 रन जोड़कर ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। नडीन डी क्लर्क (39), जाफ्टा (शून्य), अनरी डर्कसन (5), क्लास (1) और म्लाबा (2) रन बनाकर आउट हुई और पूरी टीम 266 रनों पर सिमट गई। भारत को पहली पारी में बनाए गए (छह विकेट पर 603 पारी घोषित) के स्कोर के आधार पर 337 रनों की बढ़त मिली है। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 25.3 में 77 रन पर आठ विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को 21 ओवर में 47 रन देकर दो विकेट मिले।



### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी :** 603/6 पर पारी घोषित, सैफाली 205, स्मृति मंधाना 149, जेमिमा 55, हरमनप्रीत 69, रिचा 86। **विकेट :** डेल्मी ट्रकर 2, क्लार्क 1, म्लाबा 1।

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी :** 266/10 मैरिजान कप्प 74, सुने लुस 65, क्लर्क 39। **विकेट :** स्नेहा राणा 8, दीप्ति 2।

**दक्षिण अफ्रीका (फॉलऑन) : 232/2।** सुने लुस 109, लॉरा 93 नाबाद, मैरिजान 15 नाबाद। **विकेट :** हरमनप्रीत 1, दीप्ति 1।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

